

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 126 | रांची, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 (चैत्र शुक्ल 11, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

संक्षिप्त

तुर्किए में 5.6 तीव्रता का आया भूकंप, कोई हताहत नहीं

अंकारा। तुर्किए में गुरुवार को 5.6 तीव्रता के भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, राजधानी अंकारा से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में स्थित टोकाट प्रांत के सुलुसराय शहर में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कुछ इमारतें जमींदोज हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। किसी के हताहत होने के बारे में अभी तक कोई सूचना नहीं है। तीन सप्ताह पहले शक्तिशाली भूकंप से तुर्किये-सीरिया क्षेत्र में भीषण तबाही हुई थी।

चरणप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले के मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार चरणप्रीत सिंह को 23 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। आज चरणप्रीत सिंह की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया था। पेशी के बाद ईडी ने कोर्ट से कहा कि फिलहाल उसे चरणप्रीत से पूछताछ की जरूरत नहीं है, उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाए। ईडी ने चरणप्रीत को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने 13 अप्रैल को चरणप्रीत को आज तक की ईडी में हिरासत में भेजा था। शेष पेज 08 पर

इस्राइल से तनाव के बीच ईरान के ड्रोन कार्यक्रम पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। ईरान द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद से पश्चिमी एशिया में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान के सैन्य ड्रोन कार्यक्रम पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा कर दी है। दरअसल ईरान द्वारा कुछ दिन पहले इस्राइल पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया गया था। शेष पेज 08 पर

मुकुल रॉय अस्वस्थ अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्य रहे मुकुल रॉय लोकसभा चुनाव से पहले बीमार पड़ गए हैं। उनके बेटे शुभ्रांशु रॉय ने बताया कि उनके पिता की तबीयत कुछ दिनों से ठीक नहीं चल रही थी। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मैंने दोपहर में डॉक्टरों से बात की। उनकी हालत पहले से बेहतर है।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज

- यूपी-बिहार समेत 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर होगी वोटिंग

एजेंसियां, नई दिल्ली

इंतजार खत्म हुआ। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान कल यानी शुक्रवार (19 अप्रैल) को होने जा रहा है। इस चरण में वोटिंग यूपी-बिहार समेत 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर होने जा रही है। इसमें राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, असम और महाराष्ट्र में 5, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर तथा छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान होना है। इसके अलावा तमिलनाडु (39), मेघालय की (2), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), अंडमान निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) की सभी लोकसभा सीट पर मतदान होगा।

सुबह 7 बजे से शुरू होगी वोटिंग : इन सीटों पर अब किसी तरह की रैली और चुनावी सभाओं के आयोजन की इजाजत नहीं होगी। हालांकि प्रत्याशियों को इस दौरान बगैर किसी तामझाम के घर-घर जाकर अपना प्रचार करने की अनुमति रहेगी। शेष पेज 08 पर

सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में चुनाव की अधिसूचना जारी, 13 मई को होगा मतदान

रांची। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में पहले चरण की चार संसदीय सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में चुनाव के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ इन सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। हालांकि, पहले दिन किसी भी सीट पर कोई नामांकन नहीं हुआ। जिन चार सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी हुई है, उनमें तीन सीटें सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा एसटी के लिए आरक्षित हैं, जबकि पलामू एससी के लिए आरक्षित है। चुनाव आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार, इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी। वहीं, 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। इन चारों सीटों पर 13 मई को मतदान होना है। राज्य के लगभग एक चौथाई (25.07 प्रतिशत) मतदाता इस पहले चरण की सीटों पर मतदान करेंगे। इस चरण में कुल 64,37,460 मतदाता वोट देंगे। इनमें 32,29,480 पुरुष मतदाता, 32,07,938 महिला तथा 42 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। चुनाव में बनाए गए कुल मतदान केंद्रों में 25.72 मतदान केंद्र इन संसदीय क्षेत्रों में हैं।

बताते चलें कि, एनडीए तथा आइएनडीआइए ने इन चार सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। सिंहभूम में भाजपा ने गीता कोड़ा तथा झामुमो ने जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, खूंटी में एक बार फिर अर्जुन मुंडा (भाजपा), और कालीचरण मुंडा (कांग्रेस) आमने-सामने होंगे। लोहरदगा में भाजपा ने समीर उरांव एवं कांग्रेस ने सुखदेव भगत तथा पलामू में भाजपा ने वीडी राम तथा राजद ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।

यह भी जानें

- चार सीटों में सिंहभूम, खूंटी तथा लोहरदगा में पुरुषों से अधिक महिला मतदाता हैं। सिर्फ पलामू में पुरुष मतदाता अधिक हैं।
- खूंटी क्षेत्रफल के हिसाब से राज्य का दूसरा सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है। यह 8,799 वर्ग किमी में फैला है।
- मतदाताओं की संख्या के लिहाज से झारखंड के तीन सबसे छोटे संसदीय क्षेत्रों खूंटी (13,20,808 मतदाता), लोहरदगा (14,36,351 मतदाता) तथा सिंहभूम (14,41,841 मतदाता) में इस पहले चरण में चुनाव होगा।

पूर्व सीएम हेमंत की मुश्किलें और बढ़ीं

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा और बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस मामले में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश समेत 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

वहीं, अब तक 51 छापेमारी व नौ सर्वे में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर करते हुए ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की और बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। पूरे अनुसंधान के दौरान ईडी ने 266 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को भी अस्थाई रूप से जब्त किया है।

गुरुवार को जारी प्रेस बयान में ईडी ने जमीन घोटाले में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी है। ईडी ने बताया है कि जमीन घोटाले के इस मामले में अब तक तीन चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।

जमीन घोटाले की जांच में सामने आए तथ्यों, खुलासों से संबंधित अलग-अलग 14 बार राज्य सरकार को जानकारी दी जा चुकी है और उन्हें भारतीय दंड विधि से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने, कानूनी कार्रवाई करने की अनुशंसा की जा चुकी है। पूरे मामले की जांच जारी है।

गिरफ्तार जेएमएम नेता समेत चार आरोपी 22 अप्रैल तक रिमांड पर : ईडी ने जमीन घोटाले में दो दिन पहले गिरफ्तार झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय व इरशाद अंसारी के लिए कोर्ट से सात दिनों की रिमांड मांगी थी। पीएमएलए की विशेष अदालत ने ईडी को पांच दिनों तक पूछताछ की अनुमति दी। अब ईडी इनसे 22 अप्रैल तक रिमांड पर पूछताछ करेगी।

इसके अतिरिक्त गत नौ अप्रैल को गिरफ्तार उनका सहयोगी सद्दाम हुसैन 20 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर है। एक अन्य सहयोगी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान भी 22 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर है। इस तरह जमीन घोटाले में कुल छह आरोपित ईडी की रिमांड पर हैं, जिनसे ईडी पूछताछ कर रही है। इन सभी आरोपियों पर जमीन के मूल दस्तावेज में हेराफेरी, छेड़छाड़ करने, जालसाजी करने, सीएनटी एक्ट से संबंधित प्रतिबंधित श्रेणी की जमीन की प्रकृति बदलकर गलत तरीके से उसकी खरीद-बिक्री करने का आरोप है। शेष पेज 08 पर

जमीन घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

बैंक अकाउंट फ्रीज और 1.25 करोड़ कैश जब्त

जेएमएम नेता अंतु तिर्की समेत चार आरोपी पांच दिनों के ईडी रिमांड पर

रांची। रांची स्थित स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने जमीन घोटाले में गिरफ्तार किए गए झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत चार अभियुक्तों से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिन के ईडी रिमांड की मंजूरी दी है। ईडी ने मंगलवार को इन अभियुक्तों के ठिकानों पर छापेमारी और तलाशी ली थी और देर रात उन्हें गिरफ्तार किया था। इससे पहले बुधवार को अदालत में पेशी के बाद चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

ईडी की ओर से सात दिनों की मांगी गई थी रिमांड : गुरुवार को ईडी ने अदालत में दरख्वास्त देकर इन अभियुक्तों से पूछताछ के लिए सात दिन के रिमांड की मांग की। इसपर बहस के बाद अदालत ने अंतु तिर्की के अलावा प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद की पांच दिनों की रिमांड मंजूर की।

ईडी का दावा-आरोपियों के खिलाफ मिले कई साक्ष्य : इन सभी के ठिकानों पर छापेमारी में ईडी को कई दस्तावेज और साक्ष्य हाथ लगे हैं। एजेंसी ने अदालत को बताया कि जमीन घोटाले की जांच के दौरान लगातार साक्ष्य मिले हैं और यह मामला बड़ा हो गया है।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन डेढ़ दर्जन से ज्यादा की गिरफ्तारी : जमीन घोटाले के इसी मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित डेढ़ दर्जन से भी ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी

रांची। बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि ईडी कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह तक बढ़ा दी है। अगली पेशी दो मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जाएगी। जानकारी हो कि, प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार किया था। अगले दिन 1 फरवरी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया था, तब से वह जेल में हैं।

आप नेता अमानतुल्लाह खान को ईडी ने किया गिरफ्तार

- वक्फ बोर्ड नियुक्ति घोटाले के आरोप में हुई गिरफ्तारी

एजेंसियां, नई दिल्ली

आप नेता अमानतुल्लाह खान को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वक्फ बोर्ड नियुक्ति घोटाले के आरोप में की गयी है। 9 घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें अरेस्ट किया गया है। ईडी का दावा है कि उनके पास आप नेता के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। संजय सिंह, अमानतुल्लाह खान के घर पहुंच चुके हैं, उनकी पत्नी से मुलाकात भी की है।

आपको बता दें कि, वक्फ बोर्ड में 32 लोगों की अवैध तरीके से नियुक्ति का मामला अब पुराना हो चुका है। पहले भी आप नेता पर इसी मामले को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। इसके अलावा कई दूसरे मामलों में भी शिकायत दर्ज की जा चुकी है। अब इस मामले में तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अमानतुल्लाह खान ईडी के सामने पेश हुए और उनसे लंबी पूछताछ चली। 9 घंटे तक सवाल-जवाब किए गए, कई पहलुओं को समझने का प्रयास हुआ और उसके बाद उनकी गिरफ्तारी हो गई।

संजय सिंह ने अमानतुल्ला की गिरफ्तारी पर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ऑपरेशन लोटस में पूरी तरह जुट गई है। मंत्रियों-विधायकों पर फर्जी मामले बनाकर उनको गिरफ्तार किया जा रहा है।

बीजेपी ने इस मुद्दे को भी तुरंत लपक लिया है और आम आदमी पार्टी पर हमला बोल दिया है। वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि अमानतुल्लाह खान ने केवल आर्थिक भ्रष्टाचार ही नहीं किया, बल्कि धार्मिक वक्फ की सम्पति एवं फंड में गोलमाल कर साधारण मुस्लिम जनों को भी धोखा दिया है।

एक लम्बी जांच के बाद विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी से न्याय का तकाज़ा पूरा हुआ है। अमानतुल्लाह खान ने वक्फ बोर्ड में नौकरी देने के लिए पैसे लेने से लेकर साधारण मुस्लिम जनों की अमानत वक्फ बोर्ड की किरायेदारी या कबजेदारी बदलने के नाम पर भी करोड़ों का गबन किया है, जिसके लिए देश का कानून और मुस्लिम समाज दोनों कभी उन्हें माफ नहीं करेंगे।

न्यायालय में सुनवाई के दौरान ईडी ने किया दावा

'तिहाड़ में रोज आलू-पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे केजरीवाल, ताकि मिल जाए मेडिकल बेल

एजेंसियां, नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। इस बीच दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि वह मेडिकल आधार पर जमानत लेने के लिए जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। कोर्ट के समक्ष ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डाइबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। वह ऐसा जानबूझकर रहे हैं। ये एक तरह से मेडिकल के आधार पर जमानत लेने का तरीका है। ईडी ने कहा कि अदालत ने उन्हें घर का खाना खाने की मंजूरी दी है। जेल डीजी ने हमें केजरीवाल की डाइट भेजी है। उन्हें बीपी की समस्या है। लेकिन देखिए, वे क्या खा रहे हैं- आलू पूड़ी, केला, आम और हद से ज्यादा मीठी चीजें। शेष पेज 08 पर

शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख की संपत्ति जब्त

- मनरेगा घोटाले में ईडी ने दो इंजीनियरों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई
- पूजा सिंघल समेत अन्य आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

प्रातः नागपुर संवाददाता, रांची

ईडी की जोनल कार्यालय रांची ने गुरुवार को झारखंड के बहुचर्चित मनरेगा घोटाला मामले में दो कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियां अस्थाई रूप से जब्त की हैं। इस मामले में जब्ती की यह चौथी कार्रवाई है। इस मामले में ईडी ने अब तक स्थाई व अस्थाई रूप से कुल 106.86 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। पूरा मामला झारखंड के खूंटी जिले में 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले से संबंधित है।

इसमें झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में झारखंड पुलिस ने जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें पता चला था कि जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (अब दिवंगत), कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश व जय किशोर चौधरी भी मनरेगा के 18.06 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे।

पहले भी हो चुकी संपत्ति जब्त : ईडी ने छह मई 2022 को पीएमएलए अधिनियम में दर्ज प्रविधानों के तहत सभी इंजीनियरों से संबंधित परिसरों और खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त आइएएस पूजा सिंघल से संबंधित परिसरों की तलाशी ली थी। इस छापेमारी में ईडी को तब 19.58 करोड़ रुपये नकदी मिले थे, जिसे ईडी ने जब्त किया था।

इसके अलावा इस मामले में तीन लोगों राम विनोद प्रसाद सिन्हा, पूजा सिंघल और सीए सुमन कुमार को गिरफ्तार किया गया था। शेष पेज 08 पर

गिरफ्तार पूजा सिंघल हैं रिम्स में इलाजरत

मनरेगा घोटाले में मई 2022 में गिरफ्तार तत्कालीन खान एवं भूतत्व विभाग की सचिव पूजा सिंघल गिरफ्तारी के बाद कुछ दिन ही रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में रहीं। वे न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें इलाज के सिलसिले में रिम्स में भर्ती कराया गया था। तब से वह रिम्स में हीं इलाजरत हैं।

सीसीएल 2026 तक लगाएगा 425 मेगावाट सोलर पावर प्लांट

- इको फ्रेंडली और सस्टेनेबल माइनिंग के लिए प्रतिबद्ध कंपनी

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा के लिए संकल्पित है। कंपनी ने हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए निर्धारित 84 मिलियन टन के वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार कर 86.01 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है।

आठ जिलों में खनन : झारखंड के आठ जिलों में फैले कंपनी के खनन क्षेत्र में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खनन तरीकों पर जोर दिया जा रहा है। कंपनी विभिन्न आधुनिक तकनीकों एवं नवाचार का इस्तेमाल कर न कार्बन उत्सर्जन में कमी ला रही है। संसाधन और ऊर्जा की बचत भी कर रही है। कंपनी का उद्देश्य पर्यावरण और सामुदायिक विकास के लिए खनन को एक साधन के रूप में उपयोग करना है।

हेवी मशीनों का प्रयोग : सीसीएल में हेवी मशीनों का उपयोग कर उत्पादन क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। कंपनी कार्बन उत्सर्जन में भी भारी कमी लाने का सार्थक और सफल प्रयास कर रही है। इसमें सरफेस माइनर, ड्रैगलाइन इत्यादि मशीनें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरफेस माइनर के प्रयोग से ब्लास्टिंग, क्रशिंग इत्यादि की आवश्यकता नहीं रहती। इससे पर्यावरण पर बुरे प्रभाव में कमी आती है।

कॉल हैंडलिंग प्लांट : फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे सीसीएल की कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाया जाता है। इसके फलस्वरूप कोयला को देश भर में ताप विद्युत संयंत्रों और अन्य उपभोक्ताओं तक आसानी से कम समय में पहुंचाने में मदद मिलती है। पूर्व में इन खानों से कोयला टिपर द्वारा सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है। इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, कोयला भंडारण बंकर और कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। इस प्लांट के आरंभ हो जाने से सड़क मार्ग से कोयले का यातायात कम होगा। इससे धूल जनित प्रदूषण न्यून हो जायेगा।

मोबाइल स्प्रिंकलर: खनन क्षेत्रों में कंपनी धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए मोबाइल स्प्रिंकलर का उपयोग कर रही है। लगभग सभी खुली खदानों में बड़ी क्षमता वाले मोबाइल स्प्रिंकलर हैं। 28 किलोलीटर क्षमता के 61 मोबाइल स्प्रिंकलर तैनात किए गए हैं। शेष पेज 08 पर

शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय ने बिटकॉइन पोंजी घोटाले में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इस संपत्ति में उनका जुहू स्थित फ्लैट भी है, जो शिल्पा के नाम पर है। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) एक्ट 2002 के प्रावधानों के तहत ये कार्रवाई की है। शेष पेज 08 पर

उलगुलान महारैली की सफलता के लेकर बैठक में बोले सीएम

रैली में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को करेंगे उजागर

प्रतिनिधि, रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान न्याय महारैली की सफलता को लेकर गठबंधन दल के नेताओं के साथ गुरुवार को बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रैली केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों एवं मूलवासियों पर हो रहे अत्याचारों और उन्हें जल- जंगल-जमीन से दूर करने की साजिश का पर्दाफाश करेगी। विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के खिलाफ एजेंसियों के इस्तेमाल और झूठे आरोपों द्वारा उन्हें बदनाम करने की रणनीति को देश समझ चुका है और आगामी चुनावों में जनता उन्हें जवाब देगी। शेष पेज 08 पर

संक्षिप्त

रिश्वत मामले में यूडीसी क्लर्क को तीन साल की सजा

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को रिश्वत लेने के आरोपित रामगढ़ के रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। सीबीआई टीम ने 5 मार्च 2020 को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था। नोनिया ने सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि और इन्क्रिमेंट के एरियर बनाने एवं भुगतान कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इस मामले में सीबीआई ने सिंगराई मुंडा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से आठ गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

शिव शिष्य परिवार ने की राम भक्तों की सेवा

ओरमांझी। प्रखण्ड क्षेत्र के ओरमांझी बाजार टांड़ मेला में शिव शिष्य परिवार द्वारा पानी, चना,कोल्डड्रिंक का विशेष व्यवस्था किया गया। चुटूपालु शिव शिष्य परिवार गुरगाई ओरमांझी के सचिव अर्चित आनन्द के सौजन्य से उप मुखिया सह भाजपा नेता संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व मेला मैदान परिसर में आयें हुए लोगों के बीच चना,पानी,कोल्डड्रिंक का वितरण महिला शक्ति के सहयोग से किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, मुखिया दीपक बडाईक, पंचायत समिति सदस्य ललीता देवी, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुण्डा,दीपा चौरसिया,अनिता देवी, मनी देवी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता,किरन देवी, रीता देवी, पुनम गुप्ता, पुष्पांजलि देवी, अनीता कुमारी,कविता चौधरी, रीना देवी, जितेन्द्र महतो आनन्द मुण्डा नीरज नायक सतीश बडाईक आनन्द महतो शशी मेहता विक्रांत तिवारी नीरज सोनी मनोज महतो मनोज गुप्ता आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।बताते चलें पिछले दस सालों से इस तरह से वितरण किया जाता रहा है इसके अलावा अन्य कई समाज सेवीओ सेवियों द्वारा भी वितरण किया जाता रहा है। शिव शिष्य परिवार द्वारा ओरमांझी के मेला मैदान परिसर में लगाया सेवा शिविर में परिवार के लोग उपस्थित थे।

श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड हेरिटेज डे

भुरकुंडा। श्री अग्रसेन स्कूल में गुरुवार को वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हेरिटेज डे मनाने के महत्व से अवगत कराया गया। उनके बीच हेरिटेज पर आधारित पेंटिंग, भाषण और क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक एकेडमिक एसके चैधरी ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर उसकी अमूल्य संस्कृति होती है। किसी भी देश की पहचान, उसकी सभ्यता की जानकारी इन्हीं धरोहरों से पता चलती है। हेरिटेज डे मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। उन्होंने कहा कि विरासत अतीत का खजाना है। आनेवाली पीढ़ी के लिए इसका संरक्षण करना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। अपनी ऐतिहासिक इमारतों, संस्कृति, धरोहरों और स्मारकों की खूबसूरती को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। क्योंकि ये इमारतें या धरोहर हमें हजारों वर्ष पहले के इतिहास की झलक दिखाती हैं। इन्हें बचाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को इनके महत्व के बारे में बता सकते हैं। शिक्षिका साधना सिन्हा ने कहा कि आज ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण धरोहरों को कई तरह से नुकसान पहुंच रहा है।

खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

संवाददाता

खूंटी। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक उम्मीदार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 27 और 28 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 29 अप्रैल को प्रत्यशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन के लिए उम्मीदवार को 12500 सुरक्षित राशि जमा करनी पड़ेगी। नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार को एक प्रस्तावक और स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए दस प्रस्तावकों का होना जरूरी है। यह जानकारी जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी मौजूद थे। एपायुक्त ने बताया कि नामांकन पत्र भरने में प्रत्याशियों की सुविधा के लिए प्रशाासन द्वारा हेल्प डेस्क बनाया गया है। नामांकन के सबंध में डीसी और एसपी ने बताया कि समाहरणालय से दो सौ मीटर की दूरी तक किसी उम्मीदवार के साथ तीन गाड़ियों को ही जाने की अनुमति होगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार के साथ जा सकते हैं।

25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

26 पर्दानशीं मतदान केंद्र

जिला निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मुस्लिम बहुल 26 मतदान केंद्रों को पर्दानशीं बूथ के रूप में पहचान की गई है। यहां सभी महिला मतदान कर्मी और अधिकारी ही तैनात होंगे। इन मतदान केंद्रों में पर्दा करनेवाली महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

जिला निवार्ची पदधिकारी ने बताया कि इस बार खूंटी जिले में युवा बूथ भी बनाये गये हैं, जहां सभी मतदान अधिकारी और कर्मचारी 30 वर्ग के होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 115 महिला बूथ बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि तोरपा में एक यूनिक मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां 90 फीसदी मतदाता आदिवासी हैं। उस मतदान केंद्र को जनजातीय परंपरा और संस्कृति को दशार्नेवाली पेंटिंग आदि कराई गई है। डीसी ने बताया कि खूंटी जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या 85 है, जिनमें 52 बुजुर्ग मतदाताओं ने होम वाटिंग की इच्छा जताई है। होम वोटिंग 12 मई को होगी। डीसी ने बताया कि अड़की प्रखंड के बदानी में पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया है। पहले गांव के लोगों को दूसरी जगह मतदान के लिए जाना पड़ता था।

पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

डीसी ने बताया कि खूंटी संसदीरू क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख नौ हजार 677 है। इनमें छह लाख 66 हजार 584 महिला वोटर और छह लाख 43 हजार 87 पुरुष मतदाता हैं। बताया गया कि छह विघानसभा क्षेत्रों में फैले खूटी संसदीय सीट में 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए 1705 मतदान कंद्र बनाये गये हैं। इनमें खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 252 और खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 297 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। खरसावां में 282, तमाड़ में 303, सिमडेगा में 270 और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 301 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। बताया गया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए खूंटी जिले में 549 मतदान केंद्र बनाये गये हैं और 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 110 माइक्रो ऑब्जर्बर, और 659 पीठासीन पदाधिकारी अरैी इतनी ही संख्या में प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं।

रामगढ़ की टीम ने खरसावां को 7 विकेट से किया पराजित

संवाददाता

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर-16 का मैच गुरूवार को छावनी क्रिकेट ग्राउंड में सरायकेला खरसावां बनाम रामगढ़ के बीच खेला गया ।रामगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र आरक्षण करने का निर्णय लिया । सरायकेला खरसावां की टीम ने निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 33.2 ओवर मे 158 रन बनाए और आउट हो गई। टीम के दीपू कुमार यादव ने 27 रन , यश राज ने 23 रन और सौरव सिंह 24 रन बनाये। रामगढ़ की ओर से गेंदबाज देवेश गोयल 7.2 ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किया। सचिन कुमार सिंह 10 ओवर में 36 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रामगढ़ ने 19.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 159 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया। रामगढ़ की ओर से संयम शर्मा ने 40 बॉल मे 55 रन एवं देवेश गोयल 41 बॉल 62 रन का योगदान दिया। सरायकेला खरसावां की ओर से सागर कुमार यादव,तनय एवं धीरज को एक- एक विकेट मिला। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे । जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिन्हा थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ,कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,मानद सचिव अरुण कुमार राय ,सदस्य राजा खान समेत कई लोग उपस्थित थे ।

धूमधाम के साथ मनाया गया मंडा पर्व

रामगढ़। रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मारंगमर्चा पंचायत के सोंढ गाँव में धूमधाम के साथ मंडा पर्व मनाया गया। भोलेनाथ के जयकारे से गूंजा पूरा गांव। इस मंडा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा के युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी ने विधिवत फीता काटकर किया। पियुष चौधरी ने कहा कि भगवान शिव की आराधना का पर्व मंडा हमारी प्राचीन धरोहर और पहचान है। इन्हें सहेजकर रखना हम सबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि मंडा सिर्फ एक त्योहार हीं नहीं, बल्कि लोगों के मिलने जुलने और सामाजिक एकता का मजबूत स्तंभ है। मौके पर मुख्य रूप से युवा आजसू रामगढ़ जिला के सह प्रभारी सुबीन तिवारी,.अनुसूचित जाति महासभा के गोला प्रखंड अध्यक्ष बिशु रजवार, छात्र नेता अरुण कुमार, विजय साव, कृष्णा कुमार, विक्की, विनय नायक, अनिरुद्ध कुशवाहा, नीरज नायक आदि मौजूद थे।

जुलूस में माइक के लिए भिड़ गए दो दल विधायक अंबा के सुरक्षाकर्मी हुए घायल

संवाददाता

रामगढ़ । रामगढ़ जिले के बरकाकाना में बुधवार की रात रामनवमी जुलूस के दौरान माइक को लेकर दो दल आपस में भिड़ गए। झड़प इतनी बढ़ गई की पूजा करने आई बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अंगरक्षक भी घायल हो गए। इसके बाद यह पूरा मामला हाई प्रोफाइल हो गया।

विधायक अंबा प्रसाद ने इसे कार्यकताओं के मान सम्मान के साथ जोड़ा है। उन्होंने कहा है कि जब वे खुदका, अपने अंगरक्षकों का और अपने कार्यकताओं का ध्यान नहीं रखेंगी, तो इस क्षेत्र की जनता का ध्यान कैसे रखेंगी । यह पूरा मामला दल से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर जब वह पहुंची तो थोड़ी देर रुक कर लोगों को शुभकामना देकर दूसरे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना चाह रही थी। लेकिन हर बार उन्हें 10 मिनट रुकने की बात बोलकर घंटों समय बिता दिया गया। इसके बाद वहां से उन्हें बिना शुभकामनाएं दिए ही जाने के लिए बोला गया। इसके पास कुछ कार्यकताओं ने माइक छीन कर विधायक को देने की कोशिश की। इसी दौरान आजसू के कार्यकर्ता विधायक के समर्थकों के साथ मारपीट करने लगे। बीच बाजार करने गए विधायक के अंगरक्षकों को भी पीटा गया।

राम भक्त के रूप में घूम रहे हैं रावण

आजसू कार्यकताओं द्वारा की गई हरकत पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राम भक्त के रूप में यहां रावण सेना सड़क पर घूम रही है। जिन्हें ना तो मयार्दा का ध्यान है और ना ही संस्कृति के बारे में कुछ जानते हैं। जो जनप्रतिनिधि का सम्मान नहीं कर सकते, अतिथि का सत्कार नहीं कर सकते, वे समाज का ध्यान कैसे रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना से पहले भी भुरकुंडा में आजसू के ही एक जिला अध्यक्ष ने उनके साथ ऐसी घटना करने की कोशिश की थी, जिसका परिणाम वे भुगत रहे हैं।

थाने पहुंचीं विधायक, दर्ज कराई शिकायत, एसडीपीओ कर रहे जांच

पूजा स्थल से निकलने के बाद विधायक अंबा प्रसाद सीधे बरकाकाना थाना पहुंची। वहां पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने इस पूरे मामले को देखा और जांच शुरू कर दी। विधायक ने यहां घायल कार्यकताओं और अंगरक्षकों को लगी चोट को दिखाया। साथ ही मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि दो पक्षों के बीच माइक को लेकर झड़प हुई है। वह इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

संवाददाता

चान्हो। चान्हो प्रखंड अंतर्गत वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज परिसर में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कॉग्रेस पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की सम्मिलित हुए इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले दस वर्षों में केवल गरीब दलित आदिवासी युवा बेरोजगारो को छलने का काम किया है ,सिर्फ जुमले बाजी की है सिर्फ झूठे वादे किए आज सभी वर्ग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं इस दौरान आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को सफल बनाने का भी अनुरोध किया साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी मतों से विजय बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को बूथ लेवल से ही प्रयास करने के लिए कहा बताते चलेंकि इस उलगुलान रैलीमें कांग्रेस पार्टी के, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावे प्रदेश स्तर के कांग्रेसी नेता सम्मिलित होंगे, मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इस्तेयाक अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, मोरहा उरांव प्रियंका उरांव चुमनु उरांव, प्रमोद लाल दिनेश राम, के अलावे अन्य मौजूद रहे साथ ही आगामी 30 अप्रैल को चान्हो में आयोजित विशाल जनसभा को की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई इस दौरान गांव से लेकर बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को पहुचाने का निर्देश भी दिए गए ।

रामनवमी मेला में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

भुरकुंडा। रामनवमी के अवसर पर भुरकुंडा रामनवमी मैदान में क्षेत्र की कई समितियों की झांकियों का जुटान हुआ। श्रीश्री रामनवमी मेला और पूजा समिति के निर्णायक मंडली ने आकर्षक झांकी, महावीरी ध्वज, शस्त्र कला प्रदर्शन और अनुशासन वर्ग में प्रथम, द्वीतीय और तृतीय स्थान पर विजेताओं का चयन किया। झांकी में पहले स्थान पर महाबीर मंडल लादी, दूसरे स्थान पर शिवनगर चिकोर और तीसरे स्थान पर अंबेडकर कलब लादी रहा। महावीर ध्वज में चिकोर पहले, पटेलनगर दूसरे और पटेलनगर शीतला माता मंदिर तीसरे स्थान पर रहा। कला प्रदर्शन में मतकमा पहले, कुरसे दूसरे और संकटमोचन मंदिर, भुरकुंडा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं जुलूस के दौरान अनुशासन में महाबीर मंडल लादी पहले, कुरसे दूसरे और देवरिय तीसरे स्थान पर रहा। अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अन्य समितियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडली में सीसीएल के अभियंता जुबिली कॉलेज के प्रो. मनोज कुमार शामिल रहे।

चैती दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

संवाददाता

रामगढ़। कुंदरू कला पंचायत में चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी पर विशाल जुलूस एवं आकर्षक झांकियां प्रदर्शन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में महिला पुरुष राम भक्त शामिल हुए, गांव के विभिन्न टोला में दुर्गा प्रतिमा का भ्रमण कराया गया। इस दौरान ₹जय माता दी₹, जय अंबे जय जगदंबे₹ के जयकारे से पूरा गूंजायमान हुआ, विशाल जुलूस के शक्ल केसरिया ध्वज कर राम भक्त जुलूस में एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज अखाड़े में खेल का प्रदर्शन किया महावीर झंडा और दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन पर आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई जिसे दर्शकों का मन मोह लिया दुर्गा मंदिर से लेकर शिवालय मंदिर तक केसरिया रंग से पट्टा रहा रामनवमी का झंडा लेकर ग्रामीण पंचायत क्षेत्र में भ्रमण किया राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की उद्घोष और भव्य जुलूस प्रदर्शन के साथ समापन किया गया।

चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

संवाददाता

ओरमांझी। चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट ग्रीन गार्डन मैदान बनाचीरा में आईपीएल के तर्ज पर सीपीएन क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथा दिन का करीम 11 चकला बनाम लाल ईरबा के बीच खेला गया। जिसमें करीम 11 चकला ने पहले खेलते हुए 83रन का लक्ष्य लाल ईरबा टीम को दिया। इसके जवाबी पारी में लाल ईरबा ने रोमांचक मैच का प्रदर्शन करते हुए 75 रन पर ऑल आउट हो गई। और करीम 11 चकला ने 9 रनों से जीत दर्ज किया। वहीं करीम 11 चकला के खिलाड़ी आफताब ने अपने बैटिंग एवं बोलिंग का प्रतिभा दिखाकर 18 रन एवं दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रॉयल डीएवी स्कूल के के निदेशक सह झामुमो पार्टी के युवा प्रखण्ड अध्यक्ष साकिर अंसारी व अब्दुल कयूम अंसारी ने संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच दिया। साकिर अंसारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। चकला जैसे छोटे गांव में इन्टरनेशनल आईपीएल मैच के तर्ज पर चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का इतना भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन वाकई में काबिले तारीफ है। खिलाडिों को खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत तो एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसलिए हार से निराश न होकर जीत के लिए मेहनत व लगन के साथ खेले। वहीं हार से व्यक्ति को कभी भी घबराना नहीं चाहिए व जीत का कभी घमंड न करें। यदि आज हार हुई है तो कल जीत भी अवश्य होगी। खेल के मैदान या जीवन में जीतने के लिए बेहतर प्रदर्शन के साथ साथ सही रणनीति , आपसी तालमेल व अनुशासन का बहुत महत्व है।

अगर आप आपस में तालमेल सही रणनीति नही बनाते हैं तो बेहतर प्रदर्शन के बाद भी सफल होना काफी कठिन हो जाता है।

हवन, भंडारा एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ कुरूम में चैती दुर्गा पूजा संपन्न

संवाददाता

रामगढ़। नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में 18 अप्रैल को हवन, भंडारा एवं प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। इस मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने यजमान सीताराम सिंह, अमित कुमार सिंह, पंकज सिंह, बलवंत सिंह, विपुल सिंह, राजा, क्रिश, राजा, आदित्य, ऋतुराज,ओम, हर्शल, तन्मय के हाथों विधि पूर्वक हवन संपन्न करवाया। इसके उपरांत मंदिर में अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें खीर का प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार पहुंचे अपने पैतृक गांव, लिया मां का आशीर्वाद

चैती दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर 18 अप्रैल को तिलैया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार अपने पैतृक गांव कुरूम स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पहुंचे और माता दुर्गा का आशीर्वाद लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि माता दुर्गा सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें।

देर-शाम निकला जुलूस, माता की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

वहीं, 18 अप्रैल की देर-शाम माता की प्रतिमा के साथ भव्य जुलूस का निकला। इस दौरान श्रद्धालु माता दुर्गा की जयकारे के नारा लगाते चल रहे थे जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जुलूस की समाप्ति पर गांव के बड़ा तालाब में माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

ये हुए शामिल

प्रतिमा विसर्जन में मननाराण सिंह, अमरनाथ सिंह, मनोहर सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश सिंह, गणेश सिंह, रमेश सिंह, रणविजय सिंह , अवधेश सिंह, सुरेश महली, कारीनाथ मुंडा, उदय मुंडा, नेवालाल राम, संतोष मुंडा, अर्जुन साव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

मंडा पूजा लोटन अनुष्ठान के साथ शुरू

लापुंग। लापुंग प्रखंड के ककरिया में शिवोपासना का सबसे कठिन पर्व मंडा गुरुवार को शोभायात्रा व लटन सेवा के साथ शुरू हो गया इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला व श्रद्धालुओं के द्वारा कलश में जल लेकर नगर भ्रमण किया गया वहीं पट्भोक्ता महेंद्र लोहरा व रंजीत लोहरा के नेतृत्व भोक्ता व सेवादार महिलाएं विधीवत पूजा अर्चना किया । इस दौरान मुहल्ला पहुंचने पर भोक्ताओं को धुप आरती दिखाकर और पैर धोकर प्रत्येक घरों के पास स्वागत किया गया। जिसके बाद लोटन करते हुए मंदिर की प्ररिक्रमा किया गया। वहीं पुजारी सुरेश देवघरिया के द्वारा सारे अनुष्ठान करायें गये। शिव उपासना में शामिल भक्त आठ दिन पहले से फलाहार का सेवन कर उपासना कर रहे हैं वहीं शुक्रवार की देर रात शाम भोक्ताओं के द्वारा दहकते आग के ऊपर झुलकर धुआं सुआं व देर रात छोऊ नृत्य का आयोजन व रात तीन बजे के आसपास भोक्ताओं के द्वारा दहकते अंगारों पर चलेंगे।

धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाना चाहती हैं विधायक अम्बा प्रसाद : आजसू

रामगढ़ : आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने गुरुवार को बताया कि 17 अप्रैल को श्री श्री दुर्गा पूजा मंडप में रामनवमी के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जिसमे किसी भी राजनीतिक दल को आमंत्रण नही था। बावजूद बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद रामनवमी अखाड़ा में पहुंच गई जहां उन्हें सम्मान के साथ बैठाया गया।विधायक व उनके समर्थक द्वारा जबरन माइक की मांग की गयी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता को देखते हुए धार्मिक मंच पर राजनीतिक लोगों की उपस्थिति तथा माइक की मांग पर थोड़ा उहापोह की स्थिति बन गयी। मंच पर उपस्थित लोगों द्वारा चल रहे कार्यक्रम की समाप्ति के बाद माइक देने की बात कही गयी। उसी बीच में विधायक के साथ आये लोगों द्वारा मंच संचालक से माइक झपटकर छिन्न लिया। विरोध करने पर उनके समर्थकों द्वारा हंगामा शुरू कर दिया गया । हो हंगामा को देख कर स्थानीय लोगों ने समझा-बुझा कर सबको शांत कराया। इसके कारण कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो गया। पदाधिकारियों ने बताया कि स्टेज पर बीते लगभग 40-42 वर्षों से रामनवमी जुलूस का मिलन तथा अखाड़ा लगाया जाता है। जिसमें दुर्गी व घुटूवा गांव के साथ-साथ नयानगर, बरकाकाना के अखाड़ा समिति के लोग पारंपरिक खेल तथा पौराणिक कथा पर आधारित झांकी की प्रस्तुती की जाती है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व राम मंदिर उदघाटन में मिले निमंत्रण पत्र को कांग्रेस के द्वारा ठुकराया गया। कहा की विधायक के व्यवहार से पता चलता है कि कांग्रेस रामलला कि विरोधी है। श्री दांगी ने कहा कि विधायक अम्बा प्रसाद आजसू पार्टी के कार्यकताओं पर लगातार झूठे आरोप में मामला दर्ज करवाती रहती हैं ।

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक ने की बैठक, पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश

स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक: आदित्य रंजन

संवाददाता

रांची। राज्य के विभिन्न जिलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट (एनईपी) के अनुश्रवण की टीम ने गुरुवार को भी निरीक्षण किया।। इसी के साथ राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट कोषांग की वर्चुअल बैठक करते हुए पदाधिकारियों को कई-निर्देश दिए।

आदित्य रंजन ने कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यह संदेश जाना अनिवार्य है कि स्कूल के प्राध्यापक, वार्डन या टीचर किसी को भी बच्चों की जान और ज्ञान से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अनुश्रवण पदाधिकारियों को हर हाल में लक्षित विद्यालयों का निरीक्षण पूरा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। रंजन ने कहा कि जहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है, उसकी अनुशंसा मुख्यालय को अवश्य भेजें।

राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में दो जिलों के तीन स्कूलों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आया है। साहिबगंज के कन्या पोखरिया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका और टीजीटी शिक्षक के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या पोखरिया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमना रॉय को शोकॉज जारी किया गया है। उत्कृष्ट विद्यालयों में 80 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति से संबंधित तय मानकों के पालन के प्रति उदासीनता बरतने का दोषी पाते हुए उन्हें दो दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। स्कूल के ही टीजीटी शिक्षक ललन कुमार को अनुश्रवण पदाधिकारियों के समक्ष आचरण संहिता एवं कर्तव्यहीनता का दोषी पाया गया। मामले में उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। जमशेदपुर के भालूबासा स्थित हरिजन उच्च विद्यालय में अनुश्रवण के लिए गए जांच दल के पदाधिकारियों ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को शोकॉज करते हुए स्कूल में बच्चो की कम उपस्थिति, स्कूल परिसर एवं शौचालय की साफ सफाई में लापरवाही का कारण पूछा है। जमशेदपुर के ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मध्य विद्यालय, मानगो के प्रभारी प्राचार्य को भी शोकॉज किया गया है। अनुश्रवण के लिए गयी टीम ने पाया कि स्कूल में कुल 370 बच्चे नामांकित है, जबकि प्रार्थना सभा में केवल 22 बच्चे उपस्थित थे। अनुश्रवण पदाधिकारियों ने इसे अत्यंत गंभीर विषय माना और तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को शोकॉज जारी किया है।

गढ़वा में अनियमितता, जांच का आदेश

गढ़वा में अनुश्रवण के दौरान निरीक्षण के लिए जिले में गए पदाधिकारियों के संज्ञान में गढ़वा जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा पदाधिकारी के द्वारा गत माह में समग्र शिक्षा के तहत संचालित गतिविधियों, कार्यक्रमों, प्रखंड स्तरीय विद्यालयों एवं कार्यालयों के कार्यन्वयनों में अनियमितता एवं त्रुटियों का मामला प्रकाश में आया। अनुश्रवण टीम ने प्रखंड,मविद्यालय स्तर पर उप आवंटित की गयी व्यय राशि की जांच हेतु एडीपीओ, गढ़वा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। उक्त दल को जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट राज्य शिक्षा परियोजना को भेजने का निर्देश दिया गया है।

रांची के टीवीएस स्कूल के विरुद्ध करवाई

रांची के जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा सरोंन तिग्गा को स्कूल में अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए उनके विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। अनुश्रवण दल के पदाधिकारी जब स्कूल में निरीक्षण करने गए तब वाचा सरोंन तिग्गा स्कूल में अनुपस्थित पायी गयी। उनके द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 15 दिन से अधिक का अवकाश लेने का मामला सामने आया है। जिसके बाद अनुश्रवण के लिए गए प्रशासी पदाधिकारी श्री जयंत मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को वाचा तिग्गा के आकस्मिक अवकाशों की वैद्यता की जांच सक्षम प्राधिकार से कराने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के क्रम में यह भी सामने आया है कि पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा तिग्गा द्वारा अबतक वर्तमान प्रभारी प्राध्यापिका को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया है, साथ ही विद्यालय कोष में गड़बड़ी का मामला भी प्रकाश में आया है। इसी स्कूल के सहायक शिक्षक इफ़्तेखार आलम (स्नातक प्रशिक्षित) की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया गया है। इफ़्तेखार आलम की प्रतिनियुक्ति एसएस 2 हाई स्कूल, ककरिया, लापुंग से टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर में की गयी थी। मगर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने इफ़्तेखार आलम को प्रतिनियुक्ति के नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने का दोषी पाया। जिसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए उन्हें पुनः एसएस 2 उच्च विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

अबतक 246 स्कूलों का हुआ है औचक निरिक्षण, जारी रहेगा अभियान

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्य अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा अबतक 246 सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है। कई विद्यालयों में कार्य संतोषजनक मिला, जबकि कई विद्यालयों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आने के बाद कार्रवाई की गयी है। अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण अभी जारी रहेगा।

संक्षिप्त

रन फॉर डेमोक्रेसी 21 को मोरहाबादी मैदान में

रांची। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसको लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सहित मतदाता प्रेरक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। 21 अप्रैल को सुबह सात बजे मैराथन की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया है।

न्याय उलगुलान रैली को लेकर प्रबंधन समिति गठित

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के न्याय उलगुलान रैली के सफल आयोजन को लेकर इंडी गठबधन के राजनीतिक दलों से समन्वय स्थापित कर जिला स्तरीय मैदान प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। समिति में 17 लोगों को शामिल किया गया है।

इनमें झामुमो से मुस्ताक आल, हेमलाल कुमार मेहता, अश्विनी शर्मा, राकेश किरण महतो, कांग्रेस से डॉ कुमार राजा, भाकपा से अजय सिंह, लालदेव सिंह, भाकपा -माले से सुरकनाथ लोहरा, सुरेश मुंडा, भुवनेश्वर केवट, सुदामा खलखो, आप पार्टी से संतोष रजक, अशोक उरांव, टीएमसी से जेपी साहू, जगदीश साहू और राजद से धमेन्द्र महतो एवं राम भजन सिंह शामिल है। यह जानकारी झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को दी।

मतदाता सूची में विद्यार्थियों ने कराया नाम दर्ज

रांची। रांची के गोस्सनर कॉलेज में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें 65 विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

कार्यक्रम का उद्घाटन गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्या इलानी पूर्ति ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदान हर व्यक्ति को करना चाहिए। मतदान करने से हम सही उम्मीदवार चुन सकते हैं जो देश को तरक्की की ओर ले जाएं। मौके पर नोडल ऑफिसर डॉ. एस.के. सिन्हा और एन.एस.एस. ऑफिसर अनिता अंजू खेस, अनुभा दीप, सूरज रजक, आशा केरकेट्टा सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

कैश कांड मामले की सुनवाई 25 को

रांची। कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल एवं राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था।

सचिव से मिले शिक्षा मोर्चा के संयोजक

अवकाश तालिका की विसंगति पर की चर्चा

संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह और अमीन अहमद शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से 18 अप्रैल, 2024 को मिले। उनसे जेईपीसी निदेशक की ओर से 27 फरवरी, 2024 को जारी किये गए एक समान अवकाश तालिका पर चर्चा की। उसमें व्याप्त विभिन्न विसंगतियों पर सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया। संयोजकों ने सचिव के समक्ष एक समान अवकाश तालिका में व्याप्त मुख्य विसंगतियों को विस्तार से रखा। कहा कि इसमें शीतकालीन अवकाश पांच दिनों का है, वह मात्र नववर्ष की छुट्टी को हटाकर एक दिनों का रहना चाहिए। जिला स्थापना द्वारा जारी की गई छुट्टी की लिस्ट में भी यह स्पष्ट रूप से अंकित है। जनवरी में चार दिनों का अतिरिक्त शीतकालीन अवकाश दिया गया है। 23 जनवरी, 2024 और 24 फरवरी, 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं संत रविदास जयंती का अवकाश घोषित है, लेकिन जिला स्थापना द्वारा जारी अवकाश तालिका के अनुसार प्रारंभिक विद्यालयों में उक्त दोनों दिवस पर कक्षा का संचालन किया गया है। उक्त दोनों दिवस पर कक्षा संचालन होने से इन छुट्टियों का सामंजन ग्रीष्म अवकाश में करते हुए 11 + 6 =17 दिनों का अवकाश दिये जाने का आग्रह किया। इसी तरह उर्दू विद्यालयों में शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश रहता है। उसकी गिनती ना कर शून्य रखा जाए। एक समान तालिका के अनुसार उर्दू विद्यालयों में रविवार को अवकाश है। हालांकि एक समान तालिका के अनुसार उसमें शून्य ना करके एक दिन अवकाश की गिनती रखी जाए, क्योंकि रविवार के दिन उर्दू विद्यालयों की कक्षाएं संचालित होती है। एक समान अवकाश तालिका में 14 अप्रैल, 2024 को आंबेडकर जयंती की छुट्टी सभी कोटि के विद्यालयों के लिए दी गई थी। हालांकि कोडरमा के जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा उसका सामंजन उर्दू विद्यालयों के लिए कर दि?या गया, जो अनुचित है, क्योंकि उस दिन एक समान तालिका में छुट्टी दी गई है। यह सबके लिए मान्य है, परंतु उर्दू विद्यालयों के लिए उक्त दिवस की गिनती एक किया जाना है। एक समान अवकाश तालिका में रविवार को पड़ने वाली छुट्टियों को शून्य दशार्या गया है, जिसकी गणना उर्दू विद्यालयों के लिए एक होगा। यह सभी कोटि के विद्यालयों के लिए माना जायेगा।

रैली को लेकर गठबंधन नेताओं ने की प्रेसवार्ता

ऐतिहासिक होगी 'न्याय उलगुलान महारैली' : राकेश सिन्हा

- रैली में गठबंधन के कई नेता होंगे शामिल

संवाददाता

रांची। रांची में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की न्याय उलगुलान महारैली आयोजित होगी। इसके लिए आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है। गुरुवार को आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं ने न्याय उलगुलान महारैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस भवन में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की।

प्रेसवार्ता में गठबंधन नेताओं ने जानकारी दी कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव इस महारैली में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है। साथ ही नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला भी महारैली में आएंगे।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी। अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा। यह रैली ना केवल झारखंड की, बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड संघर्षों की भूमि रही है। इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी।

सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते हैं लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते। वह लगातार कई दौरे पर आए, कई कार्यक्रम हुए लेकिन उनके मुंह से एकबार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आई।

प्रेसवार्ता में झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2001 में मोरहाबादी मैदान में रैली हुई थी। लोग रैली में शामिल होने के लिए सुबह से जुट रहे थे। झारखंड की सबसे बड़ी रैली थी। जून का महीना था और रैली समाप्त होने के बाद भी अगली सुबह तक लोग रैली में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी। हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिलकर जुटेंगे। राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले झामुमो के तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे। साथ ही अन्य दलों के भी दो लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। पांच लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आएंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है, इसलिए झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के लिए हरसंभव इंतजाम रैली स्थल में किए जाएंगे। राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी, वह इलाका एचईसी में आता है। एचईसी के कर्मियों को 22 महीने से वेतन नहीं मिला है। दस साल से रांची में भाजपा के सांसद हैं। उनकी जवाबदेही तय होगी।

ब्राउन शुगर खरीद-बिक्री मामले में तीन गिरफ्तार

संवाददाता

रांची। रांची के खेलगांव थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री करने के मामले में सुमन कुमार, ऋषिकेश कुमार पाहन और अभिषेक रंजन को गिरफ्तार है। इनके पास से 16.27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत दो लाख बताई गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खेलगांव थाना क्षेत्र के राम दयाल मुण्डा कला केन्द्र खेलगांव के पास ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना के बाद सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम जैसे ही उक्त स्थान के पास पहुंची तो पुलिस को आता देख चार लड़के भागने लगे। टीम ने तीन युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा । जांच के दौरान इनके पास से बाउन शुगर बरामद किया गया। एक फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल की कैद

रांची। नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी मिथुन बेदिया को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। पीड़िता ने अनगड़ा थाना में सात अप्रैल 2022 को आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

आदिवासी का विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है : बाबूलाल मरांडी

रांची। एसटी लोकसभा प्रभारी रामकुमार पाहन की अध्यक्षता में भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में मुख्यरूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही जनजाति समाज का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य का निर्माण, जनजाति मंत्रालय का गठन, द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना, मोदी सरकार में 8-8 जनजाति मंत्री, आदिवासी महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमन योजना सहित कई ऐतिहासिक कार्य भाजपा ने किया है। लोकसभा चुनाव में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में जन संपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों को बताएं। मरांडी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जनजाति समाज की बहुलता वाले गांव में जाकर शत प्रतिशत मतदान कराएं। मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमों- कांग्रेस-राजद की सरकार ने जनजाति समाज को पिछले विधान सभा चुनाव में गुमराह एवं प्रलोभन देकर झारखंड में सरकार बनाया था, उसका पदार्फाश करें।वर्तमान राज्य सरकार की नाकामियों एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को मोर्चा के जनजाति नेता-कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की बैठक और 30 अप्रैल तक रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन करेंगे।

पशुपतिनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान 20 से 24 अप्रैल तक

- शनिवार की सुबह भव्य कलश यात्रा निकलेगी

संवाददाता

रांची। कांके के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित छह दशक प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 20 से 24 अप्रैल तक होगा। प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कर 61 फीट ऊंचे गुंबद, लगभग 2000 वर्ग फीट के सभागार और 1000 वर्ग फीट के गर्भगृह एवं परिक्रमा का निर्माण किया गया है।

मंदिर में जबलपुर से मंगवाये गये तीन फीट ऊंचे भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग के अलावा माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय, नंदी बाबा, मां दुर्गा, हनुमान जी एवं रथारूढ़ सूर्य भगवान की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। नांदेड़, महाराष्ट्र के शिल्पकारों द्वारा निर्मित किए गए 61 फीट ऊंचे गुम्बद के ऊपर तीन स्तरों पर लक्ष्मी माता, विष्णु भगवान, दुर्गा माता, भगवान शिव, गणेश जी एवं सूर्यदेव, राधा जी, कृष्ण जी, हनुमान जी, सीता माता, भगवान राम एवं विश्वकर्मा जी, बाबा गोरखनाथ, परशुराम जी, आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद, भगवान बुद्ध एवं महाराजा अग्रसेन की आकर्षक प्रतिमा स्थापित है क पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त और सचिव डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल की सुबह 6 बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकलेगी। यह कांके ब्लॉक चौक होकर वापस मंदिर के सामने से गुजरते हुए आरवीसी-होचर जुमार पुल के नीचे नदी से जल लेकर मंदिर परिसर में आएगी। यहां कलश स्थापित किया जायेगा।

कलश यात्रा में माताएं, बहनें, युवा, बुजुर्ग, बच्चे सभी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। वापसी पर मंदिर में वरुण पूजन के बाद पंचांग पूजन का अनुष्ठान हैक यह मंदिर रांची रिंग रोड से लगभग 700 मीटर दक्षिण होचर-कांके ब्लॉक रोड पर बकरी अनुसंधान प्रक्षेत्र के सामने स्थित है क प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समस्त वैदिक अनुष्ठान पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में सात सदस्यीय ऋत्विक मंडली द्वारा संपन्न किए जाएंगे?। इनमें आचार्य (डॉ) विमलेश द्विवेदी एवं आचार्य अतुल तिवारी (प्रयागराज), आचार्य अभिषेक पांडेय (वाराणसी), पंडित सुशील पांडेय (आरा), आशीष त्रिपाठी शास्त्री (मोतिहारी) तथा पंडित मृत्युंजय तिवारी (रांची) शामिल हैं। लगभग 1000 वर्ग फीट में अस्थायी यज्ञशाला का भी निर्माण किया गया है।

प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे और अपराह्न 4.30 से 6.30 बजे तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। शाम 6.30 से 8.30 तक प्रतिदिन भजन कीर्तन का आयोजन है। 23 अप्रैल की सुबह 8 बजे से 24 अप्रैल की सुबह तक 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन होगा।

आखिरी दिन 24 अप्रैल को देव विग्रहों में प्राण प्रतिष्ठा, कन्या पूजन, प्रसाद भंडारा और प्रसिद्ध गायिका श्रुति देशमुख एवं मंडली द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन है। इस दिन मंदिर जीर्णोद्धार के विभिन्न चरणों में योगदान देने वाले शिल्पकारों एवं मजदूरों का सम्मान भी किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक पंकज वत्सल ने दी।

तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्टैटिक सर्विलांस टीम क्रियाशील

रांची। रांची में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी)का गठन किया गया है। गठित दल में पर्यवेक्षीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची जिला के तमाड़ और मांडर विधानसभा के वैसे क्षेत्र जो खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, वहां एसएसटी क्रियाशील हो गयी है। स्टैटिक सर्विलांस टीम तीन पालियों 24 घंटे सतत निगरानी रखेगी। टीम को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मतगणना तक क्रियाशील रहेगी।

यात्री बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

संवाददाता

पलामू। सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची बाबा चौक के समीप सड़क हादसे में जान गवा बैठे दोनों मोपेड सवार युवकों की पहचान गुरुवार को कर ली गई। एक मृतक की पत्नी और बहन ने दोनों शवों की पहचान की।

थाना प्रभारी अंचीत कुमार के अनुसार मृतकों में चैनपुर थाना क्षेत्र के टेमराई गांव के बेने समद (22) और महेश टोपनो (25) शामिल हैं। रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर पोंची बाबा चौक के समीप बुधवार की शाम अर्श यात्री बस की चपेट में आकर दोनों मोपेड सवार युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया था। एएसआई राजीव रंजन (वन) ने बताया कि टीवीएस मोपेड संख्या (जेएच 03 एए 4163) पर सवार होकर दोनों युवक मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अर्श बस की चपेट में आ गए। करीब 25 मीटर तक बस के बगल के साइड हिस्से में फंसकर घिसटाते चले गए थे। एएसआई राजीव और पुलिस के जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया था। इधर, एएसआई बसंत दुबे ने बताया कि गुरुवार को एमआरएमसीएच में दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। सतबरवा थाना पहुंची बेने समद की बहन सुरमी समद और पत्नी मार्था गुड़िया ने शव की पहचान की। टीवीएस मोपेड की भी पहचान की। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की काफी तारीफ की थी। पुलिस ने मोपेड और बस को कब्जे में ले लिया है।

मृतक की बहन सुरमी समद ने बताया कि उसका भाई लोहरदगा के कुलहासा अपने ससुराल जाने के लिए एक दोस्त के साथ निकला था।

उसकी मौत से रामनवमी की खुशी मातम में बदल गई। पत्नी मार्था ने बिलखते हुई जानकारी दी कि उसके पति बेने की बात मोबाइल पर हुई थी। उन्होंने बताया था कि लातेहार पहुंच रहे हैं, जल्द ही लोहरदगा पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि सतबरवा थाना से जानकारी मिली की उसके पति की दुर्घटना में मौत हो गई है। उसका एक छोटा सा मासूम बच्चा है। हमलोग आदिवासी समुदाय से हैं। कहकर फिर से बिलखने लगी।

देवघर की छात्रा की सड़क हादसे में मौत

गिरिडीह । गिरिडीह-देवघर रोड में गुरुवार को बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा की मौत हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल उसके साथी युवराज सिंह का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि तृप्ति भाग्यश्री (20) और उसका दोस्त युवराज सिंह स्कूटी से गिरिडीह शहर के व्हीट्टी बाजार में अपने एक दोस्त सोनू कुमार के घर उसके जन्मदिन मनाने आ रहे थे। इसी दौरान गिरिडीह-देवघर रोड के डाकबंगला और करमजोड़ा मोड़ के समीप हादसा हो गया । पीछे से आ रहे एक अज्ञात बोलेरो ने उनके स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिसे स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। तृप्ति भाग्यश्री की मौत जहां मौके पर हो गई। वहीं युवराज सिंह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। फिलहाल युवराज का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद बोलेरो फरार होने में सफल रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। तृप्ति भाग्यश्री के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया।

जामा में दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

दुमका। जिले जामा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवक की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर पंदनपहाड़ी गांव के पास सड़क पार कर रहे राजेश हेम्ब्रम (28) का अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक थाना क्षेत्र के भूटोकोड़िया पंचायत के कुरुमटांड़ गांव का रहनेवाला बताया जाता है।दूसरी घटना में पुलिस ने बगझोपा गांव के पास दुमका जसीडीह रेल लाइन के पास गुरुवार के सुबह एक युवक का शव बरामद किया। शव को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर थाना लाया गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के असंथर गांव के नरेश हेम्ब्रम (25) वर्ष के रूप में हुई है। मृतक के सर से पैर तक जख्म होने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि ट्रेन से झटका लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और उसकी मौत हो गयी। मृतक के छोटे भाई ने शव की शिनाख्त की है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि वह मिर्गी बीमारी से ग्रसित था। ट्रेन के चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी होगी। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है।

संक्षिप्त

हिंदू मुस्लिम एकता समिति ने श्रद्धालुओं के लिए लगाया स्टॉल

तोपचांची (धनबाद)। रामनवमी के शुभ अवसर पर टुंडी प्रखंड अंतर्गत कलाली मोड पर हिंदू मुस्लिम एकता समिति की तरफ से एक स्टॉल लगाकर रामनवमी अखाड़ा में आने वाले श्रद्धालुओं को सेवा प्रदान करते हुए शरबत, गुड़, चना,पानी आदि वितरितकर इंसानियत का धर्म निभाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला के पूर्व उपाध्यक्ष बाबा मनीर मस्तान के द्वारा यह कैंप लगाया गया और रामनवमी जुलूस में आने वाले श्रद्धालुओं को सेवा दी गई। इस अवसर पर बाबा मनीर मस्तान ने कहा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है और इस धर्म को अपनाने की जरूरत है। इस अवसर पर बाबा मनीर मस्तान के साथ गुड्डू अंसारी, मोहम्मद शमीम अंसारी, बबलू अंसारी, मोहम्मद सुल्तान अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वही टुंडी क्षेत्र के डीएसपी, टुंडी थाना प्रभारी दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तायनात नजर आए।

नाबालिग को दुल्हन बनने से बचाया गया

पलामू। अग्रगति संस्था ने गुरुवार को एक नाबालिक को दुल्हन बनने से बचा लिया गया। संस्था के जिला कॉर्डिनेटर निक्कू पाठक को सूचना मिली थी कि पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के कुरका गांव में एक नाबालिक की शादी स्थानीय मंदिर में 18 अप्रैल को की जा रही है। संस्था ने इसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी, डीसीपीओ एवं चैनपुर थाना पुलिस को दी। संयुक्त रूप से टीम का गठन कर रेस्क्यू किया गया एवं बाल विवाह होने से बचाया गया। रेस्क्यू के पश्चात नाबालिक बच्ची को सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि बाल विवाह पर रोकथाम के लिए पूरे जिले में अग्रगति संस्था द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कहा गया कि अक्षय तृतीया पर सबसे ज्यादा बाल विवाह होता है। इसके लिए मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे आदि धार्मिक स्थानों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिला को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके।

पुलिस की गोली से मौत मामले में एएसआई गिरफ्तार

गोड्डा। सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में गुरुवार को थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही आरोपित एएसआइ राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित एएसआइ पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

मामले को लेकर गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआइटी की टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने एक टीम गठित कर बेनाडिक हेंब्रम के घर छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे रूकने को कहा, लेकिन वह भागता ही रहा। उसे पकड़ने के दौरान पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीबारी में बेनाडिक हेंब्रम के घर पर रह रहे हरिनारायण पहाड़िया नाम के युवक के बांये कंधे के पास गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस उसे अस्पताल ले गयी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर बिना कुछ पूछे गोली चलाने का आरोप लगाया है।

निर्माणाधीन दीवार गिरने से 2 बच्चों की मौत, 3 घायल

आशीष कुमार वर्मा

चाईबासा। पश्चिम सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी से दुखद घटना सामने आई है। जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र में बुधवार की रात निर्माणधीन कच्चा दीवार गिरने के बाद उसके मलबे में दबने से 2 बच्चों की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य बच्चे और एक बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के मुता?बिक कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग आधा दर्जन बच्चे एक साथ भोजन करने के बाद खेलते-खेलते देवानंद पान के घर के आंगन में सो गये। रात के करीब नौ बजे वहीं पर निमार्णाधीन दीवार अचानक से बच्चों के

ऊपर जा गिरी। इससे नीचे सो रहे बच्चे दब गये। आनन-फानन में देवानंद पान ने 4 बच्चों को खींचकर मलवे से बाहर निकाला। इस बीच दो बच्चे शिवा पान व मुन्ना पान वहीं दब गये। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहा, पर शिवा पान की अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। वहीं मुन्ना पान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारडुंगी पहुंचाया। वहां के चिकित्सकों ने मरहम-पट्टी कर चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मुन्ना पान की भी चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शिवा पान के शरीर का एक-एक अंग टूटकर चूर हो गया है। दोनों के मुंह से काफी खून निकल रहा था। घायलों में देवानंद पान, सुनीता पान, सोमनाथ पान व अर्जुन पान शामिल हैं।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी त्वरित कार्रवाई: उपायुक्त

संवाददाता

सिमडेगा । खूंटी संसदीय क्षेत्र में चुनाव को लेकर सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में तैयारियां पूरी कर ली गई है। समाहरणालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उपायुक्त और एसपी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को चुनाव तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज से नामांकन खूंटी संसदीय क्षेत्र में शुरू हो चुका है। चुनाव संबंधी लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। 13 मई को वोटिंग होगी। जिले के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने घरों से

निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट करें। उपायुक्त ने बताया कि इस बार 80 प्रतिशत वोटिंग कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य सभी के सामूहिक प्रयास से प्राप्त किया जा सकता है।

सिंह ने कहा कि सिमडेगा व कोलेबिरा विधान सभा में किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधि कार्यक्रम के लिये यहां से ही परमिश्न मिल जायेगा। आदर्श आचर संहिता के उलंघन पर त्वरित कार्रवाई होगी।

एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों के हिसाब से पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। क्यूआरटी टीम भी तैयार करके संभावित क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर गश्ती अभी से शुरू कर दी गई है। जिले के दोनों विधान सभा सिमडेगा व कोलेबरा में पांच हजार से भी ज्यादा संख्या में सुरक्षा कर्मी चुनाव तैनात किये जायेंगे।

अकबर अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने झामुमो का थामा दामन

तोपचांची (धनबाद)। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ती ही जा रही है। जहॉ नेताओं के पाला बदलने का दौर जारी है वही कार्यकर्ता भी इधर से उधर होने में व्यस्त है जहां कार्यकताओं को अपना भविष्य उज्जवल नजर आ रहा है उस पार्टी का दामन थामने में व्यस्त है। आज बाघमारा प्रखंड अंतर्गत रथटांड, एवं आसपास क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने अकबर अंसारी धनबाद जिला समिति सदस्य के नेतृत्व में आज गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के आवासीय कार्यालय सिजुआ पहुंच कर उन से भेंट किया, और आगामी चुनाव में तन ,मन,धन से सहयोग और मेहनत करने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि सभी युवाओं ने गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया और चुनाव में हर संभव सहायता करने का भरोसा दिया।मिलने वालों में मुख्य रूप से मो0 कलाम अंसारी, बंटी अंसारी,छोटु आलम, प्रकाश यादव,मो0 अब्बास,कलीम अंसारी, मनोज ठाकुर, सुलेमान अंसारी, ललित यादव,मो0 आशीफ खान,मारूफ अंसारी ,ने भावी सांसद माननीय दादा मथुरा प्रसाद महतो जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर जीत की अग्रिम बधाई दी।

निशिकांत दुबे और दीपिका पांडे चुनावी मैदान में, मुकाबला आमने-सामने

संवाददाता

गोड्डा। लोकसभा चुनाव 2024 में गोड्डा लोकसभा सीट पर भाजपा ने निशिकांत दुबे को उम्मीदवार बनाया है। वहीं एक लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने यहां से अपने उम्मीदवार की घोषणा की और महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया। इसके साथ ही गोड्डा लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। महागठबंधन के कार्यकर्ता सहित भाजपा कार्यकताओं के बीच भी जोश देखा जाने लगा है, दूसरी ओर

पोड़ैयाहाट क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकताओं में विरोध देखी जा रही है।पूर्व में भाजपा नेताओं द्वारा ऐसा कहा जाना कि भाजपा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे के खिलाफ गोड्डा से विपक्ष को कोई प्रत्याशी ही नहीं मिल रहा है। निशिकांत दुबे के खिलाफ हार की डर से कोई चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता है। इस पर भी विराम लग गया है। सांसद निशिकांत दुबे का यह कहा जाना कि महागामा से उनका बेटी और रोटी का रिश्ता है। इसे वह अपना घर मानते हैं। यहां वह अपना चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। सांसद का यह कथन कहां तक सही होता है यह तो वक्त बताएगा परंतु अभी से ही लोगों की निगाहें उनके इस घोषणा पर टिक गई है।

वह अपने इस घोषणा पर कायम रहते हैं या कुछ और होता है। इतना तो तय है कि महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह के चुनाव मैदान में आने से अब यहां का चुनाव दिलचस्प हो गया है। खासकर महागामा विधानसभा में जहां एक ओर महागठबंधन कार्यकताओं के बीच नया जोश और उत्साह देखा जा रहा है तो भाजपा कार्यकताओं एकाएक सक्रियता बढ़ गई है। महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा में विलंब होने से पार्टी कार्यकर्ता सहित आम लोग भी उहापोह की स्थिति में थे। अब जबकि उम्मीदवार की घोषणा हो गई है गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महासमर दिलचस्प होने की उम्मीद है।

भरदुआ बन्दूक के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

संवाददाता

पलामू। रामगढ थाना पुलिस ने ग्राम धावा के बेहराखाड़ टोला में छापामारी कर एक बुजुर्ग माना मुंडा (65) को एक नाली भरठुआ बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। बंदूक बरामद होने पर पूछताछ में माना मुंडा ने कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया।

थाना प्रभारी नीलेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि धावा के बेहराखाड़ टोला में एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने घर में हथियार रखे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस मौके पर पहुंची। सर्च करने पर माना मुंडा के मिटटी से बने घर के आंगन के बगल वाले कमरे से एक लकड़ी एवं लोहे का बना एक नाली भरठुआ बन्दुक बरामद हुआ। अवैध आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। गुरूवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पहले दिन कोई नामांकन नहीं चार नोमिनेशन फार्म बिके

पलामू। पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गयी। पहले दिन चार एनआर काटा गया। नामांकन के पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा कलेक्ट्रेट स्थित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं। नामांकन जांच यानी स्क्रुटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है काउंटिंग की तिथि 4 जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान 20 में को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा। पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि छात्रा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ता है। मतदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में पलामू में 17 लाख 1327 मतदाता हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 20429 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 8 लाख 80 हजार 877 है। पहले दिन नामांकन के लिए निवार्ची पदाधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद रहे, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नोमिनेशन नहीं किया। इस क्रम में भाजपा उम्मीदवार सह सांसद विष्णु दयाल राम, महागठबंधन से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमाक्रेसी के वृंदा राम एवं भागीदार पी के सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र खरीदे। इसके साथ ही चुनाव को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। चुनावी सरगर्मी भी तेज हो गई है। चुनावी दौरों और जनसभाओं का दौरा शुरू होने वाला है। कल तक रामनवमी और ईद में व्यस्त कार्यकर्ता और मतदाता भी रेस हो गए हैं। नामांकन और चुनावी सभाओं में कार्यकताओं का जोर और प्रचार का शोर सुनायी देने वाला है।

बात चुनाव की करें तो इस बार भाजपा और राजद के बीच चुनावी मुकाबला है। भाजपा ने जहां तीसरी बार विष्णु दयाल राम को अपना प्रत्याशी बनाया है।

पुरस्कार वितरण के साथ रामनवमी का समापन

न्यू सुरभि क्लब को सर्वश्रेष्ठ रथ और मूर्ति के लिए जीनियस क्लब को प्रथम पुरस्कार

संवाददाता

पलामू। पुरस्कार वितरण के साथ मेदिनीनगर में रामनवमी पर्व का समापन हो गया। श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) के तत्वावधान में छहमुहान पर गुरूवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता जेनरल के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने की, जबकि संचालन महामंत्री विकास सिन्हा ने किया। हालांकि पुरस्कार वितरण समारोह में कुछ संगठनों ने अहर्ता नहीं रखने के बावजूद अपने चहेते संघ को प्रथम पुरस्कार देने का आरोप लगाकर हंगामा किया।

उन्होंने कहा कि रथ निकलने के दो तीन पहले ही पुरस्कार देने वाली लिस्ट बना ली गयी थी। हालांकि पुलिस की मौजूदगी रहने के कारण विवाद बढ़ा नहीं और मामले को शांत कराया गया। विरोध दर्ज करने वाले संघों द्वारा बिना पुरस्कार लिए मौके से चले जाने की सूचना है।

मौके पर सर्वश्रेष्ठ रथ का प्रथम पुरस्कार हमीदगंज के न्यू सुरभि

क्लब को दिया गया, जबकि द्वितीय पुरस्कार जिला स्कूल चौक के विश्व संघ को, जबकि तृतीय पुरस्कार अघोर आश्रम रोड के शांति विकास संघ को मिला। मूर्ति में प्रथम पुरस्कार बैरिया के जीनियस क्लब को मिला। दूसरा पुरस्कार सुदना के वीर भगत सिंह एवं तीसरा पुरस्कार साहित्य समाज चौक के न्यू बाल संघ को दिया गया। बेहतर प्रोशेशन के लिए उपकार संघ हमीदगंज को प्रथम पुरस्कार दिया गया, जबकि नावाटोली के क्रांति संघ को द्वितीय एवं हिन्दू सेना संघ को तृतीय पुरस्कार मिला।

पांच दिनों तक रथ निकालने के लिए कुंड मुहल्ला के समाज कल्याण समिति, बेहतर अनुशासन के लिए जय लक्ष्मी संघ, मुहल्ले में बेहतर सजावट के लिए नावाटोली के मारूति नंदन संघ को पुरस्कार दिया गया। इसी तरह रेड़मा के जय बजरंग संघ एवं मुख्य बाजार के महावीर युवा मंडल को स्पेशल पुरस्कार मिला। इनके अलावा लगभग 38 रथों को भी पुरस्कृत किया गया।

माली मुहल्ला के भारत सेवक संघ, नावाहाता के क्रांति संघ, कुंड मुहल्ला के समाज कल्याण समिति, शिवाला रोड के मां देवी संघ, स्टेशन के दुकानदार संघ, नावाटोली के संस्कार क्लब, पंपूकल के जय हनुमान संघ, बेलवाटिका के नवदीप संघ एवं निराला संघ, बेलवाटिका ज्योति आइटीआइ के सुमंगल क्लब, नई मुहल्ला के जय लक्ष्मी संघ, बेलवाटिका चौक के नवयुवक संघ एवं जय बाला संघ, आदर्श नगर के नव जागृति संघ, टीओपी टू के बगल के संस्कृति संघ, आबादगंज के महावीर किशोर दल, कचरवा के श्रीराम सेना संघ, भट्टी मुहल्ला के महादेवी संघ एवं न्यू बाल संघ को सांत्वना पुरस्कार मिला।

भंडारा में माता हीरामणि की सेवा समिति, अखिल भारतीय वैश्य महासभा, बालेश्वर परिवार, पलामू जिला स्वर्णकार संघ, जय लक्ष्मी संघ, पतंजलि योग समिति, अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, हॉकर संघ, विश्व संघ जेपीएस, माता स्वर्गीय देवंती देवी, सहित अन्य लोगों को पुरस्कृत किया गया। रदिलीप सोनी, विजय पटवार, परमेश्वर राम, राकेश शर्मा, नरु राम, प्रवेश राज, श्याम रजक, राजा कुमार को कला का प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार दिया गया।

बोकारो कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव ने लगाया आरोप, समर्थकों संग दिया इस्तीफा

बड़ी रकम ले कांग्रेस ने कर दी धनबाद लोकसभा क्षेत्र में टिकट की सौदेबाजी

संवाददाता, बोकारो।

धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का टिकट बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को दिए जाने के बाद चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। कुछ लोग इसे सही फैसला बता रहे हैं, तो कई दबी जुबान से इस पर नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं। लेकिन, कुछ लोगों ने इसे लेकर बगावत कर दी और खिलाफत में अपना मोर्चा भी खोल दिया। पार्टी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम दुबे एवं पूर्व महासचिव सह वर्तमान आजीवन सदस्य अनिल सिंह ने टिकट के बंटवारे में बड़ी रकम लेकर सौदेबाजी करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान श्री सिंह ने इस आरोप के साथ ही श्री दुबे और पार्टी के सैकड़ों कर्मठ एवं ईमानदार कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया।

अनिल सिंह ने कहा - मैं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी से एवं प्रभारी महोदय से यह जानना चाहता हूं कि ऐसी कौन सी मजबूरी हो गई है कि प्रदेश अध्यक्ष अपने गृह जिला एंव लोकसभा क्षेत्र से एक घरेलू महिला, जिसे राजनीति का ककहरा नहीं आता है, उसे आपने कितने में टिकट बेचा है? धनबाद लोक सभा क्षेत्र की जनता पूछती है। उस महागठबंधन प्रत्याशी ने आज तक किस आन्दोलन में भाग लिया था? इलेक्ट्रोस्टील एवं बोकारो इस्पात संयंत्र में विस्थापितों के उपर लाठी चलती रही, उनके परिवार के लोग मौन होकर देखते रहें। संवेदना के नाम पर बेरमो विधायक का एक भी बयान नहीं आना यहां के विस्थापितों के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

कार्यकर्ता जानना चाहते हैं तय की गई रकम : श्री सिंह व श्री दुबे ने कहा कि एक ही घर में एक विधायक दूसरा बोर्ड निगम और तीसरा एम.पी. का टिकट देने का क्या कारण है? जब उसी परिवार को टिकट देना था, तो युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के लिए आन्दोलन कर अपनी हड्डियां तोड़वाई एंव खून भी दिया, तो उसमें क्या बुराई थी? उसे झारखण्ड के पूरे युवा पसंद करते हैं।

कितने में बिका टिकट, धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता यह जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से रहे पूर्व सांसद ददई दुबे, आलोक दुबे एवं वर्तमान झरिया विधायक नीरज पूर्णिमा सिंह, बोकारो विधान सभा क्षेत्र से एक लाख वोट लेकर श्वेता सिंह या धनबाद लोकसभा क्षेत्र से ऐसा कोई महागठबंधन कोई प्रत्याशी नहीं था जो कांग्रेस सीट जीतकर पार्टी के झोली में डाल सके? क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्त्ता और नेता यह जानना चाहते हैं कि कितने में टिकट की सौदेबाजी की गई।

विस टिकट का दाम बताएं, मुंहमांगी कीमत देंगे

अनिल सिंह ने कहा कि झारखण्ड प्रभारी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से बोकारो विधान सभा के टिकट का वह दाम पूछना चाहते हैं। वे अपनी पार्टी के टिकट का दाम बताएं। आने वाले छह महीने बाद विधानसभा में वह उनदोनों को मुंहमांगी कीमत देकर टिकट खरीदने को तैयार हैं। प्रेसवार्ता में मिन्टू दुबे, कैलाश गुप्ता, मिलन कुमार, मनोज कुमार सिंह, जयदेव कुमार, हर्ष जायसवाल, रामाकान्त दुबे, करण सिंह, राम कुमार, विजय कुमार, कमलेश कुमार, रमेश कुमार गोप, राज, परवेज आदि मौजूद रहे।

बंद कमरे से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

बोकारो। जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पतकी पंचायत स्थित रांगामाटी के नावाडीह टोला में गुरुवार अहले सुबह एक बंद कमरे से एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। इसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा पेटरवार पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं घर का ताला तोड़कर युवक के शव को अपने कब्जे में ले लिया। युवक की पहचान नावाडीह निवासी सहदेव मांझी के पुत्र दिलीप बेसरा (20) के रूप में हुई है। युवक के शरीर एवं गुप्तांग में चोट के निशान पाए गए हैं। मृतक के पिता सहदेव मांझी ने बताया कि दिलीप बेसरा बुधवार दोपहर को खाना खाकर घर से निकला था। उसके बाद काफी खोजबीन की गई, लेकिन रात तक किसी तरह कि जानकारी नहीं मिल पाई। गांव के ही बाबू दास मांझी के घर से गुरुवार सुबह बदबू निकल रही थी। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पेटरवार पुलिस को दी। पेटरवार पुलिस के पहुंचने के बाद मामले का खुलासा हुआ। मामले पर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बाबू दास मांझी की पत्नी सुकुरमुनि देवी अपने बच्चों के साथ घर में रहा करती थी जो बुधवार शाम को ही घर को बंद कर कहीं चली गई। महिला, मृतक दिलीप बेसरा की रिश्ते में चचेरी भाभी लगती है। वही बाबूदास मांझी मुंबई में ही रह कर मजदूरी करते है। दिलीप बेसरा की हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत की स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। इधर, पेटरवार पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

चुनाव का पर्व, देश का गर्व नारे के साथ चिट्ठी बांट वोटरों को जागरूक कर रहे डाककर्मी

- लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिकाधिक मतदान को ले डाक विभाग का अहम कदम

संवाददाता, बोकारो

लोकसभा चुनाव 2024 में आधिकारिक मतदाताओं की भागीदारी हो और उनका एक-एक वोट एक विकासोन्मुखी सरकार बनाने में सहायक हो, इसके लिए भारतीय डाक ने भी अनूठा कदम आगे बढ़ाया है। बोकारो में धनबाद मंडल के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बोकारो के सहायक डाक अधीक्षक अभिजीत रंजन के नेतृत्व में डाककर्मी मतदाता जागरुकता अभियान चलाने में लग गए हैं। प्रधान डाकघर, सेक्टर-2 के डाकपाल सतीश कुमार के नेतृत्व में अभियान जोर-जोर से शुरू हो गया है। डाकिया घर-घर इन दिनों जो चिट्ठी या अन्य डाक पहुंचा रहे हैं, उन पर चुनाव का पर्व, देश का गर्व लिखी मुहर लगाकर उसकी डिलीवरी करते हैं। इसके साथ ही वे वोटरों से अपना वोट अवश्य डालने की अपील भी कर रहे हैं।

विपणन पदाधिकारी कौशल कुमार उपाध्याय के अनुसार, डाक विभाग भारत निर्वाचन आयोग के मानदंडों के मुताबिक मतदाता जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को कटिबद्ध है। इस दिशा में एक तरफ जहां नारालिखित स्टांप लगाकर पोस्टल डिलीवरी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर पोस्टर व बैनरों के माध्यम से भी वोटरों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एएसपी अभिजीत ने कहा कि मताधिकार प्रत्येक भारतवासी का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। इसके जरिए वे देश का भविष्य गढ़ पाने में सक्षम हो पाते हैं। एक बार पुनः देश में यह शुभ अवसर आया है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना ही चाहिए। इस दिशा में भारतीय डाक हरसंभव सहयोग के लिए कटिबद्ध एवं तत्पर है।

श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमन हरण भवभय दारुणं...

- संस्कार भारती, बोकारो द्वारा संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या आयोजित

बोकारो। कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा रामनवमी के अवसर पर बुधवार की देर शाम सेक्टर 4 जी मोड़, धर्मस्थान स्थित नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती, बोकारो जिला अध्यक्ष व गायक अमरजी सिन्हा ने 'श्रीरामचन्द्र कृपालु भजुमन...', 'जग में सुन्दर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम...', गायक व संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने 'राम का गुणगान करिए... ', 'तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार...', :हे बजरंगबली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण...', मैथिली गीत 'राम लखन सन पाहुन जिनकर सीता सनक जकर बेटी...' व 'पूजा के हेतु शंकर आयल छी हम पुजारी...', गायिका रिया सिन्हा ने 'सजा दो घर को गुलशन सा...', 'तुम उठो सिया श्रृंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है....' व अन्य भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से वातावरण में भक्तिरस का संचार कर दिया।

प्रारंभ में कार्यक्रम में कलाकारों का स्वागत करते हुए संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय व सह मंत्री अर्चना चौधरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के नायक हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मदिन रामनवमी पर संस्कार भारती द्वारा भजन संध्या का आयोजन प्रशंसनीय है। आगे भी ऐसे अवसरों पर भजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।भजन संध्या में संस्कार भारती झारखंड प्रदेश इकाई के सह चित्रकला प्रमुख सरोज कुमार मिश्रा, बोकारो जिला इकाई के संरक्षक संदीप तिवारी सहित अनुराग कुमार उर्फ भज्जु, मुन्ना जी, राजेश चौधरी, रीना सिन्हा, सौमित चौधरी आदि उपस्थित थे।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12 छात्रों का पुणे में होगा कैंपस सेलेक्शन

बोकारो। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट एमआईडीसी चकान पुणे की कंपनी शारदा मोटर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से किया गया है। चयनित छात्रों में अमर कुमार, सोनू कुमार रजक, जितेन्द्र कुमार, रवि कुमार महतो, अंकित कुमार सिंह, अभिषेक मंडल, अभिषेक कुमार, मिथिलेश कुमार, शुभम कुमार, महादेव महतो, अभिषेक कुमार, नेहल कुमार शामिल हैं। कंपनी के वरिष्ठ एचआर महादेव पाटिल व प्रवीण गुप्ता ने 13 अप्रैल को प्लेसमेंट इंटरव्यू लिया था। कालेज के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने बताया कि कालेज गत वर्षों से निरंतर अपने छात्रों का उत्कृष्ट प्लेसमेंट करवा रहा है। इसमें प्लेसमेंट अधिकारी प्रो सलीम अहमद व प्रो रोही प्रसाद ने मूल्यवान योगदान दिया।

डीवीसी आवासों में रहनेवाले लोगों का होगा सत्यापन, समिति गठित

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के डीजीएम बीजी होलकर ने गुरुवार को आवासीय कॉलोनी में डीवीसी के आवासों में अधिकृत एवं अनाधिकृत रुप से रहनेवाले लोगों की जांच के लिए डीवीसी अधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों की एक समिति का गठन किया। समिति ऐसे सभी आवासों की जांच कर एक माह के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपने का कार्य करेगी। गुरुवार को डीजीएम द्वारा आदेश में वर्णित है कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों के आलोक में डीवीसी अधिकारियों तथा विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों की एक जांच समिति गठित की जाती है, जो डीवीसी बोकारो थर्मल के आवासों में अधिकृत एवं अनाधिकृत रुप से रहने वाले लोगों से पूछताछ कर वस्तुस्थिति की जांच करेगी। जांच के दौरान आवासों में रहने वाले सही व्यक्तियों की पहचान तथा आवास परिसर में निर्मित अवैध निर्माण की भी जांच कमेटी करेगी।

डीजीएम द्वारा गठित समिति में एचआर के सहायक प्रबंधक सह सचिव आवास आवंटन समिति एसएए अशरफ, सहायक प्रबंधक सिविल कल्याणी कुमारी, भू-संपदाधिकारी अविनाश कुमार सिन्हा, डीवीसी श्रमिक यूनियन के सचिव बीके सिंह, कर्मचारी संघ के सचिव सदन कुमार सिंह, स्टाफ एसोसिएशन के सचिव राम नारायण राय, कामगार संघ के सचिव रविचंद्र कुमार, मजदूर संघ के सचिव राजदेव सिंह, हिंद मजदूर किसान यूनियन के सचिव राम लाल पासवान शामिल हैं। डीजीएम के पत्र में भू-संपदा विभाग के ओएस एनुल हक अंसारी गठित समिति को आवासों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करने व रिपोर्ट तैयार करने में मदद करेंगें.समिति सप्ताह में दो दिन बुधवार तथा शुक्रवार को आवासों का भौतिक निरीक्षण कर अपनी विस्तृत रिर्पोट अधिकतम एक माह के भीतर डीजीएम को प्रस्तुत करेगी।

संक्षिप्त

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना

बोकारो। बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बालक टीम 24वीं झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को जमशेदपुर रवाना हो गई। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेली जाएगी। संघ के सचिव संजीव कुमार के अनुसार, जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला आठ सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक टीम में श्रेयांस मिश्रा, आयुष खवास, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या, हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश शामिल हैं। जबकि प्रशिक्षक (कोच) के रूम में किंकर कृष्णा मौजूद हैं। टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारूण अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह, अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, एवम अन्य सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

तुपकाडीह में दुर्गोत्सव का समापन

बोकारो। तुपकाडीह में दस-दिवसीय वासंती दुर्गा पूजा उत्सव का समापन गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ हो गया। काफी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां भगवती से आशीर्वाद लेने के बाद नम आंखों से उन्हें विदाई दी। महिला श्रद्धालुओं ने इस दौरान सिंदूर लगाकर सुहागन रहने का आशीर्वाद मां गौरी से मांगा। कमेटी के अध्यक्ष अनिल दिगार ने पूजा व रामनवमी जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर आमजनों का आभार जताया।

ट्रक की चपेट में आने से डाककर्मी घायल

बोकारो। चंदनकियारी सुभाष चौक में गुरुवार को ट्रक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान चंदनकियारी थाना क्षेत्र के कुमीरडोभा निवासी पोस्ट ऑफिस कर्मी जनार्दन शर्मा के रूप में की गई है। वह अपनी बाइक से घर से चंदनकियारी पोस्ट ऑफिस जा रहे थे। तभी सुभाष चौक में ओडिशा से लोहा का कच्चा माल लेकर धनबाद जा रही ट्रक के चपेट आ गया। युवक बाइक सहित ट्रक में फंस गया था, यह देख आसपास के लोगों ने आवाज लगाई तो चालक ने ब्रेक लगाकर ट्रक को रोका। दुर्घटना से युवक के दोनों पैर में गंभीर चोट आई है। अगर स्थानीय लोगों की नजर नहीं पड़ती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना के बाद लोगों ने किसी तरह युवक को निकाला और 108 एम्बुलेंस को बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया।

'श्रीराम के जीवन का हरेक पल मार्गदर्शक'

बोकारो। नगर के सेक्टर-1 स्थित श्रीरामकृष्ण विवेकानंद आश्रम में गुरुवार को श्री रामचरित मानस पर व्याख्यान आयोजित किया गया। अपने संबोधन में स्वामी शशांकानंद महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम के जीवन का एक-एक पल हमारे लिये अध्ययन करने योग्य है। जीवन के हर काल में रामचरित मानस हमारे जीवन का मार्गदर्शन करता है। प्रभु श्री राम जी ने हमे जीवन मे सच्चाई ईमानदारी मेहनत के साथ जीना सिखाया है। हमारे आराध्य प्रभु श्री राम सुख और दुख में धैर्य का परिचय देते हैं। प्रभु श्री का जीवन एक छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध व्यक्ति तक के लिए आदर्श है। इस अवसर पर सचिव प्रणव मित्र, गोपाल चंद मुंशी, शैवाल गुप्ता सहित कई भक्तजन उपस्थित रहे।

कल बोकारो थर्मल दौरे पर आयेंगे डीवीसी चेयरमैन

बोकारो थर्मल। डीवीसी चेयरमैन भाप्रसे एस सुरेश कुमार 20 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर बोकारो थर्मल आयेंगे। डीवीसी चेयरमैन इसके एक दिन पूर्व 19 अप्रैल को चंद्रपुरा पहुंचेगे। बोकारो थर्मल के नूरी नगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड का चेयरमैन विजिट करेंगे। बाद में बोकारो में बिजली कंज्यूमर की एक मीटिंग में भी वे शामिल होंगे। चेयरमैन के आगमन को लेकर पावर प्लांट सहित कॉलोनी के मेन रोड की साफ सफाई का कार्य सिविल के कामगारों द्वारा करवाया जा रहा है।

रामनवमी जुलूस पर पथराव के 24 घंटे बाद भी पिंड्राजोरा में तनाव

- जाला गांव में निषेधाज्ञा लागू, कर्फ्यू से हालात में दिनभर घर में कैद रहे ग्रामीण

संवाददाता, बोकारो

बोकारो में एक बार फिर रामनवमी जुलूस के दौरान पथराव का मामला बुधवार देर शाम सामने आया। घटना जिले के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जाला गांव की है। प्रशासनिक तत्परता से मामला शांत तो हो गया, लेकिन तनावपूर्ण स्थिति घटना के 24 घंटे बाद भी बनी हुई थी। गुरुवार को दूसरे दिन बीती रात से ही लगाई गई निषेधाज्ञा क्षेत्र में लागू रही। भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे और कर्फ्यू जैसे हालात में ग्रामीण दिनभर अपने घरों में कैद रहे। बता दें कि जाला गांव में 17 अप्रैल को रामनवमी जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच हुए विवाद के बाद रात से ही जिला प्रशासन ने धारा 144 लागू कर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनात कर दिया है। इसके कारण दिन भर ग्रामीण अपने-अपने घरों में कैद रहे। कुछ काम होने पर निकले ग्रामीणों को पुलिसकर्मियों को बताना पड़ रहा था कि वह किस काम से और कहां जा रहे हैं, इसके बाद ही उन्हें जाने दिया जा रहा था। ऐसे में पूरे जाला गांव में सन्नाटा पसरा हुआ था। आसपास गांव के लोग भी जाला जाने से कतरा रहे थे। बाहर से जाला गांव आने वाले लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही थी।

12 नामजद सहित दो दर्जन से अधिक आरोपी बनाए गए : घटना को लेकर पिंड्राजोरा पुलिस ने लेकर प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें प्राथमिकी में दोनों पक्षों के करीब 12 लोगों को नामजद व दो दर्जन से अधिक अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। इनपर विधि-व्यवस्था भंग करने, पथराव करने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। फिलहाल खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। वहीं गुरुवार की दोपहर चास एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता व चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह जाला गांव पहुंचे और जानकारी ली। शाम में भी पदाधिकारी पुनः पहुंचे और दोनों पक्षों के ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों को मिल-जुलकर व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहने की अपील की गई। साथ ही आगे विवाद बढ़ने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

रामनवमी जुलूस निकालने के दौरान भिड़ गए थे दो पक्ष, अफसर हो गए थे घायल : विदित हो कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे रामनवमी पर्व को लेकर जाला गांव के ही एक पक्ष की ओर से जुलूस निकाला जा रहा था। गांव से कुछ दूर आगे पहुंचा ही था कि दूसरे पक्ष के लोग पहुंच गए और जुलूस को आगे जाने से रोक दिया। बताया जाता है कि दूसरे पक्ष के लोग डीजे नहीं बजाने और जुलूस निकालने के लिए परमिशन नहीं मिलने की बात कहकर जुलूस को रोक दिया था। जुलूस में शामिल लोगों ने दूसरे पक्ष को लाख समझाने का प्रयास किया, लेकिन बहसबाजी होने लगी। बहस होता देख जुलूस के साथ मौजूद मजिस्ट्रेट व पुलिस कर्मियों ने भी समझाने का प्रयास किया। इसी बीच अचानक ही पथराव शुरू हो गया। एक पक्ष से पथराव शुरू हुआ तो दूसरे पक्ष ने भी पथराव किया। पथराव से मजिस्ट्रेट अमृत टोपनो व पिंड्राजोरा थाना के एएसआई किशोर मामूली रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद मजिस्ट्रेट ने फोन कर वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही चास एसडीएम व चास एसडीपीओ दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और हल्का बल प्रयोग कर ग्रामीणों को तितर-बितर किया। विवाद संभालने के लिए पुलिस लाईन से अतिरिक्त पुलिस बल भी मंगाया गया। वहीं मामले पर चास एसडीपीओ ने कहा कि हालात काबू में है, विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

आर.के. सिन्हा

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं।

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वहां की जनता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनाव में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की ह्लसेवन सिस्टर्सह्व या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव

ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन -प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है ।

मणिपुर में हालांकि केवल दो लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है । पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था।

पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई।

मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला। मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं । यह उम्मीद भी मोदी और अमित शाह से ही है कि मणिपुर में स्थाई शांति लाने में कामयाब होंगे। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दरवाजे तक गवर्नेंस पहुंचाने का प्रण लिया है। उन्होंने इस धारणा को बदल दिया है कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूर्वोत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आई है। यहाँ निवेश पहले से चार गुना अधिक हो रहा है। हाल ही में अरुणाचल में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला टनल का प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन किया और चीन को अपना इरादा बता दिया। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मणिपुर में स्थापित की गई है। 8 राज्यों में 200 से अधिक ह्यखेलो इंडिया सेंटरह्व बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लग यही रहा है कि पूर्वोत्तर भारत भाजपा को आगामी चुनाव में दिल खोलकर समर्थन देगा।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

संपादकीय

हथियार छोड़ने का समय

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलवादियों को मौत की नींद सुला दिया। सरकार की दृष्टि से सुरक्षा बलों का यह कारनामा इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि एक तो इसमें बड़ी संख्या में नक्सलवादियों को मारा गया है, और दूसरे, मारे गए नक्सलियों में उनके नामी गिरामी ईनामी कमांडर भी शामिल हैं। 19 अप्रैल को प्रथम चरण के मतदान से पूर्व सुरक्षा बलों की इस सफलता पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया करने वाले सुरक्षा बलों के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार देश को नक्सलवाद की बुराई से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे विचारधारात्मक धरातल पर एक बड़ी त्रासदी ही कहा जाएगा कि जो आंदोलन भारत के दबे-कुचले मानवीय समूहों को उनका हक तथा गरिमापूर्ण जीवन दिलाने के लिए पूंजीवाद, साम्राज्यवाद और सामंतवाद को सशस्त्र संघर्ष के बल पर उखाड़ फेंक देना चाहता था और शोषित-वंचित तबकों को जल, जंगल और जमीन और खनिज संपदा का आधिपत्य दिलाना चाहता था, अब वह अपनी समाप्ति की घड़ियां गिन रहा है। नक्सलवाद की आरंभिक सोच यही थी कि जिस तरह से सोवियत संघ में लेनिन के नेतृत्व में साम्यवादी क्रांति सफल हुई और उसके बाद जिस तरह से माओ-त्से-तुंग के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष के बल पर चीन में साम्यवादी सत्ता स्थापित हुई, उसी तरह भारत में भी की जा सकती है। इसी विचार को आधार बिंदु मानकर उन्होंने अपने संघर्ष को आगे बढ़ाया। कम्युनिस्ट समूहों में उग्र मतभेदों, टूट-फूट और विभाजनों के बावजूद देश के उन हिस्सों में जहां राज्य की भुजा आसानी से पहुंचने में सक्षम नहीं थी, वहां अपना प्रभाव भी बढ़ाया। एक समय ऐसा आया जब देश के दस राज्यों के 180 जिले नक्सलवाद से प्रभावित घोषित किए गए लेकिन नक्सलवादी नेतृत्व कभी भी ठीक प्रकार से यह नहीं समझ सका कि सोवियत संघ और चीन में जैसी आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियों के बीच कम्युनिस्ट संघर्ष को सफलता मिली थी, भारत में वैसी परिस्थितियां नहीं थीं। भारत का समाज जाति, धर्म, क्षेत्र आदि जैसे विभाजनों से ग्रस्त था, उसमें इस विचारधारा के आगे पनपने की कोई गुंजाइश नहीं थी और परिणाम सामने है। बेहतर होगा कि नक्सलवादी अपने संघर्ष सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर करें ताकि जनता जागरूक हो सके और लोकतंत्र के भीतर ही जनता सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर पाए।

चिंतन-मनन

अहंकार से ज्ञान का नाश

अहंकार से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए।

कभी किसी को नहीं सताओ : धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मयार्दा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

गुप्तदान महादान : मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी।

मृत्यु से कोई नहीं बच पाया : धन, मित्र, स्त्रि तथा पृथ्वी के समस्त भोग आदि तो बार-बार मिलते हैं, किन्तु मनुष्य शरीर बार-बार जीव को नहीं मिलता। अतः मनुष्य को कुछ न कुछ सत्कर्म करते रहना चाहिए। मनुष्य वही है, जिसमें विवेक, संयम, दान-शीलता, शील, दया और धर्म में प्रीति हो। संसार में सर्वमान्य यदि कोई है तो वह है मृत्यु। दुनिया में जो जन्मा है, वह एक न एक दिन अवश्य मरेगा। सृष्टि के आदिकाल से लेकर आज तक मृत्यु से कोई भी नहीं बच पाया।

हिन्दू नववर्ष में शांति से काम लें

संजय गोस्वामी

जैसा की मालूम होगा हिंदी कैलेंडर के अनुसार, चैत्र मास की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। इस बार हिंदू नववर्ष 09 अप्रैल 2024 से शुरू हुआ, जो विक्रम संवत 2081 के नाम से भी जाना जाता है। इसका वैदिक मान्यता यह है कि स्वर्णिम देह भगवान ब्रह्मा जी ने आज ही सृष्टि रचना प्रारंभ की थी। जब ओंकार वाच्य परब्रह्म को विश्व रचने का संकल्प हुआ तो सबसे पहले हिरण्यमय ब्रह्मा का रूप धारण किया, इसीलिए कहा है, स वे शरीरी प्रथम। सबसे बड़ी शक्ति तो परब्रह्म या ब्रह्म ही है जिसका शाब्दिक अर्थ है जिससे बड़ा कोई न हो।यही कारण है ब्रह्म का साकार रूप ब्रह्मा है। वृद्ध रूप में वे हो ब्रह्मांड रूप परिवार के मुखिया अर्थात पितामह अर्थात इतने आदरणीय है कि पिता के भी पिता है। ब्रह्माजी ने ही सूर्य, चंद्र, पृथ्वी का सृजन कर उसे धारण किया है अतः उन्हें धाता कहा गया है। चाहे श्रमिक हो या चक्रवर्ती सम्राट ब्रह्मा जी के विधान से नहीं बच सकता। कहा भी है विधाता का विधान कोई टाल नहीं सकता। भविष्य पुराण अनुसार ब्रह्माजी के विधान को न तो भगवान विष्णु टाल सकते न परमेश्वर शिव ही।विश्व की रचना का कर्म करने कारण नहीं ही विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक श्लोक अनुसार अजन्मा प्रजापति ब्रह्मा बारंबार शिशु के रूप में जन्म ले रहे हैं, इस प्रकार सारे मनुष्यों को ब्रह्मा दशार्या गया है। यही कारण है कि स्कंद पुराण में स्वयं साक्षात शिव, जगदम्बा पार्वती से कहते हैं, ब्रह्मा के समान न तो देव, न गुरु और न ज्ञान है। विभिन्न धर्म ग्रंथों भविष्य पुराण, अग्नि पुराण आदि के अनुसार आज ब्रह्माजी की पूजा अर्चना का दिवस है। स्वर्णिम देह ब्रह्मा जी पूरे भारत को स्वर्णिम वैभव से पूरित है संवत्सर पर्व, नव वर्ष सभी के कल्याणकारी होता है यदि हम भगवान श्री राम के महत्व को जानते हैं तो क्योंकि रामनवमी भी इसी नवरात्र के अंत में आता है और कहा गया है अंत भला तो सब भला। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। इस नए संवत्सर 2081 की शुरूआत मंगलवार से हो गई इसलिए मंगल ग्रह ही इस वर्ष का राजा हैं । जबकि शनि देव इसके मंत्री होते हैं ।हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 9अप्रैल से शुरू हुआ । हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष आरंभ होता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमते हुए सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र शुरू करती है तब हिंदू नववर्ष आता है। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। यह हिंदू नववर्ष अधिक खास है भारतीय के लिए, हम गुलामी की जंजीर में ऐसे जकड़े की अपना समय को भी अपने अनुसार नहीं ढाल पाएं और इसलिए लोगों की वैदिक अवधारण नस्ट हो रही है कोई राजनेता वो भी हेलीकाप्टर से मछली खाता है और सबों को नास्तिक बनाता है कभी बिहार में नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं किया जो शर्मनाक मकसद से बनाया गया जाति में बांटो औए वोट मजबूत करो लेकिन आप ऐ याद रखें जो अपनी आँखो से नहीं तो टीवी में देखा होगा आपको कभी हेलीकाप्टर पर बिठाया मोदी करेंगे कुछ वक़्त और मिलेगा तो नवभारत का निर्माण होगा और वैदिक विज्ञान से भारत को नई दिशा मिलेगी जो कहते हैं राम मंदिर उनका यानि बीजेपी वालों का हैं तो क्या हम बाबारी मस्जिद को लाएंगे यदि किसी ने भगवान राम को जन्मभूमि मान कर पूजन कर लिया तो क्या गलत है इसमें यानि यदि गलती से आप आयेंगे तो राम का नाम लेने पर बैन लगा देंगे साध्वी प्रज्ञा को जेल में फालतू डालकर आपने जो किया वही आपको दिशाहिन बना रहा है यदि उछलना नहीं है तो शांत मन एक बार अपनी गलती को समझने की कोशिश करें और सुधार करें यदि इसी तरह उछलते रहें तो लोकतंत्र में जनता आपको उछाल देगी।हर दिन और समय एक ही होता है वो पृथ्वी के घूमने से भगवान श्री राम में ही ऐसी ताकत हैं की उसे बदल भी सकते हैं और किसी में नहीं तभी तो हनुमानजी ने समय से आगे निकलकर भगवान लक्ष्मण के लिए लंका से हिमालय की दुरी कुछ ही घंटो में पूर्ण कर ली और स्वामी विवेकानंद ने तो राम को ईश्वर के समकक्ष माना है ऐ भी आप जानते होंगे की स्वामी विवकानंद ऐसा ज्ञानी पुरुष कोई नहीं हुआ जिन्होंने शिकागो में भारत का मस्तिष्क ऊँचा किया आप उनकी विरासत को मिट्टी में मिला रहे हो केवल नौकरी देना चुनाव का उद्घोष है तो गलत है संस्कार सबसे बड़ी चीज होती है और यही कारण है मंत्री जेल जा रहें हैं।

एनसीईआरटी : किताबों में बदलने लगा इतिहास

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ीमैन' के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में 'ईंट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता' पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है।

इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।

2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि



2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।

इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया।

हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है।

डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं।

प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले। भिन्न आकार-आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। 'आर्यों' के ऊपर 'आनुवांशिकी' के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है।

डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्रोत संस्कृत है।

बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल ह्यसप्त सिंधुह्व मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

यह है आत्मविश्वास बढ़ाने की कुंजी

(रवीन्द्र गुप्ता)

हर इंसान अपने लक्ष्य की प्राप्ति में प्रयासरत रहता है। उसके लिए जरूरी होता है 'आत्मविश्वास'। 'आत्मविश्वास' यानी अपनी आत्मा पर विश्वास या अपने आप पर विश्वास।

जीवन में हर काम अपने आत्मविश्वास के बलबूते पर ही होते हैं। आत्मविश्वास के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण का होना जरूरी होता है। बिना आत्मविश्वास के कोई भी काम सफल नहीं हो सकता है।

अगर होता भी है तो निम्नस्तर का या आधा-अधूरा व खराब। आइए, हम जानते हैं आत्मविश्वास के बारे में-

क्या है आत्मविश्वास?

आत्मविश्वास वस्तुतः एक मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति है। इससे महान कार्यों के संपादन में सहजता और सफलता हमें प्राप्त होती है। बगैर आत्मविश्वास के इन कार्यों की सफलता संदिग्ध ही बनी रहती है।

एकाग्रचित बनें

जिस भी व्यक्ति का मन शंका, चिंता और भय से भरा हो वह बड़े कार्य तो क्या, साधारण से साधारण कार्य भी नहीं कर सकता है। चिंता व शंका आपके मन को कभी भी एकाग्र न होने देंगे अतः आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु अपने मन से सभी प्रकार के संदेह निकालें तथा एकाग्रता को बढ़ाएं।

आत्मविश्वास अद्भुत शक्ति

आत्मविश्वास एक अद्भुत शक्ति होती है। इसके बल से व्यक्ति तमाम विपत्तियों तथा शत्रुओं का सामना कर लेता है। संसार के अभी तक के बड़े से बड़े कार्य आत्मविश्वास के बलबूते ही हुए हैं और हो रहे हैं तथा होते रहेंगे।

बच्चों में आत्मविश्वास भरें

माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों में आत्मविश्वास भरें। उनका आत्मविश्वास कभी कम नहीं करना चाहिए। उन्हें कभी भी इस प्रकार के नकारात्मक शब्द कि 'तुम कुछ नहीं जानते' या 'तुम में इस बात की कमी है' कभी नहीं कहने चाहिए।

इससे बच्चों का आत्मविश्वास कम होता है तथा इससे उनमें हीनभावना जागृत होती है तथा वे कुंठित हो जाते हैं। आज जग में जो निराशा की भावना तथा गरीबी दिखाई दे रही है उसके पीछे प्रमुख कारण यही हीनभावना है।

ऐसे बढ़ाएं आत्मविश्वास -

सकारात्मक चिंतन हो : सबसे पहले व्यक्ति को चाहिए कि वह हमेशा सकारात्मक चिंतन करे। सकारात्मक विचारधारा के लोगों के साथ ही रहें। कहा भी जाता है कि 'जैसी संगति, वैसी उन्नति'। जैसी आपकी विचारधारा होगी, दिमाग भी वही सोचने लगता है अतः सकारात्मक ही सोचें तथा साथ ही अपनी खामियों को भी स्वीकार करें।

आत्मविश्वास से भरपूर होने का अभ्यास करें -

आप अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए यह प्रयास करें कि मैं सक्षम हूं। मैं यह कार्य कर सकता हूं। मुझे इसमें कोई दिक्कत नहीं आएगी।

महानायक अमिताभ बच्चन को भी पहली बार अभिनय करते वक्त काफी डर लगता था। जब अधिक डर लगता था तो वे स्वयं से कहते थे कि 'मैं जिसका रोल कर रहा हूं वह व्यक्ति मैं ही हूं' ऐसा सोचते व करते उनका आत्मविश्वास बढ़ गया व आज वे 'बिग बी' कहलाते हैं।

बीती ताहि बिसारि दे : अपने द्वारा भूतकाल में की गईं गलतियों, असफलताओं को आप भुलाकर नई शुरुआत करें। भविष्य की योजना बनाएं तथा लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति में जुट जाएं।

उपलब्धियां याद रखें : आत्मविश्वास की कुंजी है असफलता को स्वीकारना। श्रेष्ठ काम के लिए स्वयं को सराहें। आपके द्वारा सफलतापूर्वक किया गया काम आप फिर दोहरा सकते हैं इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

नया सीखते रहें : यदि आपको वर्तमान परिस्थिति जटिल लगे तो उसे नए तरीके से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कुछ नया सीखने से आपका आत्मविश्वास तथा उत्साह बढ़ेगा तथा आपको इस बात का एहसास होता रहेगा कि 'मैं कुछ अलग व नया जानता हूं।' इससे आपका काम कम समय में बेहतर तरीके से होगा।

व्यक्तित्व को निखारिए : अपने व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देते रहें तथा हमेशा अपना व्यक्तित्व आकर्षक बनाए रखिए। बॉडी लैंग्वेज और कम्युनिकेशन स्किल को सुधारें। संकीर्ण मनोवृत्ति का न बनें। स्वयं को नई सूचनाओं से अपडेट रखें तथा आसपास के परिवेश से भी तालमेल बैठाए रखें।

इस प्रकार की चंद बातों को आजमाकर आप अपना आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं तथा जीवन में नित नई उन्नति कर सकते हैं। तो आप भी आज से जुट जाइए अपना आत्मविश्वास बढ़ाने व तरक्की करने में।

टॉपर्स बनने के टिप्स

सफलता को पाने के लिए कड़ी मेहनत तो करनी ही पड़ती है। हम किसी कक्षा की एग्जाम या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हों, इसके लिए सिर्फ एक ही लक्ष्य रखना पड़ता है वह है पढ़ाई।

किसी परीक्षा में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को देखकर मन में यही विचार आता है कि टॉपर्स किस तरह से परीक्षा की तैयारी करते हैं।

कुछ टिप्स जो टॉपर्स अपनाते हैं-

- शुरुआत में ही यह सोच लें कि आपको किस क्षेत्र में करियर बनाना है, उस क्षेत्र में सफलता के लिए जुट जाएं।
- पूर्ण समर्पण के साथ पढ़ाई करें। अगर कोचिंग के अलावा घर पर भी पढ़ाई करें।
- स्वयं का आत्मविश्वास बनाएं रखें। स्वयं पर किसी प्रकार का दबाव न आने दें।
- अपनी कमजोरियों को खोजें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें।
- टॉपिक्स को रटने की बजाय समझकर पढ़ने की कोशिश करें।
- पढ़ाई में निरंतरता रखें। रेग्यूलर पढ़ाई करने से वह बोझ महसूस नहीं होती।
- किसी प्रतियोगी एग्जाम की तैयारी प्लानिंग से करें ताकि रिविजन में परेशानी न आए।
- अपने ऊपर किसी प्रकार का दबाव न आने दें।
- पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर उसका टीचर्स से या दोस्तों के साथ मिलकर हल निकालने का प्रयास करें।
- जिस क्षेत्र में आप तैयारी कर रहे हैं, उस क्षेत्र के एक्सपर्ट?स का मार्गदर्शन समय-समय पर लेते रहें।

ऐसे करें टाइम मैनेजमेंट

समय का पहिया निरंतर घूमता रहता है। किसी के लिए रुकता नहीं है। जिस तरह मुट्ठी में बंधी हुई रेत को फिसलने से हाथ में ?नहीं रोका जा सकता है, उसी तरह समय के ?पहिए को भी नहीं रोका जा सकता है।

कॉम्पीटिशन के इस दौर में समय के साथ चलना जरूरी है। अक्सर लोग समय का रोना रोते रहते हैं। खासकर युवा व्यर्थ कामों में अपना समय लगाकर अपने महत्वपूर्ण काम की अनदेखी करते हैं। फिर उनकी शिकायत रहती है हमें समय ही नहीं मिलता। ऐसे में आवश्यकता होती है टाइम मैनेजमेंट की। आप अपना कार्य जितने व्यवस्थित तरीके से करेंगे, काम उतना बेहतर और जल्दी होगा।

जानिए टाइम मैनेजमेंट के कुछ टिप्स-

- सबसे पहले यह देखें कि आप कहां टाइम वेस्ट कर रहे हैं। जैसे चेटिंग, फेसबुक, ई-मेल या टीवी वगैरह। इन कामों का समय निर्धारित कर आप काफी टाइम बचा सकते हैं।
- प्राथमिकताएं तय कीजिए। जो काम जरूरी है उसे अभी ?कीजिए और जो बाद में किया जा सकता है, उसके लिए समय तय कीजिए। गैर जरूरी काम छोड़कर भी आप वर्कलोड कम कर सकते हैं।
- टाइम मैनेजमेंट टूल्स का उपयोग कीजिए। मोबाइल, कैलेंडर या चार्ट वगैरह की मदद से काम समय पर निपटाए जा सकते हैं। बस रिमांडर को अवॉइड करने की आदत छोड़नी होगी।
- काम आउटसोर्स कीजिए। आप चाहें स्टूडेंट हों, प्रोफेशनल हों या गृहिणी, ऐसे कई काम हैं जो दूसरों से करवाए जा सकते हैं। इससे आपका वर्कलोड कम होगा और आप बेहतर काम कर पाएंगे।
- इंतजार में वक्त बर्बाद न करें। कई मौकों पर हमें इंतजार करते हुए लंबा समय गुजारना पड़ता है। कुछ छोटे-मोटे काम इस समय निपटाए जा सकते हैं। जैसे मेल्स चेक करना, नोट?स बनाना या जरूरी फोन लगाना।

इन आसान टिप्स को अपनाकर आप समय के सदउपयोग के साथ उसके साथ आगे बढ़ सकेंगे।

संकल्पों के साथ कैरियर की शुरुआत



जो संकल्प लिया गया हो, उसके बारे में अपने दोस्तों तथा रिश्तेदारों को भी बताना जरूरी है। इससे फायदा यह होगा कि आप संकल्प पूर्ण करने में जरा भी कमजोर या निष्क्रिय दिखाई दिए तो आपके दोस्त व रिश्तेदार आपको आपके संकल्प की याद दिला देंगे।

कई लोगों को लगता है कि जिंदगी बहुत छोटी है, इसमें कई बड़े काम करने हैं। यह सही है कि जीवन बहुत छोटा है, लेकिन यह सोच कतई उचित नहीं है कि आप एकसाथ कई संकल्प कर लें या कामों की लाइन लगा दें। मतलब यही कि आप कई संकल्प एकसाथ न लें। ऐसा करना अपनी क्षमताओं को बहुत ज्यादा आंकने से भी हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि ठोक-बजाकर वही संकल्प लें, जिसे पूरा करना संभव हो।

अक्सर देखा जाता है कि देखा-देखी या किसी के कहने में आकर भी संकल्प ले लिए जाते हैं। ऐसे संकल्पों की कोई ठोस जमीन नहीं होती। नतीजतन संकल्प का कोई मतलब नहीं रह जाता। इससे बेहतर है कि अपनी रुचि, इच्छा तथा तैयारी हो तभी संकल्प लें। हरेक व्यक्ति की क्षमता, सोच, उत्साह, जोश, प्रवृत्ति, प्रकृति आदि अलग-अलग होते हैं। इसलिए अपने व्यक्तित्व को जाँचकर संकल्प लें।

जो संकल्प लिया गया हो उसके बारे में अपने दोस्तों तथा रिश्तेदारों को भी बताना जरूरी है। इससे फायदा यह होगा कि आप संकल्प पूर्ण करने में जरा भी कमजोर या निष्क्रिय दिखाई दिए तो आपके दोस्त व रिश्तेदार आपको आपके संकल्प की याद दिला देंगे।

बड़े काम तभी संभव हो पाते हैं, जब उन्हें पूरा करने में हम पूरी दृढ़ता के साथ पूरी शक्ति, उमंग, जोश तथा ऊर्जा के साथ लग जाते हैं। यदि हमारी मनःस्थिति ढुलमुल रही या हम 'हां-ना' के जाल में फंसे रहे तो एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा सकते। काम छोटा हो या बड़ा, उसे पूरा करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

जीवन को अर्थवान बनाने के लिए कई लोग तरह-तरह के संकल्प लेते हैं। इससे उनके जीवन का लक्ष्य तय होता है। प्रसिद्ध विचारक स्वेट मॉर्डेन ने अपनी पुस्तक में लिखा है, 'ऐसा व्यक्ति कठिनाई से मिलता है, जो विश्वासपूर्वक यह कह सके कि मैं करूंगा। जो कार्य मुझे करना चाहिए मैं उसे करता हूं, जो कार्य मैं कर सकता हूं, वह मुझे करना चाहिए। भगवान की कृपा से मैं ऐसे कार्य अवश्य पूरे करूंगा। मैंने परम पिता परमेश्वर के सम्मुख प्रण लिया है कि मैं इसे अवश्य पूर्ण करूंगा।' व्यक्ति इस आधार पर अपना संकल्प तय कर ले तो उसमें जो आत्मविश्वास एवं दृढ़ता आएगी, उससे उसके संकल्प के पूरा होने में कोई संदेह नहीं रहेगा।

किसी भी संकल्प को लेने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि बिलकुल शांत तथा एकाग्र हो जाएं। फिर अपनी तमाम शक्तियों या क्षमताओं तथा कमजोरियों का पूरा आकलन करें। इसमें अपनी रुचि को सर्वोच्च स्थान दें।

ऐसा करने से आपको अपनी सीमाओं का पता चल जाएगा और आप अपनी हद में रहकर संकल्प ले सकेंगे। यदि ऐसा नहीं किया गया तो संकल्प अति उत्साह या आवेग में लिया हुआ होगा, जिसका ज्वार बहुत जल्दी उतर जाता है। ऐसे में व्यक्ति का संकल्प भी धरा-का-धरा रह जाता है। इसका असर इतना विपरीत होता है कि व्यक्ति निराश एवं हताश हो जाता है, जिससे उसके दूसरे कार्य भी बिगड़ जाते हैं। उसका संपूर्ण व्यक्तित्व नकारात्मक दिशा में जा सकता है।

नहीं मिल रही है नौकरी, तो करें...

अगर सभी योग्यता और डिग्री होने के बाद भी आपको नौकरी नहीं मिल रही है। भरपूर प्रयत्न करने के बाद भी आप जॉब मार्केट में कंपनियों का ध्यान आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं। आप इंटरव्यू में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो आपको सेल्फ एनालिसिस करना होगा।

इससे आप अपनी खूबियों को पहचान सकेंगे और उन्हें जॉब्स ढूंढने में उपयोग कर सकते हैं। कुछ खास बातें जो आपको नौकरी दिलाने में मददगार हो सकती हैं-

कम्युनिकेशन बढ़ाएं- सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट?स पर सक्रिय रहें। लोगों से मिलें। हर जॉब पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना चाहिए। नौकरी की अपनी जरूरतों को स्पष्ट रूप से बता देना चाहिए। ई-मेल या फोन करने की बजाय लोगों से सीधे मिलें। इससे आपका प्रभाव लोगो पर अच्छा पड़ेगा।



विकल्पों पर रखें नजर- आप जिस क्षेत्र में नौकरी करना चाहते हैं, उससे जुड़ी कंपनियों के वर्क कल्चर और हायरिंग प्रोसेस के बारे में जानकारी जुटाएं। कुछ ऐसी कंपनियों पर भी गौर कर सकते हैं, जो अलग-अलग तरह के काम करवाती हैं।

अपनी खूबियों को पहचानें- नौकरी ढूंढने से पहले आपको अपनी खूबियों की बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। इस बात की भी जानकारी रखें कि आज जॉब्स देने वाली कंपनियों की जरूरतें क्या हैं। आजकल एक नौकरी के लिए हजारों आवेदन आते हैं, ऐसे में आपमें कुछ खास योग्यताएं होनी चाहिए , ताकि आप वह जॉब हासिल कर सकें।

आकर्षक हो रिज्यूमे- आपका रिज्यूमे आकर्षक होना चाहिए। रिज्यूमे में ओवरलोड कंटेंट नहीं होगा चाहिए। अपनी खूबियां संक्षेप में होनी चाहिए। आपका प्रोफाइल खास होना चाहिए। अपनी पसंद और नापसंद और काम करने के तरीके के बारे खास तरीके से प्रस्तुति दें।

इंटरव्यू के लिए खास बातें

कहते हैं फर्स्ट इंम्प्रेशन इज़ लास्ट इम्प्रेशन। किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देते समय आपको इन्हीं बातों का ध्यान रखना पड़ता है। आप इंटरव्यू में अपने आपको सही तरीके से प्रस्तुत करेंगे तो आपको जॉब मिलने में आसानी होगी। आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं।

समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुचें और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।

हरेक गतिविधि पर नजर- इंटरव्यू देते वक्त आपका ध्यान सिर्फ उसी पर रहता है। इंटरव्यूअर आपसे सवाल-जवाब करने के दौरान आपकी प्रत्येक हलचल पर ध्यान रखता है।कई कंपनियों में तो कैंडिडेट?स के व्यवहार को देखने के लिए रिसेप्शन पर कैमरे तक लगाए जाते हैं। हायरिंग मैनेजर इन कैमरों से यह देखते हैं कि आप रिसेप्शनिस्ट और दूसरे इंटरव्यू देने आए प्रतिभागियों से कैसा व्यवहार कर रहे हैं।

बातों को बढ़ा-चढ़ाकर न बोलें- इंटरव्यू के दौरान अनावश्यक न बोलें। आपसे जो सवाल किया जाए, उसी का सीधे तरीके से जवाब दें। कई लोगों की आदत जरूरत से ज्यादा बोलने की होती है। इंटरव्यूवर को इस बात से सख्त नफरत होती है कि आप उसके सवाल का जवाब देने की बजाय इधर-उधर की बातें करें। अगर आप फालतू की बात करेंगे तो यही माना जाएगा कि आपको कुछ पता नहीं है।

सकारात्मक जवाब- इंटरव्यू के दौरान अपने पॉजीटिव एटिट्यूट को प्रदर्शित करें। इंटरव्यू के दौरान आपसे चाहे जितने नकारात्मक प्रश्न पूछे जाएं, आप उनका जवाब पॉजीटिव ही दें। इंटरव्यू के दौरान ज्यादा कम्फर्टेबल और फ्रेंडली होने का प्रयास भी न करें।

अपने इम्प्लोयर की न करें आलोचना- आप अपने वर्तमान जॉब से चाहे कितने ही असंतुष्ट क्यों न हों, लेकिन इंटरव्यू के दौरान अपने इम्प्लोयर की किसी भी तरह की आलोचना न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो इंटरव्यू पैनल में आपके बारे में गलत संदेश जाएगा।

संक्षिप्त

मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

भागलपुर। जिले के एसएसपी आनंद कुमार ने गुरुवार को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध हथियार और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भागलपुर पुलिस को सबौर थाना क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री के बारे में गुप्त सूचना मिली। उन्होंने कहा कि सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा के गुप्त सूचना के आधार पर अमिक मंडल के घर से भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया तथा अमिक मंडल को विधिवत गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान कई हथियार और हथियार बनाने की सामग्री भी पुलिस ने बरामद किया है।

टॉप 10 की सूची में शामिल कुख्यात तथा पचास हजार का ईनामी अपराधी चंदन यादव गिरफ्तार

भागलपुर। जिले के सबौर थाना ने टॉप 10 की सूची में शामिल कुख्यात तथा 50 हजार का ईनामी अपराधी चंदन यादव उर्फ चंदन टाईगर को गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सिटी एसपी श्री राज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मोस्ट वांटेड अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में टॉप 10 की सूची में शामिल चंदन यादव उर्फ चंदन टाईगर के गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। उक्त टीम के द्वारा कुख्यात अपराधी चंदन यादव उर्फ चंदन टाईगर को ग्राम ईंग्लिश से विधिवत गिरफ्तार किया गया। इसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपया का ईनाम घोषित था। चंदन यादव उर्फ चंदन टाईगर का आपराधिक इतिहास रहा ह। उसके खिलाफ विभिन्न थाना में दर्शन भर से अधिक मामले दर्ज हैं। अन्य थानों से भी आपराधिक इतिहास पता लगाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नगर की निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल मैं विवेक कुमार जायसवाल थानाध्यक्ष सबौर पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, बिट्टू कुमार कमल, रामानुज कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिस बल शामिल थे।

हत्याकांड मामले का अभियुक्त रब्बू यादव गिरफ्तार

भागलपुर। जिले के बाथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुए हत्याकांड मामले में मुख्य अभियुक्त रब्बु यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को सिटी एसपी श्री राज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 16 अप्रैल को बाथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत दौलतपुर बहियार में भूसा चोरी के विवाद में 02 व्यक्तियों को गाली मार दी गई थी, जिसमें दौलतपुर निवासी मुकेश कुमार सिंह की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई थी तथा दूसरे व्यक्ति को बाथ पुलिस द्वारा तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था जो अभी खतरे से बाहर हैं। इस संबंध में बाथ थाना में सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज किया गया। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त रब्बु यादव को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के निगरानी में गठित छापेमारी दल कन्हैया कुमार झा थानाध्यक्ष बाथ थाना और सशस्त्र बल बाथ थाना शामिल थे।

मोतिहारी पुलिस ने लूट व आर्म्स एक्ट कांड में वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। जिला पुलिस टीम ने छौड़ादानो थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर घोड़ासहन में हुए तीन लूट कांड और आर्म्स एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी रामा यादव जितना थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है। इस संबंध में सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार ने बताया है कि गिरफ्तार रामा यादव पर घोडासहन थाना में आर्म्स एक्ट व लूट के तीन मामले दर्ज हैं। जिसमें पुलिस को उसकी तलाश थी। बताया गया है कि उसके कुछ अन्य सहयोगियों को भी पुलिस ने चिन्हित किया है,जिसके विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। पुलिस टीम में डीएसपी के अलावे , छौड़ादानो सर्किल इंस्पेक्टर धनंजय कुमार घोड़ासहन थाना अध्यक्ष शंभू कुमार , जितना थाना अध्यक्ष अमित कुमार , थानाध्यक्ष झरोखर शिवनाथ मांझी , छौड़ादानो थाने के सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार , घोड़ासहन के एसआई अभय कुमार , पीएसआई विकास कुमार , मधुकर कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

डीएम ने लोगों से की मतदान करने की अपील, पहले मतदान फिर जलपान

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को घंटाघर चौक से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली को जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी, डीसी कुमार अनुराग के अलावा कई पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रैली में जीविका दीदी, एनसीसी के बच्चे और निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी खुद मौजूद थे। इस जागरूकता रैली में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। इसका इस्तेमाल हमें जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समानता का पर्व है। पहले लोगों को मतदान करना है फिर जलपान करना है। उन्होंने कहा कि भागलपुर में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत होना चाहिए।

पूर्व सांसद शैलेश कुमार ने छोड़ा राजद का साथ, जदयू में शामिल

पटना। राजद के पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुंगेर से लोकसभा उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ 'ललन', प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस दौरान पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुंगेर से लोकसभा उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ 'ललन' ने कहा कि बुलो मंडल जमीनी स्तर के सामाजिक कार्यकर्ता रहें हैं। उनके आने से भागलपुर और पूर्णिया में जदयू का संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि राजद अतिपिछड़ा समाज के प्रति वफादार नहीं है। असल मायनों में बिहार के अतिपिछड़ा समाज को सम्मान देने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। मुख्यमंत्री ने न्याय के साथ विकास का उत्कृष्ट नमूना पेश किया है जिसकी सराहना आज दुनियाभर में होती है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल का प्रदेश के अतिपिछड़ा वर्ग में खासा प्रभाव है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों एवं विकासकार्यों में विश्वास जताते हुए उन्होंने जदयू का दामन थामा है। बातौर विधायक और सांसद बुलो मंडल ने कई वर्षो तक जनता की सेवा में समर्पित रहें हैं। हमें पूरी आशा है कि शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल के आने से पार्टी को जमीन पर और अधिक मजबूती प्रदान होगी।

जदयू परिवार में बुलो मंडल एवं उनके तमाम साथियों का हम तहे दिल से स्वागत करते हैं। पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा किमुख्यमंत्रीनीतीश कुमार के नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए हमनें जदयू को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देने का निर्णय लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद में आंतरिक लोकतंत्र पूरी तरह से अब समाप्त हो चुका है। जदयू की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से टुल्लू यादव, गौरव कुमार, शुभम कुमार यादव, पवन कुमार यादव, धर्मेन्द्र चौधरी, कुणाल झा एवं भानु झा शामिल है।

राजद प्रत्याशी की नामांकन सभा में तेजस्वी ने पीएम मोदी के लिए गाया गाना

फारबिसगंज/अररिया। अररिया लोकसभा से राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के नामांकन सभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वीआईपी के मुकेश सहनी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा, डॉक्टर शकील अहमद खान बुधवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम पहुंचे। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में बदलाव लाने की जरूरत है और उन्होंने कहा की अगर हमारी सरकार बनती है तो एक करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी। इस क्रम में तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर जमकर कटाक्ष किया और गाना गाते हुए उन पर तंज भी कसा। मोदी जी के लिए गीत में कहा कि " मोदी जी तुम तो धोखेबाज हो वादा करके भूल जाते हो" जिस पर मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजायी। उन्होंने कहा कि हमने जो वादा किया है उसे नहीं भूलेंगे और लोगों को रोजगार देंगे। उन्होंने कहा की जो भी रूठे हैं उन्हें मनाना है। शाहनवाज आलम मेरे भाई हैं और इनको भारी मतों से विजय बनाए। अब अररिया में बदलाव लाने की जरूरत है। अररिया जिले में बाढ़ की समस्या है और इससे निजात दिलाने की जरूरत है। लोग जो यहां से पलायन कर दूसरे प्रान्तों में जाते हैं उनको रोजगार देने का काम किया जाएगा और अररिया में उद्योग भी लगाए जाएंगे जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।

चंपारण को मिनी चंबल बनाने वालों को मुंह तोड़ जवाब देगी जनता : राजीव रंजन

पश्चिम चंपारण (बगहा)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने गुरुवार को यहां कहा कि राजद-कांग्रेस का कुशासन ही था, जिसने गांधी के चंपारण को मिनी चंबल के नाम से कुख्यात कर दिया था। उन्होंने कहा कि ये लोग जनता को बरगलाकर बिहार और चंपारण को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं।राजद-कांग्रेस पार्टी के लोग सिर्फ झूठ बोलने वाले लोग हैं। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इस कारण ये लोग झूठ बोलते हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार अब तक 6 सीट पर भी दावेदारी नहीं की। इसलिए ये लोग मैदान में नही आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसका एक सांसद और सरकार नहीं हो वे लोग रोजगार देने की बात करते हैं। यह कितना हास्यास्पद है। राजद-कांग्रेस गठजोड़ पर जमकर हमला करते हुए कहा कि राजद-कांग्रेस जैसी पार्टियां अपने परिवारिक राजनीति में इतनी अंधी हो चुकी हैं कि उन्हें जनता का हित दिखायी देना बंद हो गया है।

पताही में गोलीकांड का अभियुक्त गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। जिले के पताही थाना क्षेत्र के खुटौना गांव में होली के दिन हुई गोलीबारी कांड के अभियुक्त विजय सिंह को पुलिस ने बेतौना गांव से गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी गुरुवार को पताही थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने दी। होली के दिन आपसी विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तीन राउंड फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

गोपालगंज में गेंहू की खरीदारी के लिए 13 करोड़ का मिला सीसी

पतिनिधि, गोपालगंज

जिले में रबी की फसल कटाई का दौर जारी है। जिसके तहत इन दिनों किसानों की तरफ से गेहूं, सरसों व मटर की फसलों की कटाई की जा रही है। 190 पैक्स को गेंहू की खरीदारी के लिए 12.75 करोड़ रुपये की सीसी मिली है लेकिन गेंहू की खरीदारी अभी तक एक किलोग्राम भी नहीं हो पाई है। राज्य सरकार ने किसानों से गेहूं खरीद की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। जिसके तहत राज्य सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये एमएसपी पर गेहूं की खरीद करेगी ।

इसके लिए राज्य सरकार के खाद्य व उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने अपनी पूरी तैयारियां कर ली हैं। एक तरफ जहां गेहूं खरीद केंद्रों की व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है, वहीं गेहूं खरीद प्रक्रिया को किसानों के लिए सरल व पारदर्शी बनाने की भी पूरी व्यवस्था खाद्य व उपभोक्ता संरक्षण विभाग की तरफ से की गई है। फिर भी किसानों ने अभी तक जिले के एक भी पैक्स से एक किलोग्राम गेंहू नहीं बेचा है। जबकि सहकारिता विभाग ने जिले के 190 पैक्स को गेंहू खरीदने के लिए अधिकृत किया है।

गेंहू खरीदारी करने के लिए 190 पैक्सों को 12 करोड़ 67 लाख रुपये का सीसी किया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी अनुपम प्रिंस ने बताया कि अभी किसानों ने किसी भी पैक्स को गेंहू नहीं बेचा है। इसका कारण है कि गेंहू का सरकारी दर से अधिक बाजार में किसानों को मिल रहा है। जिस कारण किसान पैक्स को गेंहू देना नहीं रहे है।

पूर्वी चंपारण में किसानो से 19 हजार 245 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य

पूर्वी चंपारण। जिले में किसानों से गेहूं अधिप्राप्ति के लिए 356 पैक्स व 06 व्यापार मंडल को अधिकृत किया गया है।अधिप्राप्ति के लिए गठिक जिलास्तरीय टास्क फोर्स ने सभी चयनित पैक्स व व्यापार मंडल को 15 जून तक गेहूं के निर्धारित समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल के दर से अधिप्राप्ति करने का निर्देश दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में किसानो से 19 हजार 245 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदने का निर्धाकित किया गया है।समर्थन मूल्य पर एक रैयती किसान से अधिकतम 150 क्विंटल व गैर रैयती (बटाईदार) से 50 क्विंटल गेहूं खरीदने का निर्देश दिया गया है।गेहूँ विक्री के लिए रैयती किसान को स्वघोषणा पत्र देना होगा, जबकि गैर रैयती किसान को स्वघोषणा पत्र के साथ ही किसान सलाहकार या वार्ड सदस्य से सत्यापित आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

पेज एक का शेष

इस्राइल से तनाव के...

एक बयान में बताया गया है कि अमेरिका द्वारा ईरान के ड्रोन कार्यक्रम को सक्षम बनाने वाले 16 व्यक्तियों और दो संस्थाओं पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इनके द्वारा तैयार किए गए ड्रोन का इस्तेमाल 13 अप्रैल को इस्राइल पर हमले के दौरान किया गया था। कुछ दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा था कि अमेरिका ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा। इसके अलावा ब्रिटेन भी ईरान के यूएवी और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों में शामिल कई सैन्य संगठनों, व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रहा है।

आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई- अमेरिका : अमेरिका की ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने एक बयान में कहा कि आज ब्रिटेन के साथ लंबी चर्चा के बाद हमने त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करने का फैसला लिया है। यह फैसला ईरान द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि हम ईरान की इस घातक गतिविधि पर प्रतिबंध लगाने के लिए यह कार्रवाई कर रहे हैं और आने वाले दिनों में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। ईरान के ड्रोन कार्यक्रम के पर रोक लगाने के साथ-साथ अमेरिका द्वारा ईरान के इस्पात उद्योग से जुड़ी पांच कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है। जेनेट येलेन का कहना है कि ईरान का इस्पात उद्योग हर साल कई अरब डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग से जुड़ी कंपनियों द्वारा ही ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को सामग्री प्रदान करने में मदद की जाती है।

इस्राइल-ईरान के बीच तनाव : बता दें कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हवाई हमले में दो जनरलों समेत इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के सात लोग मारे गए थे। इसके जवाब में ईरान ने इस्राइल पर अपना पहला प्रत्यक्ष सैन्य हमला किया था। बड़े पैमाने पर हुए इस हमले में 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था। जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने कई ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया था। इसके बाद इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था अपने लोगों की रक्षा के लिए इस्राइल कोई भी बड़ा कदम उठा सकता है।

चरणप्रीत सिंह की...

चरणप्रीत को मई 2023 में इस मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। बाद में उसे जमानत मिल गई थी। सीबीआई ने दूसरी पूरक चार्जशीट में चरणप्रीत सिंह को आरोपित बनाया था। सीबीआई की दूसरी पूरक चार्जशीट पर कोर्ट ने 10 अगस्त 2023 को संज्ञान लिया था। चरणप्रीत पर आरोप है कि उसने 2022 में गोवा के विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रचार के लिए नकद पैसे का इंतजाम किया था। ईडी ने इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। इस मामले में केजरीवाल और सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को जमानत दी थी। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने केजरीवाल को विगत 21 मार्च को पूछताछ के बाद उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था।

लोकसभा चुनाव...

उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु समेत 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पहले चरण में शामिल 102 लोकसभा सीटों पर बुधवार शाम छह बजे चुनावी शोर थम गया। चुनाव आयोग के लिए भी पहले चरण का चुनाव काफी अहम है, क्योंकि इस चरण में बस्तर, गढ़चिरौली जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों समेत पूर्वोत्तर और मतदान के लिहाज से संवेदनशील लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। कल लोकसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग होने जा रही है। पहले फेज में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा।

शशि प्रकाश और...

इस केस में राम विनोद प्रसाद सिन्हा, पूजा सिंघल, अभिषेक झा, जय किशोर चौधरी, आर के जैन (मृतक) के खिलाफ तीन चार्जशीट पूर्व में दाखिल की जा चुकी है। शशि प्रकाश व सीए सुमन कुमार के विरुद्ध रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में मुकदमा चल रहा है। इसी बीच यह जब्ती की कार्रवाई हुई है।

'तिहाड़ में रोज...

ईडी ने कहा कि हमने कभी नहीं सुना कि टाइप-2 डाइबिटीज से जूझ रहा शख्स इस तरह की चीजें खाए। लेकिन वह रोजाना आलू-पूड़ी, आम और मीठे चीजें खा रहे हैं। ये सब इसलिए किया जा रहा है, ताकि उन्हें जमानत मिल जाए। इस पर कोर्ट ने केजरीवाल के वकील से कहा कि हम जेल से इस पर रिपोर्ट मांगेंगे और आप मुझे उनका पूरा डाइट प्लान दें। इस पर अब कल सुनवाई होगी। इस मामले में अब शुक्रवार को सुनवाई होगी।

केजरीवाल के वकीलों ने कहा : ईडी के इन दावों पर केजरीवाल के वकीलों ने कहा कि ईडी मीडिया के लिए इस तरह के बयान दे रही है। क्या डाइबिटीज से जूझ रहे शख्स को इस तरह का खाना दिया जा सकता है? क्या है पूरा मामला? : अरविंद केजरीवाल डायबिटीज के मरीज हैं। ऐसे में उनके वकीलों ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पहले एप्लिकेशन दायर कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल को डॉक्टर से नियमित कंसल्टेशन देने की मांग की थी। लेकिन अब उनके वकीलों ने ये एप्लिकेशन वापस ले ली है। इसी एप्लिकेशन के विरोध में ईडी ने अदालत के समक्ष ये बातें कही। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इससे पहले ईडी ने उन्हें मामले में पूछताछ के लिए 9 समन जारी किए थे। हालांकि, केजरीवाल किसी भी समन पर पेश नहीं हुए। गिरफ्तारी के बाद लगभग 10 दिन तक केजरीवाल ईडी की कस्टडी में रहे थे। इसके बाद 1 अप्रैल को उन्हें अदालत ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद 15 अप्रैल को कोर्ट ने उन्हें फिर 23 अप्रैल तक की हिरासत में भेज दिया है। फिलहाल अरविंद केजरीवाल 23 अप्रैल तक तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। वहीं, गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी।

सीसीएल 2026 तक...

सीसीएल ने वर्तमान में केवल मिस्ट टाइप के स्प्रिंकलर खरीदने की पहल की है, जो तकनीकी रूप से सामान्य स्प्रिंकलर से बेहतर हैं। इसी प्रकार, धूल नियंत्रण के लिए 27 ट्रॉली माउंटेड फॉग कैनन तैनात किए गए हैं। सोलर पावर प्लांट : सीसीएल ने नेट जीरो कार्बन एमिशन के लिए 2026 तक 425 मेगावाट सोलर पावर प्लांट बनाने का लक्ष्य है। इसमें 20 मेगावाट सोलर प्लांट पिपरवार क्षेत्र में बन रहा है। हरित आवरण वृद्धि के लिए सीसीएल द्वारा वर्ष 2023 में 231 हेक्टेयर से अधिक भूमि में पौधरोपण किया गया है। एक नई पहल के रूप में रजरप्पा क्षेत्र में मियावाकी विधि से पौधरोपण किया गया है।

शिल्पा शेट्टी के ...

जब्त की गई संपत्तियों में जुहू का एक फ्लैट, पुणे का बंगला और राज कुंद्रा के नाम से कई इक्विटी शेयर भी शामिल हैं। ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। ये एफआईआर एम/एस वेरिएबल टेक प्रा. लिमिटेड, अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिंपी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कुछ एजेंट के खिलाफ दर्ज की गई थी। इन एफआईआर में कहा गया है कि इन लोगों ने लगभग 6600 करोड़ रुपये के बिटकॉइन 2017 में झूठे वादों के आधार पर निवेशकों से हासिल किए थे। इस दौरान लोगों से 10 फीसदी के रिटर्न का वादा किया गया था। ये एक तरह की पोंजी स्कीम थी। निवेशकों के साथ भारी धोखाधड़ी की गई थी।

ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि राज कुंद्रा को इस घोटाले के मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन मिले थे। ये बिटकॉइन यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग में निवेश के लिए मिले थे। लेकिन ऐसा कभी हो नहीं पाया और ये बिटकॉइन आज भी कुंद्रा के पास हैं। जिनकी मौजूदा वैल्यू इस समय 150 करोड़ रुपये से ज्यादा है। बता दें कि, 2021 में पोर्नोग्राफी मामले में भी राज कुंद्रा का नाम सामने आया था। इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। उन्हें 19 जुलाई 2021 को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर आरोप था कि वो अडल्ट फिल्में बनाते हैं और उन्हें हॉटशॉट्स नाम के एप के जरिए डिस्ट्रीब्यूट करते हैं। वह 63 दिन जेल में रहे लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।

रैली में आदिवासियों...

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को यह भरोसा दिलाया था कि पूरा इंडिया गठबंधन उनके इस संघर्ष में साथ रहेगा। चुने हुए मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में भेजना झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा को अपने इस षड्यंत्र की इतनी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी कि अब वह विपक्षी दलों को छोड़ने से पहले चार बार सोचने को मजबूर होगी। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया है। जनता सब समझ चुकी है कि यह सारा षड्यंत्र भाजपा ने एक सर्वमान्य युवा आदिवासी मुख्यमंत्री को बदनाम करने के उद्देश्य से संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर कराया है। जनता में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों का गुस्सा आने वाले चुनाव में भाजपा को दिखेगा।

पूर्व सीएम हेमंत...

इन जालसाजों ने रांची व कोलकाता स्थित भू-राजस्व विभाग के सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से यह हेराफेरी व जालसाजी की है। ईडी के अनुसार इनमें से कुछ जमीन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है।

ईडी ने बताया हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने की वजह : ईडी ने जारी प्रेस बयान में जानकारी दी है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को बरियातू रोड की 8.86 एकड़ जमीन की गलत तरीके से हड़पने की कोशिश करने, अपराध की आय प्राप्त करने, रखने व छिपाने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में हेमंत सोरेन व उनके चार अन्य सहयोगियों पर ईडी ने 30 मार्च को चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने उक्त 8.86 एकड़ जमीन को भी अस्थाई रूप से जब्त की थी, जिसकी सरकारी कीमत 31 करोड़ रुपये है।

केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले

अलाप्पुझा (केरल), 18 अप्रैल (वेब वार्ता)। केरल के अलाप्पुझा में 'बर्ड फ्लू' के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के एक क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें 'बर्ड फ्लू' की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से उनका निपटान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारी ने कहा एक त्वरित कार्रवाई बल का गठन किया जाएगा और पशु कल्याण विभाग द्वारा संबंधित तैयारियां जल्द से जल्द पूरी की जाएंगी। जिला प्रशासन ने कहा कि अनावश्यक रूप से घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस बीमारी के इंसानों में फैलने की कोई संभावना नहीं है।

बालाजी की न्यायिक हिरासत 22 अप्रैल तक बढ़ी

चेन्नई। तमिलनाडु में चेन्नई के प्रधान सत्र न्यायालय ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 22 अप्रैल तक बढ़ा दी है। श्री बालाजी को पुझल सेंट्रल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अल्ली के समक्ष पेश किया गया। उनकी न्यायिक हिरासत को बढ़ाते हुए, न्यायाधीश ने पूर्व मंत्री की उस अर्जी को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने इस मामले से खुद को मुक्त करने की याचिका पर दोबारा जिरह शुरू करने की गुहार लगाई है। इस मामले में उनकी ओर से दलील देने की अवधि 22 मार्च को समाप्त हो गई थी। श्री सेंथिलबालाजी को प्रवर्तन निदेशालय ने गत वर्ष जून में हवाला कारोबार के मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने ने निचली अदालत, मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया है। उन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख भी किया, लेकिन उन्हें निचली अदालत से राहत लेने का निर्देश देते हुए अपनी याचिका वापस लेने के लिए कहा गया था।

बेंगलुरु में 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर किया गया हमला, चार गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में राम नवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। उसने बताया कि सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक 'सेकेंड हैंड' दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे 'जय श्री राम' का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे 'जय श्री राम' के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल 'अल्लाहु अकबर' कहना चाहिए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरमान ने उनसे झंडा छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पीड़ितों ने उनका पीछा किया लेकिन वे वहां से भाग गए। आरोपी समीर और फरमान दो नाबालिगों के साथ वापस आए और उन सभी ने पवन कुमार, राहुल और बिनायक के साथ मारपीट की। अधिकारी ने कहा, 'हमारी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वह पीड़ितों को थाने लेकर आयी एवं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।' उन्होंने बताया कि राहुल के सिर पर डंडे से हमला किया गया और बिनायक की नाक की हड्डी में चोट आई है। पुलिस के मुताबिक पवन की शिकायत के आधार पर विद्यारण्यपुरा पुलिस ने भातीय दंड सहिंता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

सलमान के घर फायरिंग मामले में अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी पुलिस

मुंबई। फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हुई फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी। पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के विरुद्ध पर्याप्त सबूत मिलने के बाद उसको सह आरोपित बनाया है। अनमोल विदेश में है और उसने आरोपितों से इंटरनेट कालिंग से बात की थी। महाराष्ट्र पुलिस के सूत्रों ने बताया कि मामले के सह आरोपित अनमोल के कहने पर ही इस मामले के आरोपितों को घटना के एक दिन पहले 13 अप्रैल की रात को आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति की गई थी। इसके बाद 14 अप्रैल को दोनों ने सलमान के आवास के सामने हवाई फायरिंग की थी। जांच में पता चला है कि आरोपित सागर पाल और विक्की गुप्ता अनमोल बिश्नोई से फायरिंग के वक्त भी इंटरनेट कालिंग से बात कर रहे थे। घटना के बाद दोनों आरोपितों ने हथियार फेंक दिया था। पुलिस टीम ने हथियार तो बरामद कर लिया है, हथियार सप्लायर की तलाश कर रही है। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा कि हमले की जिम्मेदारी लेने वाला अनमोल फिलहाल विदेश में है और मामले का सह आरोपित है। पुलिस उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी। इसी बीच मुंबई क्राइम ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की कथित साजिश के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए चार टीमें गठित कर उनको नई दिल्ली, बिहार, गुजरात और राजस्थान भेजा है। इस मामले में पुलिस की क्राइम ब्रांच आरोपित सागर पाल के भाई सोनू पाल से गहन पूछताछ कर रही है। इसके अलावा यह बात भी सामने आई है कि आरोपित सागर पाल अपने भाई सोनू पाल से इंटरनेट कॉलिंग के जरिए बातचीत कर रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी तक सोनू पाल को गिरफ्तार नहीं किया है। सोनू पाल भी हरियाणा में काम करता था। बांद्रा में सलमान के घर पर फायरिंग मामले में हरियाणा से एक और संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे भी पूछताछ जारी है।

बिजनौर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को आग लगने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। घायलों की पहचान सुभाष (45), दीपक (28) और नवेन्द्र (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। इस बीच, दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शहर पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को सुबह 10 बजे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और बारूद में हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने कोतवाली शहर पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली शहर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने भी पानी और मिट्टी से आग बुझाने में मदद की। डीएसपी ने बताया कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में करीब तीन लोग मौजूद थे और वे आग लगते ही बाहर की तरफ भागे, जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है।

फिर एक बार भूकंप से थर्राई कच्छ की धरती, कोई जानहानि नहीं

अहमदाबाद । गुजरात में समय-समय पर भूकंप के झटके महसूस किये जाते रहते हैं7 आज फिर एक बार भूकंप के झटके से कच्छ की धरती थर्रा उठी। दोपहर 1 बजकर 36 मिनट पर कच्छ के खावड़ा में 3.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दोपहर में आए झटके से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है.

राजनाथ ने राहुल पर किया कटाक्ष, कहा अमेठी से चुनाव लड़ने की नहीं है हिम्मत

पत्तनमथिट्टा (केरल), 18 अप्रैल । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि वह 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे इसलिए उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। सिंह ने कहा कि गांधी अपनी हार के बाद उत्तर प्रदेश से केरल पलायन कर गए हैं।

उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कहा, ''मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है।'' सिंह ने कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं ''लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्ष में 'लॉन्च' नहीं हो पाए।''

उन्होंने वायनाड से कांग्रेस सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी की सराहना की और उन्हें अनुशासित तथा सिद्धांतवादी व्यक्ति करार दिया जिसकी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। सिंह ने कहा कि वह एंटनी के इस बयान पर हैरान रह गए कि अनिल एंटनी चुनाव हार जाएं।

सिंह ने कहा,'' मैं जानता हूं कि वह (ए के एंटनी) सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है।'' उन्होंने कहा,'' आप (ए के एंटनी) उन्हें (अनिल) वोट न दें या उनके लिए वोट नहीं मांगे लेकिन आप उनके पिता हैं और इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो।'' केरल में लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे और नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे।

अशांति के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। भाजपा ने जलपाईगुड़ी की एक सभा में ममता द्वारा बोले गए तीन वाक्यों पर आपत्ति जताई है। आयोग को पत्र लिखकर उन वाक्यों के मद्देनजर तृणमूल सुप्रीमो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। भाजपा का आरोप है कि जलपाईगुड़ी सभा में ममता ने वोटरों को हिंसा के लिए उकसाया जो मानक आचार संहिता के विपरीत है। हाल ही में ममता ने जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी में एक जनसभा की थी। उन्होंने कहा था कि वहां कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी कार को निशाना बनाया और 'चोर-चोर' के नारे लगाए। भाजपा की ओर से आयोग को दिए गए पत्र के मुताबिक, इसके बाद ममता ने भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर कहा, 'इतनी हिम्मत, मेरी गाड़ी देखकर कह रहे हैं, चोर-चोर! अगर मुझे मौका मिलता तो मैं जीभ खींच लेती। मैंने वोटिंग के कारण कुछ नहीं कहा। भाजपा ने आयोग को लिखे पत्र में कहा, 'ममता ने स्पष्ट रूप से अपने मन की बात व्यक्त की। उनका कहना है कि वह खुद को रोक रही हैं। उन्होंने जो नहीं कहा वह भी बहुत स्पष्ट है। चुनाव के बाद वह फिर से हिंसा शुरू कर देंगी। मुख्यमंत्री की ऐसी टिप्पणियां घृणास्पद और हिंसक हैं। आचार संहिता के मुताबिक चुनाव से पहले ऐसी कोई बात नहीं कही जा सकती।' जलपाईगुड़ी की सभा से ममता ने नरेन्द्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधा था। कुछ दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री बालुरघाट की सभा में आये थे और दंगाइयों को 'उल्टा लटकाने' की बात कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कूचबिहार की सभा में कहा कि चुनाव के बाद चुन-चुन कर भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेंगे। इसके बाद ममता ने मोदी और अमित शाह के लिए भी ऐसे ही शब्दों का इस्तेमाल किया था जिसे लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई है।

जिस तारीख को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगे हैं उस दिन मैं देश से बाहर था: बृजभूषण

-कुछ बिंदुओं पर जांच कराने की मांग की

नई दिल्ली (एजेंसी)। कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने आज राउज एवेन्यू अदालत में आज एक अर्जी दाखिल करते हुए कहा कि जिस दिन उनके ऊपर महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं उस दिन वह देश से बाहर थे। कोर्ट में आज बृजभूषण के खिलाफ महिला पहलवानों के मामले में आरोप तय करने पर फैसला होना था पर बृजभूषण ने कुछ बिंदुओं पर जांच कराए जाने की मांग को लेकर अर्जी दाखिल कर कुछ बिंदुओं पर बहस करने की मांग की। इस मामले में अब 26 अप्रैल को फैसला आएगा उसी के बाद आरोप तय होंगे।

आज अदालत में बृजभूषण ने अपनी अर्जी में कहा कि जिस तारीख पर एक महिला पहलवान द्वारा कुश्ती महासंघ के दिल्ली कार्यालय में उनपर कथित छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है, उस तारीख पर वह देश से बाहर थे। बृजभूषण ने इस मामले में सबूत के तौर पर अर्जी के साथ पासपोर्ट की कॉपी भी दी है, जिस पर उस तारीख पर इमीग्रेशन की मोहर लगी हुई है। इसी को लेकर उन्होंने दावा किया है कि वह उस समय दिल्ली में नहीं थे।

इसके बाद अदालत ने कहा कि एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से वापस आने के बाद कुश्ती महासंघ के दिल्ली कार्यालय में उसका यौन उत्पीड़न किया गया था पर मगर अभियोजन पक्ष ने उस तारीख पर सीडीआर की कॉपी जमा नहीं की है। इस पर दिल्ली पुलिस ने कहा चार्जशीट पर संज्ञान के बाद बहस के दौरान यह मामला अदलत के सामने बृजभूषण ने नहीं उठाया था पर अब इस मालूमें में देरी के लिए लिए इस मुद्दे को उठाया जा रहा है।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि यह केवल एक तारीख के आरोप को लेर सवाल उठा रहे हैं पर दूसरे आरोपों पर सवाल नहीं उठा रहे। वहीं बृजभूषण के वकील ने कहा कि ओवर साइट कमेटी में दिल्ली की घटना को नहीं बताया गया है। साथ ही कहा कि जिस तारीख यानी 7 सितंबर 22 की घटना का आरोप लगाया जा रहा है, उस तारीख पर बृजभूषण दिल्ली में नहीं थे, अगर दिल्ली पुलिस के पास सीडीआआर है तो वह उसकी रिपोर्ट कोर्ट में जमा करे।

अदालत में बृजभूषण के वकील ने कहा, हमने पासपोर्ट की कॉपी भी लगाई है, जिसमें इमिग्रेशन की मोहर लगी हुई है, अगर दिल्ली पुलिस को इस बिंदु पर जवाब दाखिल करना है तो एक हफ्ते का समय ले ले। हमने यह अर्जी मामले में देरी के लिए नहीं जगायी है। वहीं दूसरी ओर महिला पहलवानों के वकील ने कहा कि यह याचिका मामले में देरी के लिए दाखिल की गई है। इसलिए अदालत को इस अर्ज़ी पर सुनवाई नहीं करनी चहिए। वहीं इसके बाद. सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि वह पहले बृजभूषण द्वारा दाखिल अर्जी का निपटारा करेगा, उसके बाद बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला सुनाएगा। अदालत ने अभी बृजभूषण की अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया है और अब 26 अप्रैल को इस पर फैसला आएगा।

तेजस्वी की सभा में चिराग पासवान को गाली दिए जाने की घटना को बिहार भाजपा अध्यक्ष ने बताया पीड़ादायक

पटना। बिहार के जमुई लोकसभा क्षेत्र में राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान के परिजनों को गाली देने की घटना को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पीड़ादायक बताते हुए भरोसा दिया है कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। पटना में गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि देश के दलितों के मसीहा स्वर्गीय रामविलास पासवान की पत्नी और चिराग पासवान की माताजी को जिस तरह गाली-गलौच राजद द्वारा किया जा रहा है, वह अशोभनीय और पीड़ादायक है। ऐसे लोगों पर जरूर करवाई होगी। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि ऐसे लोगों पर चुन-चुनकर कर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे गाली देने वाले लोग नहीं बचेंगे। उल्लेखनीय है कि बुधवार को जमुई में राजद के नेता तेजस्वी यादव की चुनावी सभा में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और उनके परिवारों को गाली दिए जाने का एक वीडियो वायरल हुआ।

मनमोहन सिंह और नरसिम्हा राव की मोदी सरकार ने खुलकर तारीफ की

नागपुर (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की छवि बेदाग है और वे बेहतर काम करने वालों में शुमार हैं। वे विवादित बयान और अनावश्यक पचड़ों से दूर रहते हैं। केवल काम करते हैं और जनहित पर ध्यान देते हैं। जब जनता के बीच वोट मांगने जाते हैं तो आत्मविश्वास से भरे होते हैं। सीधे तौर पर कहते हैं कि यदि मैंने काम नहीं किया है या किसी के साथ कोई भेदभाव किया है तो मुझे बिलकुल भी वोट मत देना। उनका यही विश्वास उनके विरोधियों के लिए चुनौती खड़ी कर देता है। इस बार भी गडकरी कह रहे हैं कि मुझे जो भी पहचान मिली है, वह नागपुर के लोगों की है। पिछले दस वर्षों में यदि मैंने किसी के साथ कोई भेदभाव किया है या दलितों और मुसलमानों के साथ अन्याय किया है तो मुझे वोट देने की कोई जरूरत नहीं है। यदि मैंने निष्ठा से काम किया है तो कृपया मुझे वोट दें। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लिए यह बेहद खुशी की बात है कि भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण हो गया है। आज हम देशभर में रामनवमी मना रहे हैं। भगवान राम हमारे संस्कृति के प्रतीक है। आज भगवान राम के आशीर्वाद से हमने राम राज्य की स्थापना का संकल्प लिया है।



बता दें कि महाराष्ट्र के 48 संसदीय क्षेत्रों में से एक नागपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी और वर्तमान में नागपुर पश्चिम से विधायक विकास ठाकरे के बीच मुकाबला होगा। गडकरी ने कहा कि यह पूरे देश के लिए बेहद खुशी की बात है कि भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण हुआ है। आज हम पूरे देश में राम नवमी मना रहे हैं। भगवान राम हमारे इतिहास और संस्कृति के प्रतीक हैं, आज भगवान राम के आशीर्वाद से हमने राम राज्य स्थापित करने का संकल्प लिया है। मैं नागपुर के लोगों को अपना परिवार मानता हूं और उन्हें भी ऐसा ही लगता है। मुझे यहां के लोगों से बहुत प्यार मिला है। मंगलवार को नितिन गडकरी ने नागपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए वचन नामा जारी किया। उन्होंने कहा, हमारी योजना नागपुर में जैविक फल, सब्जियां और खाद्यान्न बाजार खोलने की है। गडकरी ने कहा कि मैं अपनी जीत को लेकर 101 प्रतिशत आश्वस्त हूं। इस बार मैं बहुत अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगा। जनता के समर्थन, उनके उत्साह, पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को देखते हुए, मैं 5 लाख से अधिक अंतर से जीतने की पूरी कोशिश करूंगा।

सीएम योगी ने किया श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

गोरखपुर (एजेंसी)। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का विधि विधान से शुभारंभ किया। प्रभु हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान आज से पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे। 18 अप्रैल, गुरुवार से 22 अप्रैल तक होने वाले रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य दरवाजे पर पूजन करते हुए मंडप में प्रवेश किया। इसके बाद वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच वेदी का पूजन हुआ। हनुमत प्राण प्रतिष्ठा 22 अप्रैल को देवालय में की जाएगी। यज्ञ गुरुवार शाम से ही शुरू हो जाएगा। इसके पहले गाजे बाजे के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की अगुवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजन के बीच भीम सरोवर से यज्ञ कलश में जल भरा। भीम सरोवर की परिक्रमा करने के बाद कलश यात्रा यज्ञशाला पहुंची जहां विभिन्न स्थलों पर यज्ञ कलश को विराजमान करवाया गया। यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमान संभालते हुए मुख्य दरवाजे पर पूजा अर्चना के बाद यज्ञशाला के मंडप में प्रवेश किया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में आज पंचांग पूजन किया गया।

लोकसभा चुनाव: अखिलेश को घर में घुसकर घेर रही भाजपा

लखनऊ (एजेंसी)। भाजपा ने दावा किया है कि उसे 370 और एनडीए को 400 सीटें मिलेंगी। इसके लिए पार्टी ऐडीचोटी का जोर लगा रही है। भाजपा अपनी रणनीति के तहत कई दिग्गजों को उन्ही के घर में घेरने की कोशिश कर रही है। पूर्व के चुनावों में भाजपा की कोशिश गैर यादव मतदाताओं को लामबंद करने की रही। इस बार, वह यादव मतदाताओं में भी सेंध को ताकत लगा रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को चुनाव प्रचार में उतारकर वह इसका संकेत दे चुकी है। साथ ही, यादव समाज के नेताओं को पाले में लाने की कसरत हो रही है। मैनपुरी सीट पर तो बसपा ने भी यादव चेहरा उतार सेंधमारी का इरादा साफ कर दिया है। विरोधियों की इस रणनीति से सपा भी बेखबर नहीं। वह अपने वोट बैंक को सहेजने में जुट गई है।

मैनपुरी लोकसभा सीट पर बीते 28 सालों से समाजवादी पार्टी का कब्जा है। आठ बार मुलायम व परिवार के सदस्य ही सांसद बने। मुलायम सिंह के निधन के बाद 2022 में हुए उपचुनाव में डिंपल यादव ने बड़ी जीत हासिल की थी। इस वर्चस्व की बड़ी वजह यादव मतदाताओं की बहुलता को माना जाता है। वर्तमान में 17.87 लाख मतदाताओं वाले इस लोकसभा क्षेत्र में यादव मतदाताओं की संख्या चार लाख बताई जाती है। दूसरे नंबर पर शाक्य मतदाता हैं जो ढाई लाख के आसपास हैं। समाजवादी पार्टी को यादव के साथ अन्य जातियों का वोट भी मिलता रहा है। पूर्व के चुनावों में सपा के विपक्षी दलों ने अन्य जातियों को गोलबंद करने की रणनीति पर काम किया। यादव मतदाताओं में सेंधमारी पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। इस बार भाजपा ने इस कोशिश को ही सबसे आगे रखा है। भाजपा प्रत्याशी स्थानीय विधायक पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के नामांकन में मध्यप्रदेश के मोहन यादव को इसी रणनीति के तहत बुलाया गया था। अब मतदान से पहले तक मोहन यादव के कई दौरे कराने की रूपरेखा बन रही है। साथ ही, सपा से असंतुष्ट यादव नेता व प्रधानों से संपर्क साधा जा रहा है।नामांकन से एक दिन पहले ही भाजपा ने मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक गुरु रहे चौ. नत्थू सिंह के पौत्र धीरज यादव को पार्टी में शामिल कर सुर्खियां बटोरी थीं। अब, करहल और जसवंत नगर से यादव समाज के चेहरों को पार्टी में शामिल कराने की कोशिश हो रही है।एटा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा इस दांव को आजमा रही है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की संख्या 2.75 लाख है। इस बार बड़ी पार्टियों से कोई भी यादव प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं हैं। भाजपा से कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। पिछले चुनावों में यादव सजातियों का समर्थन करते रहे हैं। सपा इस बार टिकट वितरण में इस सीट पर यादव मोह से बाहर निकल आई और देवेश शाक्य को टिकट दिया है। ऐसे में भाजपा अपनी चुनौती को ज्यादा कठिन मान रही है। पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार यादव समीकरणों में बदलाव लाने के लिए भाजपा ने सपा के कई यादव नेताओं को पार्टी में शामिल किया है। दो बार सपा से सांसद रहे कद्दावर नेता कुंवर देवेंद्र सिंह यादव भी भाजपा में आए हैं। इसके अलावा बसपा छोड़कर पूर्व विधायक अजय यादव ने भी भाजपा का दामन थामा है। कुछ ब्लाक प्रमुख एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख भी पार्टी में पहुंचे हैं। भाजपा ने यादव कुनबे में सेंध लगाकर यादव मतदाताओं को सोचने के लिए विवश कर दिया है कि भाजपा यादवों के लिए अछूत नहीं है।

20 साल से लंबित इन दो मामलों की सुनवाई करेगी 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में अभी दो इस तरह के मामले लंबित हैं, जिनकी सुनवाई अब 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ करेगी। ये दोनों मामले 20 साल से भी ज्यादा समय से अदालत में विचाराधीन हैं। सुप्रीम कोर्ट के 70 साल के इतिहास में नौ-न्यायधीशों की पीठकी ओर से दिए गए फैसलों की संख्या बहुत कम है। अदालत ने अब तक केवल 18 नौ न्यायाधीशों की पीठ के फैसले सुनाए हैं। इसमें ज्यादातर मामले मौलिक अधिकारों के दावों के इर्द-गिर्द घूमते हैं। 7 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की संविधान पीठ के सामने चार मामलों की लिस्ट रखी गई थी। अब अदालत को इसमें दो मामलों की सुनवाई करनी है।

यह मामला मुंबई में निजी जमीन मालिकों के बारे में है। वे महाराष्ट्र सरकार की ओर से जर्जर इमारतों को अपने अधिकार में लेकर उनकी मरम्मत करवाने का विरोध कर रहे हैं। मामले में सुप्रीम कोर्ट के सामने मुख्य सवाल यह है कि क्या निजी संपत्ति को सामुदायिक संसाधन माना जा सकता है? क्या सामुदायिक संसाधन के अंतर्गत निजी संपत्ति (जैसे किसी व्यक्ति की फैक्ट्री या जमीन) को भी शामिल किया जा सकता है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39(बी) कहता है कि राज्य की जिम्मेदारी है, कि वह ऐसी नीतियां बनाए जिससे यह सुनिश्चित हो कि सामुदायिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस तरह हो कि सबका भला हो सके। अनुच्छेद 39(ब) राज्य को यह सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने का सुझाव देता है कि देश के संसाधन सभी लोगों के फायदे के लिए वितरित किए जाएं। लेकिन, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इसमें निजी संपत्ति भी शामिल है या नहीं।

मुंबई में बहुत सी पुरानी और जर्जर इमारतें हैं, जिसमें मरम्मत न होने के कारण रहना खतरनाक होता जा रहा है। फिर भी इन इमारतों में लोग किराएदार के रूप में रहते हैं। इन इमारतों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 (एमएचएडीए) के तहत इनमें रहने वालों पर सेस लगाया जाता है। यह पैसा मुंबई भवन मरम्मत और पुनर्निर्माण बोर्ड (एमबीआरआरबी) को दिया जाता है, जो इन सेस वाली इमारतों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के काम को देखता है।

बैंगलोर वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड बनाम ए राजप्पा (1978) केस में भारत में मजदूरों के पक्ष में एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया। सात न्यायाधीशों की बेंच ने औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के तहत उद्योग शब्द की बहुत व्यापक परिभाषा दी। इस परिभाषा के दायरे में कई संस्थाएं और उनके कर्मचारी आ गए जिससे उन्हें कानूनी संरक्षण मिलने लगा। बोर्ड की ओर से हटाए गए कुछ कर्मचारियों ने औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत अपने बकाये का भुगतान पाने के लिए मुकदमा दायर किया था।

लेकिन, बाद के कुछ सालों में इस लेकर अदालतों में असमंजस की स्थिति बन गई। 1996 में सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की बेंच ने बैंगलोर वॉटर सप्लाई वाले मामले के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि सामाजिक वानिकी विभाग को भी उद्योग की परिभाषा के तहत माना जाएगा। लेकिन 2001 में दो न्यायाधीशों की बेंच ने एक अलग नजरिया अपनाया। उनका तर्क था कि वन विभाग राज्य के संप्रभुता से जुड़ा कार्य है और याचिकाकर्ता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह उद्योग की कैटेगरी में क्यों आएगा।

इस तरह दोनों फैसलों में काफी अंतर था जिससे मजदूरों के बीच चिंता पैदा हो गई। इसके बाद उद्योग की परिभाषा पर स्पष्टता लाने के लिए मई 2005 में न्यायमूर्ति धर्माधिकारी की अध्यक्षता में पांच न्यायाधीशों की बेंच ने मामले को नौ न्यायाधीशों की बेंच के पास भेज दिया! तब से ये मामले अदालत में लंबित है।

लखनऊ सुपर जाइंट्स और सीएसके के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

लखनऊ (एजेंसी)। आईपीएल में शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच में जीत से लय हासिल करना चाहेगी। लीग में अच्छी शुरुआत के बाद पिछले दो मैचों में मिली हार से टीम को झटका लगा है। ऐसे में अब वह घरेलू मैदान में जीत से अपने अभियान को पटरी पर लाना चाहेगी।

वहीं सीएसके टीम के पास पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। धोनी अब कप्तान नहीं है पर टीम की रणनीति के पीछे उनकी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा अंतिम ओवर में जिस प्रकार मुम्मई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने तीन छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी उससे भी अंदाजा होता है कि उनकी फिटनेस अब भी शानदार है। इस मैच में सीएसके की दावेदारी इसलिए भी अधिक मजबूत है क्योंकि उसने अपने पिछले दोनो ही मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार हार का सामना झेलनी पड़ी है जिससे उसपर दबाव रहेगा। लखनऊ के बल्लेबाज अब तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, ऐसे में सीएके के गेंदबाजों का सामना करना उनके लिए कठिन रहेगा।

सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है जिसे अंतिम ओवरों में खेलना बेहद कठिन रहता है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान की गेंदबाजी में भी काफी विविधता है। इसके अलावा स्पिनर रविंद्र जडेजा भी प्रभावी रहे हैं।

वहीं लखनऊ की गेंदबाजी युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोटिल होने से कमजोर हुई है। टीम के अनुसार मयंक ने अभ्यास शुरु कर दिया है पर अभी उनका खेलना तय नहीं हैं। अगर वह खेलते हैं तो सीएसके के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी की है। पर विविधता न होने से उन्हें विकेट नहीं मिल पाये हैं। लखनऊ के स्पिनरों के लिए सीएसके के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे को रोकना आसान नहीं होगा। शिवम ने अब तक स्पिनरों के खिलाफ काफी आक्रामक बल्लेबाजी की है। इसके

अलावा टीम के पास अजिंक्य रहाणे और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे जैसे बल्लेबाज हैं। बल्लेबाजी में लखनऊ को प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक से रनों की उम्मीदें रहेंगी। वह पिछले तीन मैचों में अधिक रन नहीं बना पाये हैं। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। ऐसे में उन्हें लाभ के लिए ऊपर भेजा जा सकता है। कप्तान राहुल भी अब तक उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पाये हैं। टीम की ओर से निकोलस पूरन ने आक्रामक बल्लेबाजी की है जिसे वह बरकरार रखना चाहेंगे। देवदत्त पडिक्कल के खराब फार्म से टीम की परेशानी बढ़ी है।

टीम

लखनऊ सुपर जाइंट्स - केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स - रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

रोहित बोले, धोनी नहीं कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाना होगा आसान

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी और दिनेश कार्तिक की जमकर प्रशंसा की है। रोहित ने कहा कि आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए धोनी को वापसी के लिए मनाना संभव नहीं रहेगा क्योंकि वह अब किसी भी हालत में वापस नहीं आयें पर कहा कि कार्तिक को वापसी के लिए मानना आसान होगा। रोहित वानखेड़े स्टेडियम में धोनी की जबरदस्त पारी से प्रभावित हैं जिसमें उन्होंने केवल चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे जिसमें लगातार तीन छक्के शामिल थे। वहीं कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए 83 रन बनाये थे। रोहित ने कहा, मैं कार्तिक की बल्लेबाजी से खुश हूं । जिस तरह से उन्होंने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। ऐसे में कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाया जा सकता है। । कार्तिक ने आरसीबी की ओर से इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में 53 रन बनाए तब रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि उनके दिमाग मे विश्वकप चल रहा है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अकेले ही 83 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज आज से

-पिछली हार का हिसाब बराबर करने उतरेगी पाक टीम

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज आज से शुरु होगी। इस सीरीज में पाक टीम के पास पिछले न्यूजीलैंड दौरे में मिली हार का हिसाब बराबर करने का अवसर है। इसी साल जनवरी में दोनों टीमों के बीच खेले गए 5 मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान को 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों ने अपने दल की घोषणा कर दी है। इस सीरीज में पाक की कप्तानी बाबर आजम जबकि न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी माइकल ब्रेसवेल कर रहे हैं।

पाक और न्यूजीलैंड के पिछली सीरीज में पाक टीम की कप्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी कर रहे थे पर अब शाहीन को पीसीबी ने कप्तानी से हटा दिया है। शाहीन की जगह फिर से आजम को कप्तानी दे दी गयी है। इस सीरीज का पहला मैच आज जबकि दूसरा टी20 20 अप्रैल को जबकि तीसरा 21 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं चौथा टी20 मैच 25 अप्रैल को और पांचवां और आखिरी टी20 27 अप्रैल को खेला जाएगा।

आईपीएल 2024 : दिल्ली कैपिटल्स ने अंक तालिका में लगाई लम्बी छलांग, गुजरात को नुकसान

अहमदाबाद (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच में गुजरात टाइटन्स को 6 विकेट से हराकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। गुजरात अपने नेट रन रेट में गिरावट के साथ एक स्थान गिरकर सातवें स्थान पर आ गया। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे सफल रन-चेज पूरा किया और स्टैंडिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली ने गुजरात को हराकर तालिका में लम्बी छलांग लगाई है। इससे पहले दिल्ली 9वें स्थान पर थी लेकिन गुजरात को हराने के बाद उसे तीन पायदान का फायदा हुआ है। वहीं दिल्ली की नेट रन रेट अभी भी माइनस में है। दिल्ली के 7 मैचों में 3 जीत और चार हार के साथ 6 अंक हैं और उसका नेट रन रेट -0.074 है। गुजारत को इस हार से एक पायदान का नुक्सान हुआ जो पहले छठे स्थान पर थी। दिल्ली के हार के बाद अब गुजरात भी 7 मैचों में 3 जीत और 4 हार के बाद 6 अंकों पर है। लेकिन उनकी रेट रन रेट -0.637 से -1.303 हो गई है जिससे वह तालिका में 7वें स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स वर्तमान में सात मैचों में 12 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है, उसके बाद दूसरे स्थान पर कोलकाता नाइट

राइडर्स (8 अंक) और तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स (8 अंक) हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (8 अंक) चौथे स्थान पर है। इस बीच लखनऊ सुपर जायंट्स (6 अंक) पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स छठे, गुजरात टाइटंस सातवें और पंजाब किंग्स (4 अंक) आठवें स्थान पर हैं। मुंबई इंडियंस (4 अंक) नौवें स्थान पर है और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर स्टैंडिंग (2 अंक) में सबसे नीचे है। दिल्ली बनाम गुजरात मैच की बात करें तो 90 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली ने 8.5 ओवर में 92/4 रन बनाए जिसमें ऋषभ पंत (16*) और सुमित कुमार (9*) नाबाद रहे। गुजरात के गेंदबाजी विभाग के लिए संदीप वारियर ने दो विकेट लिए। शुरुआत में, मुकेश कुमार के तीन विकेटों की मदद से दिल्ली ने गुजरात को 17/3 ओवर में 89 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान 24 गेंदों पर 31 रन की पारी के साथ जीटी के शीर्ष स्कोरर रहे। मैच के बाद बोलते हुए प्लेयर ऑफ द मैच पंत ने कहा, 'खुश होने के लिए बहुत सी चीजें हैं। हमने चैंपियन विचार प्रक्रिया के बारे में बात की और हमारी टीम ने आज दिखाया कि हम उस तरह खेल सकते हैं और यह देखकर वास्तव में खुशी हुई। गेंदबाजी पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ में से एक, यह टूर्नामेंट की शुरुआत है, ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि हम व्यक्तिगत रूप से सुधार कर सकते हैं, मैदान पर आने से पहले एकमात्र विचार प्रक्रिया बेहतर तरीके से आना था, जब मैं जा रहा था तो यही एकमात्र विचार था।'

उन्होंने कहा, 'लक्ष्य का पीछा करने से पहले हमारी एकमात्र बातचीत यह थी - चलो इसे जितनी जल्दी हो सके प्राप्त करें, हमने पहले कुछ रन-रेट अंक खो दिए थे और हमने इसे कवर कर लिया। हम सिर्फ अहमदाबाद में रहना पसंद करते हैं, हम स्टेडियम, यहां के माहौल को पसंद करते हैं। हम यहां और अधिक मैच खेलने के लिए उत्सुक हैं। हम एक-एक करके अपनी जीत का आनंद लेना चाहते हैं और उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं।'

सुपर जॉयंट्स ने मयंक की शीघ्र वापसी के संकेत दिये

मुम्बई (ईएमएस)। अपने पहले ही दो मैचों में आईपीएल इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंककर धूम मचाने वाले लखनऊ सुपर जॉयंट्स के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की टीम में शीघ्र वापसी की उम्मीदें हैं। मयंक चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल पाये थे। वहीं इस सत्र में अपनी तेज रफ्तार से मयंक ने सभी को अपना प्रशंसक बनाया है। लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें मयंक को गेंदबाजी करते हुए देखा गया है। वह चोट की वजह से मयंक दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल सके. मयंक का जो वीडियो आया है उसमें लिखा है, ' फिर से उड़ चला।' मंयक 7 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में केवल एक ओवर गेंदबाजी के बाद दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गये थे उनके पैर में किसी तरह की समस्या हुई और बाद में उन्हें फिजियो के सहारे ग्राउंड से बाहर जाते हुए देखा गया। उन्हें पीठ के निचले हिस्से में तकलीफ हुई थी. करियर के पहले ही दो आईपीएल मैचों में मयंक ने अपनी तूफानी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। वह 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक चुके हैं। इस आईपीएल में सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड मयंक के नाम है। उन्होंने दूसरे ही मैच में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। डेब्यू आईपीएल मैच में मयंक ने 155.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। मयंक यादव ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 3-3 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस आईपीएल में अभी तक 9 ओवर की गेंदबाजी की है। जिसमें उनके नाम 6 विकेट हैं।

टी20 विश्वकप के लिए दिनेश कार्तिक ने भी पेश की दावेदारी

मुम्बई। आगामी टी20 विश्वकप के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को भी एक प्रबल दावेदार बताया जा रहा है। आईपीएल के इस सत्र में कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 35 गेंद पर 83 रन की पारी खेली थी। वहीं इससे पहले मुम्बई इंडियंस के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 53 रन बनाये थे। तब भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि कार्तिक के दिमाग में टी20 विश्वकप चल रहा है। ऐसे में कोई भी उनकी दावेदारी को खारिज नहीं कर सकता है। कार्तिक आईपीएल 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 10वें नंबर पर हैं पर स्ट्राइक रेट के मामले में वह पहले नंबर पर आते हैं। टूर्नामेंट में एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है, जिसने 150 रन से ज्यादा बनाए हों और उसका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा हो। दिनेश कार्तिक ने 7 मैच की 6 पारियों में 75.33 की औसत और 205.45 स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। आईपीएल 2024 में केवल संजू सैमसन ने दिनेश कार्तिक से ज्यादा रन बनाए हैं पर टी20 वर्ल्ड कप में दावेदारी की आती है तो सैमसन की दावेदारी कमजोर पड़ जाती है। इसका कारण ये है कि सैमसन टॉप-3 में बल्लेबाजी करते हैं। भारतीय टीम के पास टॉप-3 के लिए कप्तान रोहित शर्मा समेत कई दावेदार हैं। भारतीय टीम के इस संयोजन में वह विकेटकीपर सबसे ज्यादा फिट होगा जो मध्यक्रम में बल्लेबाजी करता हो। भारतीय टीम संयोजन में इस समय दिनेश कार्तिक के अलावा ऋषभ पंत ही एक बड़े दावेदार हैं। ऋषभ ने आईपीएल 2024 में मिडिलऑर्डर में बल्लेबाजी करते हुए 6 मैच में 32.33 की औसत और 157.72 स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं।

श्रीलंका महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में बनाए कई रिकार्ड

पॉचेफ्सट्रूम (एजेंसी)। श्रीलंका महिला और दक्षिण अफ्रीका की टीम के बीच खेले गए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मुकाबले में कई रिकार्ड बने। इस मैच को जीतने के साथ ही श्रीलंका पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने 300 से अधिक का लक्ष्य पीछा करते हुए हासिल किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रन चेज करते हुए ऐसा कारनामा किया था। श्रीलंका का चार विकेट पर 305 और दक्षिण अफ्रीका का पांच विकेट पर 301 का स्कोर महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में चेज के दौरान दोनों टीमों संयुक्त सर्वाधिक स्कोर है। इससे पहले 2017 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के 374 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 305 रन बनाए थे। चमारी अटापट्टू और लॉरा वुल्फार्ट की जोड़ी पुरुष और महिला दोनों के ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के इतिहास में पहली ऐसी जोड़ी है जिसने एक मैच में 175 से अधिक रनों की पारी खेली है। इन दोनों ने कुल 390 रन

बनाते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दो कप्तानों द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रनों के मामले में विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को भी पीछे छोड़ दिया है। रांची में वर्ष 2014 में दोनों ने नाबाद 139 रनों की पारी खेली थी। नाबाद 195 का चमारी का यह स्कोर महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में लक्ष्य का पीछा करने का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मेग लानिंग के नाम था जिन्होंने वर्ष 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 152 रनों की पारी खेली थी। रन चेज में अब मैक्सवेल नाबाद (201) ही सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने के मामले में चमारी से आगे हैं। चमारी का यह स्कोर तीसरा सबसे बड़ा नाबाद सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी है। वह अब एक से अधिक बार 175 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी हैं। श्रीलंका की महिला टीम ने एकदिवसीय मैच में अब तक कुल 9 शतक लगे हैं और यह सभी शतक चमारी के बल्ले से आए हैं। अब तक केवल दो ही महिला खिलाड़ियों ने एकदिवसीय में चमारी से अधिक शतक लगाए हैं। नाबाद (184) का वुल्फाट का यह स्कोर महिला एकदिवसीय इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है जबकि यह अब हारने वाली टीम की ओर से बनाया गया सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले चमारी ने वर्ष 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 178 रनों की पारी खेली थी। हालांकि उस मैच में उनकी टीम हार गई थी। चमारी और नीलाक्षिका सिल्वा के बीच अवजित 179 रनों साझेदारी महिला एकदिवसीय में पांचवें या उससे नीचे के विकेट के लिए दूसरी बड़ी साझेदारी है। यह श्रीलंका महिला टीम के लिए एकदिवसीय में दूसरी बड़ी साझेदारी भी है। इससे पहले वर्ष 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ इन्हीं दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 190 रनों की साझेदारी बनाई थी।

चैम्पियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी को हराकर रीयाल मैड्रिड सेमीफाइनल्स में पहुंची



मैनचेस्टर । रीयाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4.3 से हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रीयाल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैम्पियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिसे 76वें मिनट में केविन डि ब्रूनी ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1.0 से और औसत के आधार पर 3.2 से हराया।

आईपीएल 2024 : चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, डेवोन कॉन्वे चोट के चलते टूर्नामेंट से हुए बाहर

नई दिल्ली । आईपीएल की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। चोट के चलते कॉन्वे सीजन का एक भी मैच सीएसके के लिए नहीं खेल पाए। सीएसके ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। आईपीएल द्वारा प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसके अनुसार डेवोन कॉन्वे चोट के कारण टाटा आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। पिछले दो आईपीएल सीजन के दौरान सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले कॉन्वे ने 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 924 रन बनाए हैं। इसमें 9 फिफ्टी और 92 नाबाद उच्चतम स्कोर शामिल है। प्रेस रिलीज में आगे लिखा है कि, सीएसके ने टाटा आईपीएल 2024 के शेष मैच के लिए रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है। ग्लीसन ने 6 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है और उनके नाम 9 विकेट हैं। इसके अलावा ग्लीसन ने 90 टी20 खेले हैं और 101 टी20 विकेट चटकाए हैं। उन्हें 50 लाख रुपये की बेस प्राइस के साथ टीम में शामिल किया गया है।

पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में किया शामिल

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं। साक्षी ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के साथ यहां जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। विरोध प्रदर्शन पिछले साल जनवरी में शुरू हुआ। इसके बाद सिंह के खिलाफ यह लड़ाई एक साल तक चली। सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था लेकिन वह आरोपों से इनकार करते रहे हैं। साक्षी ने उस आंदोलन के बारे में कहा, ''यह लड़ाई अब सिर्फ भारत की महिला पहलवानों के लिए नहीं है। यह भारत की बेटियों के लिए है जिनकी आवाज़ बार बार दबा दी गई।'' सिंह के पद छोड़ने के कुछ ही समय बाद उनके करीबी सहयोगी और व्यवसायिक साझीदार संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष चुना गया। संजय सिंह ने जिस दिन डब्ल्यूएफआई की कमान संभाली, उसी दिन साक्षी ने कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

एथलेटिक्स में भारत को लगा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमश- 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट लगी और परीक्षण तथा परामर्श के बाद, यह फैसला किया गया कि मुझे सर्जरी कराने की जरूरत होगी।' श्रीशंकर ने कहा, 'अपने पूरे जीवन में, मेरे अंदर प्रतिकूल परिस्थितयों का सामना करने का साहस रहा है, उन स्थितियों को स्वीकार करना जिसे मैं बदल नहीं सकता। उन चीजोंमें सकारात्मक नतीजा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना जहां मैं कर सकता हूं।'

पिछले साल जून में श्रीशंकर तीसरे स्थान पर रहकर डाइमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय बने थे। हालांकि वह बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग दौर से बाहर होने से निराश थे लेकिन हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर जोरदार वापसी की। श्रीशंकर ने कहा, 'जिंदगी अजीब पटकथाएं लिखती है और कभी-कभी इसे स्वीकार करने और आगे बढ़ने में साहस होता है। मैं यही करूंगा।'

उन्होंने कहा, 'मेरी वापसी का सफर उसी क्षण शुरू हो गया जब मेरे घुटने में चोट लगी। यह रास्ता लंबा, कठिन होने वाला है और मेरे से बहुत कुछ छीन लेगा।' बॉस्केटबॉल के दिग्गज कोबे ब्रायंट को अपना आदर्श मानने वाले श्रीशंकर ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है। मैं इससे निपट लूंगा क्योंकि मांबा मानसिकता का यही मतलब है।'

शब्द 'माम्बा मानसिकता' लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार की जीवन और प्रतिस्पर्धा के प्रति मानसिकता और सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

चीन में आयात और निर्यात मेले में वर्लपूल वाशिंग मशीन को देखते हुए लोग। इस मेले में करीब 200 उत्पादों को पेश किया गया।

भारत में डेमलर अगले छह महीने में अपना पहला ई-ट्रक पेश करेगी

- डेमलर ने साल 2023-24 के दौरान भारत में 21,231 वाणिज्यिक वाहन बेचे

नई दिल्ली ।

डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स (डीआईसीवी) अगले छह से 12 महीने के भीतर भारत में अपना पहला इलेक्ट्रिक ट्रक ई-कैंटर पेश करने की योजना बना रही है। ई-कैंटर की इस शुरुआत के साथ ही जर्मनी की यह कंपनी भारत में हल्के ट्रक वाली श्रेणी में भी प्रवेश करेगी। डीआईसीवी ने एक बयान में कहा इलेक्ट्रिक इस ई-कैंटर की भारत के बाजार में शुरुआत दीर्घावधि में अपने संपूर्ण वाहन पोर्टफोलियो को डीकार्बोनाइज करने की दिशा में उठाया गया कंपनी का पहला कदम है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार डेमलर ने साल 2023-24 के दौरान भारत में 21,231 वाणिज्यिक वाहन बेचे और पिछले साल की तुलना में 23.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह देश के कुल वाणिज्यिक वाहन उद्योग में नजर आई वृद्धि से कहीं अधिक थी। भारत में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले साल के मुकाबले 4.82 प्रतिशत बढ़कर 10.07 लाख हो गई। जर्मनी की यह कंपनी अपने नए ट्रकों और बसों को यूरोप, जापान और अमेरिका में साल 2039 तक और वैश्विक स्तर पर साल 2050 तक कार्बन-न्यूट्रल करने का प्रयास कर रही है। डीआईसीवी पहले ही एक बड़े भारतीय समूह

के साथ गठजोड़ में भारतबेंज हाइड्रोजन फ्यूल सेल कॉन्सेप्ट कोच विकसित कर चुकी है। कंपनी ने कहा भविष्य में डीआईसीवी विभिन्न उपयोगिता श्रेणियों में ट्रक पेश करेगी जो लंबी दूरी, खनन, निर्माण, पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट), डंपर, आरएमसी तथा विभिन्न माल ढुलाई और इलाके की आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे।

गूगल ने फिर की कर्मचारियों की छंटनी

- कुछ कर्मचारी भारत समेत अन्य देशों में भेजे जाएंगे

वाशिंगटन ।

अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल फिर अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल के रियल एस्टेट और वित्त विभागों की कई टीमों के कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित वित्त टीमों में गूगल ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशन्स शामिल हैं। इतना ही नहीं, गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने अपने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन में बंगलुरू, मैक्सिको सिटी और डबलिन में विकास का विस्तार शामिल है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, क्योंकि कंपनी ने निवेश बढ़ाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पेशकश की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में कर्मचारियों से नौकरियों में कटौती किए जाने को लेकर पहले ही बता दिया था।

यमुना प्राधिकरण की टीम जापान के टोक्यो शहर पहुंची

- मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए जुटाएगी निवेश

नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क बना रही है। जिसके लिए देश-विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियां निवेश करने में अपनी रुचि दिखा रही है। इस दौरान यमुना प्राधिकरण की एक टीम जापान के टोक्यो शहर में पहुंची है। जहां पर मेडटेक शो नाम का एक आयोजन किया जा रहा है, इसमें यमुना प्राधिकरण ने अपना भी स्टॉल लगाया है। जहां पर कई विदेशी कंपनियां मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने की इच्छा जाहिर कर चुकी हैं। यमुना प्राधिकरण की यह टीम 20 अप्रैल तक टोक्यो में रहेगी। उत्तर प्रदेश सरकार यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित कर रही है। डिवाइस पार्क में निवेश प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के डेलिगेशन जापान के टोक्यो शहर में आयोजित मेडटेक शो में हिस्सा लेने पहुंचा है। उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण अनिल कुमार सागर के नेतृत्व में डॉक्टर अरुण वीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण तथा सलाहकार संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा जापान में 17 अप्रैल से 20 अप्रैल 2024 तक आयोजित इस मेडटेक में प्रतिभाग किया जा रहा है। इस आयोजन के पहले दिन ही 17 अप्रैल को मेडिकल डिवाइस पार्क के स्टॉल पर जापान की प्रतिष्ठित एवं विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विजिट किया और मेडिकल डिवाइस पार्क के संबंध में जानकारी ली। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मेडिकल डिवाइस पार्क की विशेषताओं एवं उत्तर प्रदेश सरकार या भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं इंसेंटिव आदि के संबंध में विजिटर्स को बताया गया। प्राधिकरण के स्टॉल पर जापान की निम्न महत्वपूर्ण कंपनियों व संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी पहुंचे। जिनमें पोश वेलनेस लेबोरेटरी आईएनसी, शिमाने यूनिवर्सिटी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, डिपार्टमेंट ऑफ इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन, सौसकु मेडिकल, जापान फेडरेशन ऑफ मेडिकल डिवाइस एसोसिएशन, सिलिकॉन वैली वेंचर, बी डॉट मेडिकल आईएनसी, इंटरनेशनल मेडिकल केयर एक्सचेंज एसोसिएशन और टोयोटा फॉर्म आदि कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई है।

ईपीएफओ ने पैसे निकालने के नियमों में किया बदलाव

नई दल्ली ।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने करोड़ों पीएफ विड्रॉल के नियमों में नया बदलाव किया है। इससे इलाज के लिए पीएफ से पैसे निकालना आसान हो गया है। ईपीएफओ का यह बदलाव पैराग्राफ 68जे के तहत ऑटो क्लेम प्रोसेसिंग (ऑटो विड्रॉल) की लिमिट को लेकर है। ईपीएफओ ने इस संबंध में 16 अप्रैल को एक सर्कुलर जारी कर बताया कि पहले जहां पैराग्राफ 68जे के तहत पीएफ से पैसे निकालने की लिमिट 50 हजार रुपए थी, उसे अब बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। यानी अब अगर कोई ईपीएफओ सब्सक्राइबर अपने पीएफ अकाउंट से मेडिकल जरूरतों के लिए 1 लाख रुपए तक की निकासी के लिए आवेदन देता है तो उसकी प्रोसेसिंग ऑटो मोड में हो जाएगी। पहले ऑटो प्रोसेसिंग की सुविधा सिर्फ 50 हजार रुपए तक के क्लेम के लिए थी यानी अब ईपीएफओ के सब्सक्राइबर मेडिकल जरूरतों के लिए आसानी से ज्यादा पैसों की निकासी कर सकते हैं। ईपीएफओ प्राइवेट सेक्टर के करोड़ों कर्मचारियों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड को मैनेज करता है, जिनमें ईपीएफ और ईपीएस आदि शामिल हैं। पीएफ में कंट्रीब्यूट करने वाले सभी सब्सक्राइबर को कुछ जरूरत पड़ने पर पैसे निकालने की सुविधा मिलती है, जैसे कोई कर्मचारी अगर अचानक से बेरोजगार हो जाता है यानी उसकी नौकरी चली जाती है, ऐसे में फॉर्म-19 के तहत आवेदन कर पीएफ से पैसे निकाले जा सकते हैं। कर्मचारियों को नौकरी जाने के अलावा मकान खरीदने, मकान बनाने, मकान की मरम्मत कराने, शादी-विवाह, बच्चों

की पढ़ाई आदि जैसी जरूरतों के लिए भी पीएफ से पैसे निकालने की सुविधा मिलती है। एक ऐसी ही जरूरत खुद के या डिपेंडेंट के इलाज भी है। इसके लिए पैराग्राफ 68जे के तहत पीएफ से एडवांस विड्रॉल किया जा सकता है। इसमें अगर सब्सक्राइबर या डिपेंडेंट एक महीने से ज्यादा अस्पताल में भर्ती रहते हों या टीबी, लेप्रोसी, पैरालिसिस, कैंसर, मेंटल इलनेस, हर्ट की कोई बीमारी आदि से पीड़ित हों तो 68जे के तहत क्लेम किया जा सकता है।

पेमेंट एग्रीगेटर के लिए नियमों का मसौदा जारी

अपने प्लेटफॉर्म पर पूरा कर सकेंगे कारोबारियों के लिए केवायसी

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेमेंट एग्रीगेटर (पीए) के लिए विनियमन प्रारूप तय किया है। इसके अंतर्गत पीए जोखिम के प्रबंधन के लिए अपने प्लेटफॉर्म पर कारोबारियों के लिए जानें अपने ग्राहक (केवायसी) को पूरा कर सकेंगे। मंगलवार को जारी दिशानिर्देश में छोटे व मध्यम कारोबारियों के लिए केवायसी प्रक्रिया का खाका तैयार किया गया है। इसमें कहा गया है कि पीए को संपर्क बिंदु सत्यापन (सीपीवी) करने और उस बैंक खाते का विधिवत सत्यापन करने की आवश्यकता होगी जिसमें छोटे कारोबारियों के कोष का निपटान किया गया है। इस प्रारूप के मानदंडों के अनुसार फिजिकल मर्चेंट के तहत पांच लाख रुपये सालाना से कम फेस टू फेस लेन देन करने वाले है और ये वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) के अंतर्गत छोटे कारोबारी के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। आरबीआई ने कहा है कि मध्यम व्यापारियों के लिए पीए सीपीवी का संचालन करेंगे। पीए मालिक, लाभकारी मालिक या वकील रखने वाले व्यक्ति का एक आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज़ (ओवीडी) भी प्राप्त और सत्यापित करेगा। उन्हें व्यवसाय के एक ओवीडी को सत्यापित करना आवश्यक होगा।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का मुनाफा मार्च तिमाही में 19 फीसदी बढ़ा

मुंबई । निजी क्षेत्र की प्रमुख साधारण बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुनाफा 18.9 प्रतिशत बढ़कर 520 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने हाल ही में जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की जानकारी दी। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 437 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। बीमा कंपनी का समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में मुनाफा 11 प्रतिशत बढ़कर 1,929 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,729 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय (जीडीपीआई) 22 प्रतिशत बढ़कर 6,073 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले के 4,977 करोड़ रुपये की तुलना में 9.5 प्रतिशत अधिक है। मार्च तिमाही में कंपनी का बीमा दावों पर संयुक्त अनुपात 104.2 प्रतिशत की तुलना में 102.2 प्रतिशत पर आ गया जबकि समूचे वित्त वर्ष में यह अनुपात 103.3 प्रतिशत रहा।अर्जित प्रीमियम पर होने वाले खर्च और दावों से होने वाले नुकसान का अनुपात संयुक्त अनुपात कहा जाता है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2024-25 में इस अनुपात को 102 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

अल्टम क्रेडो ने जी3 पार्टनर्स व अन्य से जुटाए 332 करोड़

मुंबई । अल्टम क्रेडो ने वित्त पोषण चक्र में जी3 पार्टनर्स तथा अन्य से चार करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 332 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। जी3 पार्टनर्स और निवेशक ओइकोक्रेडिट ने वित्त पोषण चक्र का नेतृत्व किया। कंपनी ने एक बयान में कहा गया कि सीरीज सी चक्र में ताजा इक्विटी में 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर और सीरीज ए में निवेशकों के लिए 1.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। पुणे मुख्यालय वाली कंपनी प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़ाने के लिए नई पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। मार्च 2024 तक कंपनी की एयूएम 830 करोड़ रुपये थी। बयान के अनुसार प्रमुख निवेशकों के अलावा ब्रिटेन के ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट और मौजूदा निवेशक आविष्कार कैपिटल, एमिकस कैपिटल और पीएस पाई और परिवार ने भी नवीनतम वित्त पोषण चक्र में हिस्सा लिया।

टैलब्रोस की संयुक्त उद्यम कंपनी को मिला 1,000 करोड़ का ठेका

नई दिल्ली । टैलब्रोस ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स की संयुक्त उद्यम कंपनी को यूरोपीय मूल की कंपनी से करीब 1,000 करोड़ रुपये का एक ठेका हो सिल हुआ है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इसे चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही से शुरू करके अगले आठ वर्षों की अवधि में पूरा करना है। यह ठेका कंपनी की संयुक्त उद्यम कंपनी मारेली टैलब्रोस चेसिस सिस्टम्स (एमटीसीएस) को मिला है। एमटीसीएस को पिछले साल विभिन्न उत्पाद खंडों में 980 करोड़ रुपये के ठेके मिले थे।

फ्रेसेनियस काबी ने अमेरिका में नैटको फार्मा पर दर्ज कराई शिकायत

नई दिल्ली । नैटको फार्मा के डायजेपाम इंजेक्शन प्रीफिल्ड सिरिंज के विपणन को लेकर फ्रेसेनियस काबी ने अमेरिका की एक जिला अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। नैटको फार्मा ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि फ्रेसेनियस काबी यूएसए, एलएलसी और फ्रेसेनियस काबी डॉयचलैंड जीएमबीएच ने अमेरिका में डैश फार्मास्यूटिकल्स के डायजेपाम इंजेक्शन प्रीफिल्ड सिरिंज के विपणन के संबंध में डेलावेयर के जिला न्यायालय में नैटको फार्मा यूएसए एलएलसी के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। डैश फार्मास्यूटिकल्स एलएलसी का नैटको फार्मा इंक द्वारा अधिग्रहण करने के बाद इसका नाम बदलकर नैटको फार्मा यूएसए एलएलसी कर दिया गया था। कंपनी ने बताया कि फ्रेसेनियस ने अभी तक शिकायत की शर्तें पूरी नहीं की है जो मुकदमा शुरू करने के लिए आवश्यक है। नैटको फार्मा तदनुसार अपना पक्ष रखेगी।

अडानी ने अंबुजा सीमेंट में और बढ़ाई हिस्सेदारी

नई दिल्ली ।

अदाणी ग्रुप के मालिकाना हक वाली सीमेंट और भवन निर्माण सेक्टर की प्रमुख कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने बताया कि कंपनी के प्रमोटर अदाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी का निवेश किया है। इस निवेश के साथ ही अदाणी परिवार ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 3.6 फीसदी से बढ़ाकर 70.3 फीसदी कर ली है। शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने बताया कि अदाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर, 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च, 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। ताजा निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की वारंट योजना को सब्सक्राइब कर लिया है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक इस निवेश से अंबुजा को अपनी मौजूदा क्षमता को 31 दिसंबर तक 76.1 मिलियन टन से 2028 तक लगभग दोगुना करके 140 मिलियन टन प्रति वर्ष करने के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को तेज करने में मदद मिलेगी। बार्कलेज बैंक पीएलसी, एमयूएफजी बैंक, मिजुहो बैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने लेनदेन के लिए सलाहकार के रूप में काम किया। शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने कहा कि ताजा निवेश क्षमता विस्तार में मदद करने के अलावा, पूंजीगत व्यय को कम करने, परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाने के साथ-साथ संसाधनों और आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता लाने सहित विभिन्न रणनीतिक पहलों को भी पूरा करने में मदद करेगा। यह इनोवेशन और उत्पाद वृद्धि को भी बढ़ावा देगा।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी ही बिकवाली हावी होने से आई है। मध्य पूर्व में इजराइल और ईरान के बीच तनाव से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती है।

आज कारोबार के दौरान बैंकिंग शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव पड़ा। आईटी शेयरों में भी कुछ में ही बढ़त रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.69 अंक करीब 0.62 फीसदी नीचे आकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 72,365.67 और 73,473.05 के बीच में कारोबार हुआ।

दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 152.05 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी नीचे

आकर दिन के अंत में 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 21,961.70 और 22,326.50 के बीच में कारोबार हुआ इससे पहले आज सुबह श्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। बाजार में करीब बीते 3 कारोबारी दिनों में बिकवाली का माहौल था पर गुरुवार को बाजार में खरीदारी देखने को मिली। बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स करीब 300 अंक उछलकर 73,200 के पार पहुंच गया है। वहीं निफ्टी में भी 100 अंक ऊपर 22250 के पार कारोबार देखा गया है। बुधवार को रामनवमी के मौके पर बाजार बंद था। इससे पहले मंगलवार को ईरान-इजराइल युद्ध से बाजार गिरा था।

मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के कारण इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 456 अंक कमजोर हुआ। वहीं निफ्टी में भी 124 अंक की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक बाजारों में स्मॉलकैप की मांग थी। एनएसई पर स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि मिडकैप इंडेक्स कारोबार के उतार-चढ़ाव भरे दिन के बाद 0.1 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8-8.3 फीसदी रह सकती है: पीएचडी चैंबर

- जीडीपी 6.7 प्रतिशत बढ़कर 2047 तक 34,700 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली । उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8.0 से 8.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उद्योग मंडल ने कहा कि देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अगले 23 साल तक औसतन 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और 2047 तक इसके 34,700 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उस समय तक प्रति व्यक्ति आय 21,000 डॉलर होगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि देश में वृद्धि के लिहाज से बुनियाद मजबूत है। इसके साथ हमारा चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 8.0 से 8.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 2035 के बाद वृद्धि दर उच्चस्तर से धीरे-धीरे नीचे आएगी और औसतन यह अगले 23 साल 6.7 प्रतिशत रहेगी। उद्योग मंडल ने एक रिपोर्ट में देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सुझाव दिए। पीएचडी चैंबर ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापार करने की लागत को कम करने और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों), सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बड़े स्तर पर क्षमता बढ़ाने की सिफारिश की है। साथ ही सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया है। इसके अलावा, स्टार्टअप परिवेश को निरंतर सहयोग देने का आह्वान किया है। निर्यात के लिए क्षमता बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। इसके तहत वैश्विक व्यापार में निर्यात मात्रा बढ़ाने के लिए संभावित 75 उत्पादों पर ध्यान देने की बात कही गई है। उद्योग मंडल ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए सुधार उपायों का भी सुझाव दिया है।

भारती एयरटेल श्रीलंका परिचालन ने डायलॉग एक्सियाटा से किया समझौता

नई दिल्ली । दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल शेयर अदला-बदली सौदे के जरिए अपने श्रीलंका परिचालन का डायलॉग एक्सियाटा के साथ विलय करेगी। संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में एयरटेल श्रीलंका का कारोबार 294 करोड़ रुपये था। यह भारती एयरटेल के कुल कारोबार का 0.21 प्रतिशत था। बयान में कहा गयो कि डायलॉग एक्सियाटा पीएलसी, एक्सियाटा ग्रुप बरहाद (एक्सियाटा) और भारती एयरटेल लिमिटेड ने श्रीलंका में अपने परिचालन को संयोजित करने के लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि समझौते के तहत श्रीलंका स्थित दूरसंचार कंपनी डायलॉग एयरटेल श्रीलंका में जारी किए गए शेयरों में से 100 प्रतिशत का अधिग्रहण करेगा। इसके बदले डायलॉग, भारती एयरटेल को साधारण वोटिंग शेयर जारी करेगा, जो शेयर अदला-बदली के माध्यम से डायलॉग के कुल जारी किए गए शेयर का 10.355 प्रतिशत होगा। डायलॉग की शुरुआत श्रीलंका में 17 अगस्त 1993 को की गई थी। एक्सियाटा ग्रुप बरहाद के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि डायलॉग और एयरटेल श्रीलंका के बीच विलय एक्सियाटा की बाजार समेकन तथा लचीलेपन की रणनीति के अधीन है। डायलॉग एक्सियाटा के 1.7 करोड़ से अधिक और एयरटेल श्रीलंका के 50 लाख से अधिक ग्राहक हैं।

पालकी में बैठाय के भगवान राम के कराल गेलक नगर भ्रमन

सुकुरहुट्टू में होलक डोल मेला

रांची। रांची जिला कर कांके परखंड कर सुकुरहुट्टू गांव में रामनवमी डोल मेला कर आयोजन बिरसपतिवार के करल गेलक। ई अवसर में पालकी में बैठाय के भगवान राम कर प्रतिमा के नगर भ्रमन कराल गेलक। रामनवमी कर एक दिन बाद गांव में डोल मेला लगाएक कर परंपरा आहे। इकर में बिभिन्न गांव कर दर्जनों मंडली भाग लेलयं। आवाल भक्तमन मेला टांड़ लेगल श्री राम लला कर दरसन कइर के उनकर आसिरबाद लेलयं।

इकर बाद अस्त्र - सस्त्र प्रतिजोगिता आयोजित करल गेलक। खिलाड़ीमन लाठी, तलवार आदि से खेल कर परदरसन करलयं। बिजेतामन के पुरस्कृत आउर सम्मानित करल गेलक।

भगवान के पालकी में बैठाय के नगर भ्रमन कराल गेलक। उनकर पालकी कर पाछे-पाछे मंडली में सामिल भक्त झंडा, तलवार आदि लेइ के नाचते गाते सामिल होलयं।इकर पहिले मेला कर उद्घाटन मुध गोतिया राज्ययसभा सांसद आदित्य साहू, बिसिस्ट गोतिया बिधायक समरी लाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, अनिल टाइगर, अध्यछ राजकुमार महतो, हरिनाथ साहू, कमलेश राम, चंदन बैठा, सुरेश कुमार बैठा, मदन महतो आदि करलयं।

देर सांझ तक सांस्कृतिक कार्जक्रम प्रस्तुत करला गेलक। इकर आयोजन श्री श्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति सुकुरहुट्टू बट से करल जाए रहे। आयोजन में अध्यछ राजकुमार महतो, विनोद साहू, सचिन दास गोस्वामी, हरेकृष्ण महतो, अंजय बैठा, सतीश महतो, नागेंद्र महतो, शिव कुमार संतोषी, राम लखन मुंडा, प्रभात भूषण, पुरुषोत्तम गोस्वामी, ऊनिल महतो, राजेंद्र महतो, रूपलाल महतो, शत्रुघ्न महतो, शालिग्राम महतो, सीता राम मुंडा आदि कर जोगदान रहे।

जेसीआई रांची रामनवमी कर उपलछ में लगालक सेवा सिबिर

रांची। जेसीआई रांची रामनवमी कर उपलछ में सेवा सिबिर लगालक। दिन कर सुरुआत महावीर चौक में झंडा पूजन कइर के करल गेलक। इकर बाद दिन से हे सर्जना चौक कर नजिक कैंप में राम भक्तमन कर बीच तरबूज़, सरबत, चिप्स एवं आइसक्रीम कर बितरन करल गेलक।हजारों कर संख्या में मौजूद सउब राम भक्तमन कर स्वागत करल गेलक। समय-समय में जय श्री राम कर नारा से माहौल बनते हे दिसत रहे। संस्था कर सदस्य, महिलाएं आउर छउवामन कर मौजूदगी में सउब झांकीमन कर जोरदार स्वागत करल गेलक।कार्जक्रम कर संचालन आदित्य जालान, सुमित केडिया, पीयूष सरावगी आउर रजत साबु ने करलयं। रामभक्तमन कर सेवा ले जेसीआई रांची कर एंबुलेंस भी राखल रहे। मौका में जेसीआई रांची कर अध्यछ विक्रम चौधरी, मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, दामोदर अग्रवाल, अभिषेक केडिया, मनीष रामसिसरिया, अमित खोवाल, नीरज पोद्दार, नवीन गरोड़िया, संजय शर्मा आदि मौजूद रहयं।

ओडिशा तट में स्वदेसी तकनीक से बनल क्रूज मिसाइल कर उड़ान कर सफल परीछन

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान आउर विकास संगठन ओडिशा कर तट में एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से स्वदेसी तकनीक से बनल क्रूज़ मिसाइल कर उड़ान कर 18 अप्रैल, 2024 के सफल परीछन करल गेलक। परीछन कर दौरान प्रछेपास्त्रा कर सउब उप-प्रनालीमन आसानुरूप परदरसन करलक।

मिसाइल कर परदरसन कर निगरानी ले एकीकृत परीक्षण रेंज-आईटीआर बिभिन्न स्थानमन में रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रनाली (ईओटीएस) आउर टेलीमेट्री जइसन कतई रेंज सेंसर लगाए रहे। भारतीय वायुसेना कर एसयू-30-एमके-I बिमान द्वारा प्रछेपास्त्र कर उड़ान में भी नजइर राखल गेलक।

मिसाइल मार्गदर्सक समुद्री प्रनाली कर उपजोग कइर के लछित पथ कर अनुसरन करलक आउर बहुत कम ऊंचाई वाला समुद्री-स्किमिंग उड़ान कर प्रदरसन करलक। ई सफल उड़ान परीछन गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिस्ठान (जीटीआरई), बेंगलुरु द्वारा बिकसित स्वदेसी संचालन प्रनाली कर बिश्वसनीय प्रदरसन के भी स्थापित कइर हे।

बेहतर आउर बिश्वसनीय परदरसन सुनिश्चित करेक ले प्रछेपास्त्र उन्नत एवियोनिक्स आउर सॉफ्टवेयर से भी लैस हेके। ई प्रछेपास्त्र के अन्य प्रजोगसालामन आउर भारतीय उद्योग कर जोगदान कर संगे बेंगलुरु इस्थित रक्षा अनुसंधान आउर विकास संगठन प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान बट से बिकसित करल जाय हे। परीछन कर दौरान बिभिन्न रक्षा अनुसंधान आउर बिकास संगठन प्रजोगसालामन के कई बरिस्ठ वैज्ञानिकमन संगे इकर निर्मान में भागीदार प्रतिनिधि भी मौजूद रहयं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्वदेसी तकनीक से बनल क्रूज़ मिसाइल कर सफल उड़ान-परीछन ले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के बधाई देइ हयं। ऊ कहलयं कि स्वदेस संचालित लंबा दूरी कर सबसोनिक क्रूज मिसाइल कर सफल बिकास भारतीय रक्षा अनुसंधान आउर बिकास कर एक गो प्रमुख उपलब्धि हेके।

रक्षा अनुसंधान आउर विकास विभाग कर सचिव आउर डीआरडीओ कर अध्यछ डॉ. समीर वी कामत स्वदेसी तकनीक से बनल क्रूज़ मिसाइल लॉन्च कर सफल आयोजन उपरे रक्षा अनुसंधान आउर विकास संगठन कर पूरा टीम के बधाई देलयं।

65 गो बिद्यार्थीमन मतदाता सूची में दर्ज करुवालयं आपन नाव

रांची। गोस्सनर कॉलेज परिसर में चुनाव आयोग 10 दिन कर कैंपेन चलालयं। इकर में 65 गो बिद्यार्थीमन मतदाता सूची में आपन नाव दर्ज करुवालयं। कार्जक्रम कर उद्घाटन गोस्सनर कॉलेज कर प्राचार्या श्रीमती इलानी पूर्ति करलयं।

प्राचार्या कहलयं कि मतदान हर बेक्ति के करेक चाही। ई हमिन कर लोकतांत्रिक आधार हेके। मतदान कर जरिए हमिन सही उम्मीदवार के चुन सकिला, जे देस के तरक्की कर दने लेइ जाए।

मौका में नोडल ऑफिसर डॉ. एस.के. सिन्हा आउर एन.एस.एस. ऑफिसर अनिता अंजू खेस, अनुभा दीप, सूरज रजक, आशा केरकेट्टा संगे अन्य बिद्यार्थी मौजूद रहयं।

मतदाता जागरुकता को लेइ के वाहन के डीसी झंडी दिखाए के करलयं रवाना

चाईबासा। जिला समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी हरी झंडी दिखाए के टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र, जीपीएस, ध्वनि बिस्तारक यंत्र युक्त वाहन के रवाना करलयं। मौका में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर संगे-संगे उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर सुश्री रीना हंसदा, सहायक समाहर्ता सुश्री श्रुति राजलक्ष्मी कर द्वारा वीआर यंत्र पिंध के निर्वाचन से संबंधित फिलिम के देखाल गेलक। वाहन नियमित रूट चार्ट कर अनुसार सिंहभूम लोकसभा छेतर में घूइम-घूइम के मतदातामन के 13 मई के मतदान करेक ले प्रेरित करी। वाहन टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र, जीपीएस, ध्वनि बिस्तारक यंत्र से सुसज्जित हेके। इकर प्रयोग कइर के मतदातामन के मतदान कर प्रति प्रेरित करल जाई।

हर्स आउर उल्लास से मनाल गेलक बासंती चैती दुर्गा पूजा महोत्सव

बोकारो। चास धीवर समिति केवट पाड़ा पुराना बाजार में हर्सोल्लास से बासंती चैती दुर्गा पूजा महोत्सव मनाल गेलक। बिफे के गाजा-बाजा कर संगे भोलूर बांध में नव पत्रिका आउर कलस बिसर्जन करलयं। बिसर्जन कर पहिले जनीमन सिंदूर लगाए के एक-दूसर के बिजया दसमी कर बधाई देलयं। इकर संगे सिंदूर खेइल के नम आंइख से मांय दुर्गा के बिदाई देलयं। सदा सुहागिन कर आसीर्वाद मांगलयं।चास ग्रामीन छेतर कर कालापत्थर, चिकसिया संगे अन्य जगह में बारी बिसर्जन कर संगे पूजा कर समापन होलक। चिकसिया में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कर दन से नवमी कर राइत में माता कर जागरन कर आयोजन करल गेलक। ई दौरान माता कर भजन में श्रद्धालु राइतभर झूमलयं।

बासंती चैती दुर्गा पूजा महोत्सव कर मौका में बारी बिसर्जन कर दौरान महिला-पुरुस ढाक कर ताल आउर डीजे कर धुन में खूब नाचलयं। बिसर्जन कर बाद श्रद्धालुमन कर बीच महाप्रसाद खीर व खिचड़ी कर बितरन करल गेलक। एकादसी में सुक्रवार कर सांझ में गाजा-बाजा कर संगे माता कर प्रतिमा कर बिसर्जन करल जाई। इकर में ढेइरे अदमीमन कर अहम जोगदान रहे।

आयोजन के सफल बनाएक में विश्वनाथ धीवर, संतोष धीवर, बैधनाथ धीवर, मागू धीवर, जयदेव धीवर, रामू धीवर, मदन धीवर, गंगा धीवर, माणिक धीवर, गौरीनाथ धीवर, दिलीप धीवर, उत्तम धीवर, जगन्नाथ धीवर, अश्वनी धीवर, लखन धीवर, संगे अन्य अदमीमन कर जोगदान रहे।

चास ग्रामीन छेतर कर कालापत्थर, चिकसिया संगे अन्य जगहा में बारी बिसर्जन कर संगे जाए के संपन्न होलक। चिकसिया में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कर दन से नवमी के माता जागरन का आयोजन करल जाए रहे। माता कर भजन में श्रद्धालु राइत भइर झूमलयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com